राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 30 मई 2026
वर्ष 07, अंक 233, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

TET अनिवार्यता पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से निराशा...03

युद्धपोत देख भड़का चीन, लड़ाकू जहाज से नेवी को घेरा...12

# अब टीवी पर हर घंटे सिर्फ 12 मिनट विज्ञापन, दिल्ली HC ने नियम रखा बरकरार

● दिल्ली हाई कोर्ट ने ञ्जक्रष्ठ्र के उस नियम को बरकरार रखा है, जिसके तहत टीवी चैनलों पर प्रति घंटा 12 मिनट से ज्यादा विज्ञापन नहीं दिखाए जा सकते

● कोर्ट ने ब्रॉडकास्टर्स की याचिकाओं को खारिज कर दिया, जो इस नियम को चुनौती दे रहे थे

● इस फैसले से चैनलों, खासकर न्यूज और फ़्री-टू-एयर चैनलों की वित्तीय स्थिरता पर असर पड़ सकता है, जो विज्ञापन आय पर निर्भर हैं




दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) के उस नियम को सही ठहराया, जिसमें टेलीविजन पर विज्ञापन की समय सीमा 12 मिनट प्रति घंटा तय की गई थी. जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और अमित महाजन की डिवीजन बेंच ने कई ब्रॉडकास्टर्स की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें विज्ञापनों पर समय की सीमा को चुनौती दी गई थी।

हालांकि अभी मामले में विस्तारित आदेश की कॉपी का इंतजार है. गौरतलब है कि दिसंबर 2013 में, दिल्ली हाई कोर्ट ने TRAI को चैनलों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोक दिया था।

आपको बता दें कि ये मामले एक दशक से ज्यादा समय से पेंडिंग थे क्योंकि इनमें TRAI के 2013 में लाए गए रेगुलेशन को चुनौती दी गई थी। इस रेगुलेशन के तहत हर घंटे चैनलों पर सिर्फ 10 मिनट के कमर्शियल विज्ञापन और 2 मिनट का सेल्फ-प्रमोशनल कंटेंट दिखाया जा सकता था. ब्रॉडकास्टर्स ने इस कदम का विरोध किया, उनका कहना था कि इससे टेलीविजन नेटवर्क, खासकर न्यूज और फ्री-टू-एयर चैनलों की फाइनेंशियल सस्टेनेबिलिटी को खतरा है, जो विज्ञापन से होने वाली कमाई पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

**TRAI की 12 मिनट टीवी विज्ञापन सीमा बरकरार**

कई जनरल एंटरटेनमेंट चैनल, न्यूज ब्रॉडकास्टर और रीजनल टेलीविजन नेटवर्क ने केबल टेलीविज़न नेटवर्क रूल्स, 1994 के रूल 7(11) और TRAI के 2012 और 2013 के रेगुलेशंस को चुनौती दी, जिसमें हर घंटे 10 मिनट के कमर्शियल एडवर्टाइजमेंट और दो मिनट के सेल्फ-प्रमोशनल कंटेंट की लिमिट तय की गई थी

ब्रॉडकास्टर्स ने तर्क दिया कि हर घंटे की लिमिट संविधान के आर्टिकल 14 और 19 के तहत उनके अधिकारों का उल्लंघन करती है, और कहा कि एडवर्टाइजिंग रेवेन्यू टेलीविजन चैनलों, खासकर फ्री-टू-एयर और रीजनल ब्रॉडकास्टर के बने रहने के लिए जरूरी है।

**ब्रॉडकास्टर्स की अपील खारिज**

न्यूज ब्रॉडकास्टर ने दावा किया कि इस रोक का सीधा असर आर्टिकल 19(1)(a) के तहत सुरक्षित कमर्शियल स्पीच पर पड़ता है, जबकि रीजनल चैनलों ने कहा कि इस लिमिट से उनकी फाइनेंशियल वायबिलिटी को खतरा है. हालांकि, कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज कर दिया और कहा कि रेगुलेशंस का मकसद कंज्यूमर्स के लिए देखने के एक्सपीरियंस की क्वालिटी को बेहतर बनाना था।

बेंच ने कहा कि टेलीविजन व्यूअर्स रियल टाइम में एडवर्टाइज़मेंट नहीं छोड़ सकते थे और बहुत ज्यादा रुकावटों से ऑडियंस के इंटरेस्ट पर बुरा असर पड़ता था. इसने कहा कि 12 मिनट की लिमिट एक कोड-बेस्ड नॉर्मेटिव स्टैंडर्ड थी जिसका मकसद कमर्शियल इंटरेस्ट और कंज्यूमर वेलफेयर के बीच बैलेंस बनाना था।

बेंच ने आखिर में फैसला सुनाया, 'कानून की ऊपर बताई गई स्थिति और इस मामले के फैक्ट्स और हालात को देखते हुए, ये पिटीशन खारिज की जाती हैं. TRAI द्वारा पास किए गए 2012 के रेगुलेशन का रेगुलेशन 3, जो 1994 के रूल 7 (11) को लागू करता है, जिसे यहां चुनौती दी गई है, संविधान के आर्टिकल 14 और 19 के तहत दिए गए अधिकारों को पूरा करने में नाकाम रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होगी नीट पेपर लीक की जांच

● 'युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं'– सुप्रीम कोर्ट




**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए जांच की निगरानी खुद लेने का संकेत दिया है। अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि एजेंसी 2024 के मामले से कोई सबक नहीं ले पाई। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, एन टी ए और सी बी आई को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

**कोर्ट की मुख्य टिप्पणियांः** 'यह बेहद दुखद है कि एन टी ए ने सबक नहीं लिया। हमने पहले आदेश दिए, कमेटी बनाई, सिफारिशें स्वीकार कीं और मॉनिटरिंग कमेटी भी गठित की गई, फिर भी लीक हुआ। युवाओं को इस तरह निराश नहीं किया जा सकता।' कोर्ट ने एन टी ए को 28 मई (गुरुवार) तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें 2024 की मॉनिटरिंग कमेटी (अध्यक्षः डॉ. के. राधाकृष्णन) की सिफारिशों पर अमल की स्थिति स्पष्ट करनी होगी। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

**पृष्ठभूमि और घटनाक्रम** नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई 2026 को देशभर में 5,000+ केंद्रों पर आयोजित हुई थी, जिसमें 22.79 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के तुरंत बाद राजस्थान के सीकर और अन्य स्थानों से पेपर लीक के आरोप लगे। एक 'गेस पेपर' वायरल हुआ, जिसमें केमिस्ट्री और बायोलॉजी सेक्शन के सैकड़ों प्रश्न असली पेपर से मैच कर गए।

12 मई 2026 को एन टी ए ने परीक्षा रद्द कर दी और CBI को जांच सौंपी। अब पुनर्परीक्षा 21 जून 2026 को प्रस्तावित है। सी बी आई ने कई गिरफ्तारियां की हैं, जिनमें मास्टरमाइंड और इंटरस्टेट नेटवर्क शामिल बताए जा रहे हैं।

**याचिकाकर्ताओं की मांगें** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशंस समेत कई याचिकाओं में मुख्य मांगेंः

- NTA को भंग कर नई स्वायत्त संस्था गठित की जाए, जो संसद के अधिनियम से बनी हो।

- पुनर्परीक्षा पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश की निगरानी में हाई-पावर्ड कमेटी के तहत हो।

- परीक्षा को पूर्ण रूप से कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) में बदलना, डिजिटल लॉकिंग और साइबर सुरक्षा मजबूत करना।

- CBI से 4 सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट।

**NTA और सरकार पर दबाव**

2024 के पेपर लीक मामले के बाद सुप्रीम कोर्ट ने राधाकृष्णन कमेटी गठित की थी, जिसकी सिफारिशों में बेहतर सुरक्षा, तकनीकी अपग्रेडेशन और पारदर्शिता शामिल थी। कोर्ट ने आज साफ कहा कि इन पर अमल नहीं हुआ, जो चिंताजनक है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और NTA पर विपक्षी दलों ने इस्तीफे की मांग की है। छात्रों और अभिभावकों में गुस्सा चरम पर है– कई जगहों पर प्रदर्शन हो रहे हैं।

**विशेषज्ञों की राय**

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बार-बार पेपर लीक से मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता और मेरिट पर सवाल उठ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी से प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन लंबे समय में NTA का पुनर्गठन जरूरी है। सरकार ने सुरक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठकें की हैं। प्रस्ताव है कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा में आर्म्ड फोर्सेस की मदद ली जाए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ब्रालकों के सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य विषय पर आयोजित किया गया शिविर

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के की सचिव अनिशा के मार्गदर्शन में तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम राही के पंचायत भवन में सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य विषय पर विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस शरीर में पराविधिक स्वयंसेवक पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों को बताया गया कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए माता-पिता को घर और बाहर दोनों जगह सतर्क रहना चाहिए उन्हें अपना नाम पता और फोन नंबर याद करवाते हुए अनजान लोगों से सावधान रहना के तरीकों के सम्बन्ध में समय-समय पर बातचीत करते रहना चाहिए। इसके अतिरिक्त जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बच्चों को गुड टच और बैड टच के प्रति जागरुक करते हुए इंटरनेट और ऑनलाइन गेम के सीमित उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस जागरुकता कार्यक्रम में पंचायत सेक्रेटरी द्वारा बताया गया कि अपने बच्चों को सही शिक्षा दे जिससे उनका भविष्य अच्छा बन सके। पराविधिक स्वयंसेवक अजीत कुमार, पंचायत सेक्रेटरी अविनाश चंद्र सोनकर, रोजगार सेवक विनोद कुमारी, सफाई कर्मचारी जग प्रसाद एवं ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।

### यूपी में अपनी मर्जी से पोस्टपेड या प्रीपेड मीटर चुन सकेंगे उपभोक्ता

**लखनऊ।** विद्युत नियामक आयोग ने प्रीपेड अथवा पोस्ट पेड स्मार्ट मीटर के चयन को लेकर चल रहे विवाद पर विराम लगा दिया है। शुक्रवार को जारी किए गए आदेश में आयोग ने स्पष्ट किया है कि विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 47(5) के तहत उपभोक्ताओं के पास अपने विद्युत कनेक्शन पर पोस्टपेड अथवा प्रीपेड मीटर में से किसी एक को चुनने करने का अधिकार रहेगा। इस आदेश से अब बिजली कंपनियां किसी भी उपभोक्ता पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव नहीं बना सकेंगी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में 16 अप्रैल को स्मार्ट प्रीपेड मीटर से ही नए कनेक्शन दिए जाने तथा उपभोक्ताओं के पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बिजली कंपनियों के निर्णय के विरुद्ध लोक महत्व का प्रस्ताव दाखिल किया था।

# विनेश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, एशियाड के ट्रायल्स में भाग लेने की दी इजाजत; WFI को झटका

» भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने उन्हें 30-31 मई को होने वाले एशियन गेस 2026 के चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को एशियन गेम्स 2026 चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह राहत दी। इससे पहले भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें विनेश फोगाट को ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे शामिल थे, ने मामले की सुनवाई करते हुए विनेश फोगाट के पक्ष में फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि इस स्तर पर उन्हें ट्रायल्स से बाहर करना उचित नहीं होगा।

पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, 'अगर यह कोई और खिलाड़ी होती तो मामला अलग हो सकता था। उन्होंने देश का नाम रोशन किया है।' डब्ल्यूएफआई की ओर से पेश वकील को संबोधित करते हुए अदालत ने आगे कहा, 'आज इस स्तर पर, जब हाई कोर्ट आदेश दे चुका है, उम्मीदें और अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। अब उन्हें यह कह देना कि वापस घर जाइए क्योंकि हम कुछ नहीं कर सकते, यह उचित नहीं होगा। हम आपको यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहे हैं।'

सुनवाई के दौरान पीठ ने WFI की ओर से पेश वकील से कहा, 'आज इस स्तर पर, जब हाई कोर्ट आदेश दे चुका है, उम्मीदें और अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। अब उन्हें यह कह देना कि वापस घर जाइए और हम कुछ नहीं कर सकते, यह उचित नहीं होगा। हम आपको यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहे हैं।' कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद विनेश फोगाट के ट्रायल्स में हिस्सा लेने का रास्ता साफ हो गया।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 22 मई को दिए गए आदेश में विनेश फोगाट को 30 और 31




मई को होने वाले एशियन गेम्स चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। हाई कोर्ट ने माना था कि WFI की चयन नीति मातृत्व अवकाश के बाद लौटने वाली खिलाड़ियों की परिस्थितियों को ध्यान में नहीं रखती। अदालत ने कहा था, 'अपीलकर्ता (विनेश फोगाट) को एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाती है।'

हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि ट्रायल्स की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए और उनकी निगरानी भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) तथा भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के स्वतंत्र पर्यवेक्षक करें।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट को राहत दी, लेकिन अदालत ने इस मामले में बार-बार न्यायिक हस्तक्षेप पर चिंता भी जताई। जस्टिस नरसिम्हा ने सुनवाई के दौरान कहा, 'यह मेडिकल कॉलेज में दाखिले का मामला नहीं है। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों का मामला है। अदालतें इस तरह हस्तक्षेप कर पूरे कार्यक्रम को प्रभावित नहीं कर सकतीं।' सुप्रीम कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई की याचिका पर विनेश फोगाट से जवाब भी मांगा है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

# सीएमओ आजमगढ़ ने किया स्वास्थ्य विभाग के तृतीय श्रेणी कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन का खंडन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/आजमगढ़।** स्वास्थ्य विभाग के तृतीय श्रेणी कर्मचारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय आजमगढ़ के सामने 20 मई 2026 को संप्रेक्षा अधिकारी पर वसूली करने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया गया था। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आजमगढ़ द्वारा उक्त धरने का पूर्णतया खंडन करते हुए मुख्य संप्रेक्षा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ को लिखित पत्र द्वारा जानकारी दी गई। सीएमओ आजमगढ़ ने पत्र में जानकारी दी की विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित उक्त खबर एवं फोटोग्राफ भ्रामक एवं असत्य है तथा यह भी लिखा की समाचार पत्रों में प्रकाशित फोटोग्राफ में दिखाई दे रहे व्यक्ति और उनके नाम में समानता नहीं है उक्त व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग में ना तो कार्यरत हैं और ना ही इन व्यक्तियों से संप्रेक्षा से कोई सरोकार है।

इस संबंध में विभिन्न समाचार पत्रों में जो ज्ञापन दिए जाने की तिथि 20 मई 2026 दर्शाई गई है, इस तिथि को किसी अधीनस्थ कर्मचारियों/ अधिकारियों द्वारा अधोहस्ताक्षरी अथवा अधीनस्थ अधिकारी गण को ना तो कोई ज्ञापन दिया गया है और




ना ही किसी भी प्रकार का कोई धरना प्रदर्शन किया गया। क्योंकि इस दिवस को अधो हस्ताक्षरी स्वयं व अन्य अधिकारी गण कार्यालय पर ही उपस्थित थे। विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर पूरी तरह असत्य एवं निराधार है। इस प्रकार की भ्रामक खबर का प्रकाशित होना किसी आंतरिक षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है। सीएमओ आजमगढ़ ने मुख्य संप्रेक्षा अधिकारी को यह भी जानकारी दी कि आप द्वारा गठित संप्रेक्षा दल के मात्र दो सदस्य कपिल देव एवं नीरज कुमार उपस्थित हुए।19 मई 2026 के पत्र में निर्देश में गठित संप्रेक्षा दल के तीन में से केवल दो संप्रेक्षक ही उपस्थित हुए, संप्रेक्षा दल में नामित तीसरे संप्रेक्षक धनंजय राम उपस्थित नहीं हुए। खबर अभी और भी बाकी है खबर का शेष भाग........अगले दिन के अंक में.......

# पॉक्सो केस में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को सुप्रीमकोर्ट से राहत, हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका खारिज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में अग्रिम जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी की याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा, ''माफ कीजिए, हम इसमें हस्तक्षेप नहीं करेंगे।''

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 25 मार्च को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में अग्रिम जमानत दी थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने प्रथम सूचनाकर्ता और दोनों आरोपियों (स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य) को इस मामले में मीडिया के सामने कोई बयान देने से रोक दिया था।अदालत ने दोनों को जांच में सहयोग करने का निर्देश भी दिया था। यह मामला प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है, जो पॉक्सो अदालत के निर्देश पर दर्ज की गई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने कई 'बटुकों' (युवा शिष्यों) का यौन शोषण किया।

# पत्रकार विपिन बिहारी को मिली जान से मारने की धमकी, साथियों ने ज्ञापन देकर की एफआईआर दर्ज करने की मांग

» गौ सेवा उपाध्यक्ष महेश शुला के खिलाफ कड़ी सी कार्रवाई की मांग की गई तथा जिससे पत्रकार को न्याय मिल सके भविष्य में कोई पत्रकार को करने और गाली देने जैसा व्यवहार नहीं कर पाएगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केशिवनगर तुर्कहिया मोहल्ला निवासी मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार विपिन बिहारी त्रिपाठी और उनके परिवार को गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शुक्ला ने गड्ढा खोदकर उसमे दफन करने की धमकी दी है। घटना से नाराज पत्रकारों ने नेशनल प्रेस क्लब के बैनर तले असि. कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर न्यायोचित कार्यवाही की मांग किया है। मिली जानकारी के अनुसार विपिन बिहारी त्रिपाठी ने अपनी बैनामाशुदा जमीन पर मकान का मलबा गिरा रखा था, जिसे देखकर महेश शुक्ला आग बबूला हो गये और उनके दरवाजे पर चढ़कर अपने समर्थकों के साथ गाली गलौज और मारपीट की। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमे महेश शुक्ला को गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुये सुना जा सकता है। महेश शुक्ला के पास सत्ता की ताकत है, उन्हे न्याय या अपना हक पाने के लिये गैर कानूनी रास्ता नही अख्तियार करना चाहिये था।

पत्रकार और उनका परिवार गलत था तो पुलिस अधीक्षक से कहकर मुकदमा दर्ज करा देते। इतने ऊंचे संवैधानिक पद पर होने के बावजूद महेश शुक्ला ऐसा कदम उठा सकते हैं तो आम आदमी से कानून का सम्मान करने की उम्मीद कैसे की जाये। ज्ञापन मे मांग की गई है कि सम्बन्धित प्रकरण मे जांच कराकर महेश शुक्ला के खिलाफ सुसंगत धाराओं मे आपराधिक मुकदमा पंजीकृत कराकर न्यायोचित कार्यवाही करायें, जिससे समाज मे यह संदेश जाये कि कानून सभी के लिये बराबर है और न्याय सभी के लिये उपलब्ध है चाहे वह कोई खास हो या आम। इससे पहले दर्जनों की संख्या मे ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे पत्रकारों का ज्ञापन लेने से जिलाधिकारी ने मना कर दिया।



कहा गया कमिश्नर को जाकर दे दीजिये। यह दूसरा मामला था जब पत्रकारों का ज्ञापन लेने से जिलाधिकारी ने इनकार कर दिया। नाराज पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट पर प्रशासन के विरोध मे नारेबाजी की और वहां से कमश्निर कार्यालय कूच कर दिया। असि. कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता समझते हुये कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। नेशनल प्रेस क्लब ने डीएम के इस कृत्य की निंदा की है और दबाव मे कार्य करने का आरोप लगाया है।उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, संरक्षक अशोक श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, सोहन सिंह, धनंजय श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, विपिन बिहारी त्रिपाठी, विवेक कुमार त्रिपाठी, मो. कासिफ, जितेन्द्र यादव, वसीम अहमद, विवेक कुमार गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रत्नेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक कुमार गौतम, रियाज अहमद, अवधेश कुमार सोनकर, कमलेश सिंह, जमीर अहमद, पारसनाथ मौर्या, राजकुमार शुक्ला, इमरान अहमद अंसारी, अब्दुल कलाम, शम्भूनाथ गुप्ता, मो. टीपू, माहेताब आलम, मो. कलीम, मो. रिजवान, रहमान, अमृतलाल, मनोज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## तेज तूफान का कहर : कई पेड़ धराशायी, ट्रांसफार्मर व पोल गिरे, बिजली व्यवस्था ठप



**बलरामपुर।** तेज हवाओं और बारिश के कारण कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ गिर गए, वहीं बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर भी धराशायी हो गए। इससे विद्युत व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। जरवा कोतवाली के ठीक सामने स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) कोइलाबास बेस कैंप तथा रामपुर वन विश्राम भवन के पास पेड़ और बिजली के पोल गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रातभर अंधेरा छाया रहा और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज तूफान के दौरान कई स्थानों पर सड़क मार्ग भी अवरुद्ध हो गए, जिससे आवागमन प्रभावित रहा। पचपेड़वा संवाददाता के अनुसार बघेलखंड पेरा पुल के पास तेज आंधी के चलते विरंजन जायसवाल के नवनिर्मित मकान की लगभग 70 फुट लंबी दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज हवा के झोंकों के कारण दीवार अचानक धराशायी हो गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल रहा। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से क्षति का आकलन कर प्रभावित परिवारों को सहायता दिलाने की मांग की है। वहीं मौसम खराब होने की आशंका को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील भी की गई है।

## फोंगाई गांव में गूंजा भक्ति का स्वर, हवन-पूजन के बाद हुआ विशाल भंडारा



**पचपेड़वा/बलरामपुर।** विकासखंड पचपेड़वा अंतर्गत ग्राम पंचायत भुसहर पुराई के गांव फोंगाई में दिनांक 28 मई 2026 दिन गुरुवार को गुरुजी के शिष्यों द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परम पूज्य संत श्री श्री आसाराम बापू जी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, वंदना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कराया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन युवा समाजसेवी एवं आरएसएस सीमा जागरण मंच के खंड युवा प्रमुख विजय पाल प्रजापति के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्ति गीतों एवं जयघोषों से गांव का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूजन एवं हवन सम्पन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन एवं श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## ग्राम पंचायत पैकोलिया में लाखों के घोटाले का आरोप, ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

**बस्ती।**बस्ती जिले की विक्रम जोत ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पैकोलिया में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के गबन और अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने महिला ग्रामप्रधान कंचनलता पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में सड़क, नाली, खड़ंजा सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए सरकारी बजट निकाला गया, लेकिन धरातल पर कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। गांव निवासी रिंकू, मुन्ना, जितेंद्र और विनोद ने बताया कि पंचायत में कई कार्य केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि गांव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायत में हुए विकास कार्यों की सही तरीके से जांच कराई जाए तो बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना कार्य कराए ही सरकारी धन का भुगतान किया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायत में कराए गए सभी विकास कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि जांच होने पर सरकारी धन की रिकवरी के साथ कई अनियमितताओं का खुलासा संभव है। मामले को लेकर गांव में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में लंबे समय से भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। अब देखना यह होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और जांच के बाद क्या कार्रवाई सामने आती है।

# टीबी अस्पताल में ए गुप्ता गायब रहने सेटीबी क्लीनिक एक वर्ष से चल रहा बन्द मुझे दर-दर पर भटकने को मजबूर

● जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 ए0 के 0 गुप्ता के चलते ओपीडी की नही कट रही पर्चा

●उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 ए0 के 0 चौधरी भी ड्यूटी से चल रहे गायबमीडिया टीम के पड़ताल मे जिला क्षय रोग अधिकारी , उप जिला क्षय रोग अधिकारी व जिला कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश चतुर्वेदी की कुर्सी मिली खाली




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिला क्षय रोग अधिकारी बस्ती डा0 ए0 के0 गुप्ता की मनमानी डियूटी से टीबी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है जिससे टीबी मरीज उधर उधर भटकने को मजबूर है अर्थात जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 ए0 के 0 गुप्ता लगातार डियूटी से गायब रहते है । टीबी अस्पताल में टीबी क्लीनिक का कार्य लगभग एक वर्ष से बन्द है और टीबी क्लीनिक में ओपीडी का पर्चा भी एक बर्ष से नही कट रहा है । एक वर्ष से ओपीडी का पर्चा न कटने के कारण टीबी मरीजों को टीबी रोग से सम्बंधित स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पा रही है जो स्वास्थ्य विभाग पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है । आपको बता दें कि टीबी अस्पताल में टीबी मरीजों को दो तरीके से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती है जिसमें पहला टीबी मरीजों का टीबी क्लीनिक में ओपीडी की पर्ची कटती है और ओपीडी में तैनात डाक्टरों के द्वारा प्रतिदिन टीबी के मरीजों का इलाज किया जाता है । दूसरा टीबी मरीजों को टीबी चिकित्सालय में भर्ती करा कर इलाज किया जाता है । टीबी अस्पताल में कार्यरत एक पुजारी सिंह नाम का कर्मचारी ने बताया कि टीबी क्लीनिक में ओपीडी की पर्ची लगभग एक वर्ष से नही कट रही है । ओपीडी की पर्ची कटने व इलाज की जिम्मेदार जिला क्षय रोग अधिकारी डा 0 ए0 के 0 गुप्ता, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 ए0 के 0 चौधरी व जिला कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश चतुर्वेदी की है लेकिन इन्हीं जिम्मेदारों की लापरवाही से टीबी क्लीनिक पूरी तरह धराशाई हो गई है । जहां एक तरफ भारत सरकार द्वारा टीबी मुक्त देश बनाने का प्रयास किया जा रहा है वही दूसरी तरफ जिला क्षय रोग अधिकारी, उप जिला क्षय रोग अधिकारी व जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा बस्ती जिले में टीबी युक्त जिला बनाने में जुटे हैं । इस प्रकार स्पष्ट है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम की लापरवाही से टीबी अस्पताल में तैनात अधिकारी व कर्मचारी मनचाहा डियूटी करने में मस्त है । जिला क्षय रोग अधिकारी के कक्ष में टूटी फूटी कुर्सिया रखी हुई है और पर्ची कटने वाले केबिन में व्हील चेयर रखा हुआ है एवं चारो तरफ कूड़ा पसरा हुआ है । मीडिया पड़ताल में जिला क्षय रोग अधिकारी, उप जिला क्षय रोग अधिकारी व जिला कार्यक्रम समन्वयक की कुर्सी खाली मिली । इस सम्बंध में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ए. के. गुप्ता से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा लेकिन जिला क्षय रोग अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया । उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ए. के. चौधरी ने बातचीत में मीडिया टीम से कहा कि टीबी अस्पताल से हमारा कुछ लेना देना नहीं है वही जिला कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि हम फील्ड में है । अब देखना यह है कि उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही होती है ?

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया में मरीज कोबाहरी दवा लिखा जा रहा है कमीशन केखेल, में मरीज परेशान

● ग्रामीण जनता कई बारिश की शिकायत सीएमओ बस्ती को दिया गया लेकिन जनता की समस्याओं को ना ध्यान देते हुए ना तो किसी डॉक्टर पर कार्रवाई हुई और ना ही जनता को अस्पताल से मिल रही है दवाई गरीब मरीज परेशान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ चुका है इसे रोक पाना सीएमओ बस्ती की बस की बात नहीं है क्योंकि लगभग जिले में 70% सी एच ओ गायब रहते हैं जिले में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवा बाहर से लिखी जा रही है सरकारी दवा दुकानों पर बेचा जा रहा है और वही दवा डॉक्टर लिखते हैं फिर कमीशन के साथ रकम उनका बना हुआ है ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया में मरीजों को बाहर की दवाएं लिखे जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र के कई मरीजों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में उपलब्ध सरकारी दवाओं के बजाय डॉक्टर बाहरी मेडिकल स्टोर की दवाएं लिख रहे हैं, जिससे गरीब मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल परिसर के आसपास कुछ मेडिकल संचालक हमेशा सक्रिय रहते हैं और डॉक्टरों द्वारा लिखी गई पर्चियां मरीजों से लेकर उन्हें अपनी दुकानों पर दवा खरीदने के लिए भेजते हैं। लोगों का आरोप है कि यह पूरा मामला कमीशनखोरी से जुड़ा हुआ है। मरीजों का कहना है कि सरकार द्वारा अस्पतालों में मुफ्त इलाज और दवा उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि अस्पताल में सामान्य दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद बाहर की कंपनियों की दवाएं लिखी जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच सही तरीके से कराई जाए तो पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकती है। लोगों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के कलेक्टेऊट सभागार में उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जनपद के व्यापारी एवं उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों से प्रशासन को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि उद्योगों की स्थापना एवं संचालन में आने वाली बाधाओं को प्राथमिकता पर दूर किया जाय, जिससे जनपद में निवेश को प्रोत्साहन मिल सकें तथा रोजगार के अवसर बढें। बैठक में विद्युत, सड़क एवं जलनिकासी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, जाम, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण सहायता योजना की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निवेश मित्र पर विभागवार लम्बित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होने संबधित विभाग को निर्देशित किया कि प्रकरण का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाय। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। बैठक का संचालन उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर उपेन्द्र यादव एवं उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप ने किया। इसमें सीडीओ सार्थक अग्रवाल, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, डीएचओ अरूण कुमार त्रिपाठी, डीपीआरओ धनश्याम सागर, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी अवधेश कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता, क्षेत्राधिकारी पुलिस, चेम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष अशोक सिंह, इण्डस्ट्रियल डेवलपमेण्ट एसोसीएशन के अध्यक्ष अनिल सिंह रैकवार, चेम्बर्स आफ कामर्स के महासचिव एस.सी. शुक्ला, मनोज सिंह, राकेश सिंह, डा. प्रदीप सिंह सहित संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत रामगढ़ उर्फ कठार जंगल में अन्नपूर्णा भवन का हुआ भव्य उद्घाटन

● अन्नपूर्णा भवन बनने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलेके कप्तानगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामगढ़ उर्फ कठार जंगल में आज अन्नपूर्णा भवन का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन कार्यक्रम में एपीओ कृष्णा तिवारी ने फीता काटकर भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भवन ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। ग्राम विकास अधिकारी उदितांशु शुक्ल ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांव-गांव में विकास की योजनाएं धरातल पर उतरें और आम जनता को इसका लाभ मिले। टीए वीरेंद्र चौरसिया ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। ग्राम प्रधान काशीराम ने सभी अधिकारियों एवं उपस्थित जनों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन पूरी ग्राम पंचायत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस भवन का सदुपयोग करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे और उद्घाटन को सफल बनाने में सहयोग किया। प्रधान प्रतिनिधि राम जीत यादव , मौलाना मोहम्मद उमर खान , मोहम्मद अमीन, अनिल चौधरी , संतोष चौधरी, राम तौल यादव, राम धनी यादव, सीताराम मिश्रा, राम शब्द यादव कोटेदार एवं गांव के तमाम लोग उपस्थित थे ।

# आईआईटी कानपुर की टीम ने बलरामपुर के गांवों में परखा 'जल जीवन मिशन'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''जल जीवन मिशन'' (नल से जल योजना) केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक बड़ी सामाजिक क्रांति बनकर उभरी है। जल जीवन मिशन की अभूतपूर्व सफलता, इसके सामाजिक प्रभाव और तकनीकी पहलुओं का बारीकी से मूल्यांकन करने के लिए आईआईटी (IIT) कानपुर की एक उच्च स्तरीय टीम बलरामपुर जनपद पहुंची। आईआईटी कानपुर के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग (HSS) के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप स्वर्णकर के कुशल निर्देशन में चल रहे इस व्यापक शोध अभियान के दूसरे दिन शोधार्थियों की अलग-अलग टीमों ने धरातल पर उतरकर मोर्चा संभाला। टीमों ने विकास खंड सदर बलरामपुर और गैसड़ी की कई ग्राम पंचायतों का सघन स्थलीय निरीक्षण किया।

**शोधार्थियों की टीमों ने अलग-अलग गांवों में संभाला मोर्चा:** योजना के हर पहलू को बारीकी से परखने के लिए शोधार्थियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, जिन्होंने गांवों में जाकर निम्नानुसार मोर्चा संभाला:

**बरईपुर में घर-घर पड़ताल:** शोधार्थी प्रेम, विवेक और गोविंद ने बरईपुर गांव के प्रत्येक घर में जाकर पेयजल की नियमित उपलब्धता, समय और पानी के प्रेशर की जमीनी हकीकत को जांचा।

**मनकी में सजी चौपाल:** आकाश, जियाउल, संदीप, शुभम और दयानिधि की टीम ने मनकी गांव के ग्रामीणों और बुजुर्गों के साथ चौपाल लगाई। इस दौरान योजना के आने से पहले और बाद की जीवनशैली में आए बदलावों पर खुली चर्चा की गई। चमरबोझिया में शुद्धता की जांच:* अरविंद, अजय, सुमित और पंकज की टीम ने चमरबोझिया गांव में सप्लाई हो रहे पानी के सैंपल लिए और उसकी गुणवत्ता व शुद्धता के मानकों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परखा।मझौवा में तकनीकी व सामाजिक ऑडिट:* शैलेंद्र, प्रियांशु, गोविंद और रवींद्र की टीम ने मझौवा गांव में योजना के तकनीकी संचालन (वाटर सप्लाई सिस्टम) और समाज पर पड़े इसके गहरे प्रभाव का विस्तृत ऑडिट किया।

**बीमारियों से मिली मुक्ति, महिलाओं के जीवन में आया क्रांतिकारी बदलाव**

आईआईटी कानपुर की टीम द्वारा ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों से किए गए सीधे संवाद में बेहद उत्साहजनक और सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। धरातल की सच्चाई यह उजागर करती है कि घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचने से दूषित पानी के कारण होने वाली भयानक जलजनित बीमारियों (जैसे डायरिया, टाइफाइड और पेट के रोग) में भारी कमी आई है। 'इस मिशन का सबसे सुखद और क्रांतिकारी असर ग्रामीण महिलाओं के जीवन पर देखने को मिला है। अब उन्हें पानी के इंतजाम के लिए तपती धूप, कड़ाके की ठंड या भारी बारिश में कोसों दूर भटकने के मानसिक और शारीरिक संघर्ष से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है। 'नल से जल मिलने के कारण महिलाओं के समय और श्रम दोनों की बड़ी बचत हो रही है। इस बचे हुए समय का उपयोग वे अपने परिवार की देखभाल और आर्थिक गतिविधियों में कर पा रही हैं, जिससे बलरामपुर के ग्रामीण परिवेश में एक नए, समृद्ध और स्वस्थ युग की शुरुआत हुई है। आईआईटी कानपुर की यह टीम अपनी विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट जल्द ही शासन को सौंपेगी।

# थाना गैण्डास बुजुर्ग क्षेत्रान्तर्गत हुई हत्या के प्रयास की घटना मे सम्मिलित 05 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार आला जख्म 05 अदद लकड़ी व बांस के डण्डे बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** घटना का संक्षिप्त विवरण - दि0 26.05.26 की रात्रि करीब 10 बजे विपक्षी मोहम्मद आसिफ खान पुत्र वारिस अली ग्राम अहिरौला थाना उतरौला जनपद बलरामपुर में बाइक से बिना किसी कारण के घूम रहा था, तभी राजू मौर्या ने घूमने पर ऐतराज किया गया तो आसिफ धमकी देते हुए वहां से चला गया और जब दि0 27.5.26 की सुबह राजू मौर्या पिपरा चौराहे पर चाय पीने जा रहा था, तभी मोहम्मद आसिफ खान व अन्य आरोपियों द्वारा रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुये लाठी डंडे से हमला कर दिया तथा बीच बराव करने पहुंचे परिजनों को भी लाठी डंडा से मार पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया और जानमाल की धमकी देते हुये वहां से भाग गये, जिसमें माता मीना देवी व भतीजा धनराज मौर्य को गंभीर चोटे आयीं। जिसके संबंध मे वादी श्री राजू मौर्या पुत्र धनीराम निवासी ग्राम अहिरौला थाना उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा दिए गए लिखित प्रार्थना पत्र पर थाना स्थानीय में मु0 अ0 सं0 56/2026 धारा 109/191(2)/126(2)/115(2)/351(3)/352 बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार द्वारा थाना गैंड़ास बुजुर्ग क्षेत्रांतर्गत हुए जानलेवा हमले की घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग श्री राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व मेः- थाना गैण्डास बुजुर्ग पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत *मु0अ0सं0 56/2026 धारा 109/191(2)/126(2)/115(2)/351(3)/352 बी.एन.एस. में नामजद अभियुक्तगण 1.मोहम्मद आसिफ खान पुत्र वारिस अली, 2.साजिद खान पुत्र वारिस अली, 3. सलीम उर्फ सालिम अली पुत्र वारिस अली, 4.वारिस अली पुत्र आबिद अली, 5. माजिद अली पुत्र वारिस अली निवासीगण ग्राम पिपराराम थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर* को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 27.05.26 को मुख्य मार्ग ग्राम पिपराराम दुर्गा मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आला जख्म कुल 05 अदद लकड़ी व बांस के डण्डो को बरामद कर थाना स्थानीय पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण –**

1.मोहम्मद आसिफ खान पुत्र वारिस अली उम्र करीब 22 वर्ष,

2.साजिद खान पुत्र वारिस अली उम्र करीब 32 वर्ष,

3. सलीम उर्फ सालिम अली पुत्र वारिस अली उम्र करीब 20 वर्ष,

4.वारिस अली पुत्र आबिद अली उम्र करीब 56 वर्ष,

5. माजिद अली पुत्र वारिस अली उम्र करीब 33 वर्ष निवासीगण ग्राम पिपराराम थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर

**बरामदगी विवरण**–घटना मे प्रयुक्त 05 अदद लकड़ी व बांस के डण्डे पूछताछ का विवरण- अभियुक्त मोहम्मद आशिफ खान द्वारा बताया कि साहब, दिनांक 26.05.2026 को मै रात्रि में अपने बाइक से ग्राम अहिरौला में घूम रहा था । राजू को मेरा घूमना नगवार लगा और मुझे जाने के लिए कहा और दुबारा गांव में आने से मना किया गया जिससे मुझे अपनी बेइज्जती महसूस हुई और यह बात मैनें घर पर जाकर बताया मेरे घर वाले भी काफी खफा हुए रात में ही तय हो गया था कि इनके घर का कोई भी आदमी हमारे दरवाजे के सामने आया तो उन्हे सीधे ऊपर का ही रास्ता दिखायेंगे और इसी बात के चलते दिनांक 27.05.2026 को सुबह जब राजू मौर्या अपने साथी संतोष यादव के साथ घर के सामने पहुचे तो हम लोग उसे घेरकर मारने पीटने लगे। तब उसका साथी संतोष यादव बीच-बराव कराने लगा तो उसको भी हम लोगों ने मारा पीटा, हल्ला सुनकर राजू मौर्या के घर के हीरालाल मौर्य, राजू मौर्या, मीना देवी, धनराज मौर्या, सोहन लाल व आकाश मौर्य ये लोग छुडाने आये तो हम लोगो ने इन लोगों को भी घेर कर मारा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने छीनी घर की खुशियां, 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले के परशुरामपुरथाना क्षेत्र के परसा-लकड़मंडी मार्ग पर शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गिट्टी लदे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने सवारी का इंतजार कर रहे 19 वर्षीय युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के घूरनपुर निवासी रवि कुमार पुत्र कनिकराम उम्र लगभग 19 वर्ष शुक्रवार सुबह करीब दस बजे अपने परिजन के साथ परशुरामपुर बाजार धान की बीज लेने जा रहा था। बताया जाता है कि परसा-लकड़मंडी मार्ग स्थित भटीनिया पुरवा के पास किसी आवश्यक कार्य के कारण उसके साथ आए परिजन वापस घर लौटने लगे। इसी दौरान रवि ने सवारी वाहन से बाजार जाने की बात कही और सड़क किनारे खड़ा होकर वाहन का इंतजार करने लगा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तभी सामने से तेज गति में आ रहा गिट्टी लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े रवि को जोरदार टक्कर मारते हुए रौंद दिया।हादसा इतना भयावह था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून से लथपथ बेटे का शव देखकर परिजनों की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर हजारों की संख्या में ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जुट गई। मां-बाप और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। हर किसी की आंखें नम हो उठीं। गांव के लोग यही कहते नजर आए कि सुबह घर से हंसते हुए निकला रवि अब कभी वापस नहीं लौटेगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# राशन में डकैती का खेल कोटेदार पर घटतौली और दबंगई का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्तीजिले में सरकारी राशन व्यवस्था में गरीबों के हक पर डाका डालने का एक और मामला सामने आया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहरौली के कोटेदार राज नरायन पर राशन वितरण में बड़े पैमाने पर घटतौली, मनमानी और अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और पीड़ितों ने मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस से लेकर जिलाधिकारी तक शिकायत भेजकर जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। गोबरहिया निवासी उमेश शुक्ल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि कोटेदार गरीबों को निर्धारित मात्रा से कम राशन दे रहा है। वहीं ग्रामसभा निवासी प्रसिद्ध कुमार पुत्र चन्द्रभूषण ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि कोटेदार राज नरायन प्रत्येक राशन कार्ड धारक को करीब दो किलो तक राशन कम दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बचा हुआ राशन खुले बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। पीड़ितों के अनुसार जब कोई उपभोक्ता कम राशन देने का विरोध करता है तो कोटेदार अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट पर आमादा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके डर से अधिकतर लोग खुलकर विरोध नहीं कर पाते। यही कारण है कि लंबे समय से घटतौली का खेल चलता रहा और गरीब परिवार अपने हक से वंचित होते रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार जहां गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, वहीं कुछ कोटेदार इस योजना को भ्रष्टाचार का जरिया बना चुके हैं। गरीब परिवारों का कहना है कि उन्हें मिलने वाला राशन पहले से ही सीमित है, ऐसे में उसमें भी कटौती कर देना उनके साथ सीधा अन्याय है। मामले को लेकर शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी पाए जाने पर कोटेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो तथा सभी पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन गरीबों की इस पुकार पर कितना गंभीर कदम उठाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के महाखेड़ा गांव निवासी एक युवक ने बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव निवासी बबलू (24) ने अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर देख परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### विशाल भंडारे के साथ 15वें रुद्र महायज्ञ का समापन



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित बाल्हेश्वर धाम के आदर्श ऋषि आश्रम में चल रहे 15वें रुद्र महायज्ञ का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आश्रम परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। पंद्रह दिनों तक चले इस भगवदीय अनुष्ठान में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे प्रख्यात संतों ने प्रवचन किए। रात्रिकालीन भजन संध्या और रामलीला मंचन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन के संयोजक संत महंत सर्वेश्वर दास व्यास जी महाराज ने बताया कि इस महायज्ञ की तैयारियां पूरे वर्ष चलती हैं। प्रतिवर्ष खरमास में रुद्र महायज्ञ का आयोजन कराया जाता है। संत समागम में रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजय शरण महाराज, जगतगुरु राघवाचार्य जी महाराज, हरिलखन शास्त्री, रामचरण व्यास और मंजूलजी महराज, ईश्वर दास सहित कई सिद्ध संतों ने पहुंचकर आयोजन को भव्यता प्रदान की। इस मौके पर हनुमान सिंह, शिवगोपाल गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी, इंद्रेश कुमार, विजय प्रताप सिंह, विकल्प पांडेय, जय प्रकाश श्रीवास्तव, गुगल सैनी, शैलेंद्र सैनी, वीरेंद्र सैनी, शीलू साहू, पिंटू पंडा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अधिक मास में 84 कोसीय परिक्रमा का जत्था मिश्रिख पहुंचा, संतों, महंतो ने किया पंचकोसी परिक्रमा



**मिश्रिख (सीतापुर)** अधिक मास के पावन अवसर पर धर्म एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भगवत आराधना आश्रम जानकी कुंड के महंत श्री श्री 108 गोविन्द दास जी महाराज के तत्वाधान में संचालित 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा अपने दस पड़ाव पूर्ण करते हुए सुक्रवार को कस्बा मिश्रित पहुंच गई। यात्रा के नगर आगमन पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने संत-महंतों का भव्य स्वागत किया। महर्षि दधीचि की तपो भूमि माने जाने वाले मिश्रित क्षेत्र में पहुंचने के बाद सभी संत-महंतों द्वारा पंचकोसी परिक्रमा प्रारंभ की गई। धार्मिक जयघोष और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने संतों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। और प्रसाद वितरित किया।

परिक्रमा पथ संचालक महंत ने जानकारी देते हुए बताया कि समयाभाव के कारण इस बार मिश्रिख क्षेत्र की पारंपरिक पांच दिवसीय पंचकोसी परिक्रमा आयोजित नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया है। कि संपूर्ण पंचकोसी परिक्रमा एक ही दिन में संपन्न कराई जाएगी। इसके पश्चात दूसरे दिन सभी संत-महंत एवं श्रद्धालु नैमिषारण्य पहुंचेंगे, जहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ 84 कोसीय परिक्रमा का विधिवत समापन होगा। अधिक मास में निकाली जा रही इस धार्मिक यात्रा को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संतों के दर्शन एवं परिक्रमा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# TET अनिवार्यता पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से निराशा, शिक्षक महासंघ ने दी देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

● सर्वोच्च न्यायालय ने टीईटी अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिकाएं खारिज कर दीं, जिससे शिक्षक संगठनों में मायूसी है। 25 लाख शिक्षकों के भविष्य से जुड़े इस मामले पर देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी गई है।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सर्वोच्च न्यायालय ने टीईटी अनिवार्यता को लेकर एक सितंबर 2025 को दिए गए निर्णय के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज करने और निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए टीईटी पास करने के लिए एक वर्ष का अतिरिक्त समय देने के निर्णय पर शिक्षक संगठनों ने मायूसी जताई है। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने इस मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है।

महासंघ ने कहा है कि देश भर के शिक्षक संगठनों, प्रतिनिधियों एवं विधिक विशेषज्ञों के साथ मंथन कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी आंदोलन की चेतावनी दी है। निर्णय आने के बाद महासंघ के महासचिव दिलीप चौहान ने कहा कि शिक्षक समाज ने हमेशा लोकतांत्रिक, संवैधानिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी है, लेकिन बार-बार न्यायोचित मांगों की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है।

**'देश के लगभग 25 लाख शिक्षकों के भविष्य से जुड़ा मामला'**

यह मामला किसी एक संगठन, एक वर्ग या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के लगभग 25 लाख शिक्षकों के भविष्य से जुड़ा है। शिक्षक समाज अब अपने मुद्दों को किसी भी परिस्थिति में ठंडे बस्ते में नहीं जाने देगा। शिक्षक हितों की रक्षा के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय स्तर पर लोकतांत्रिक आंदोलन, जनजागरण अभियान एवं अन्य वैधानिक विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा।

आल इंडिया बीटीसी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासंघ के संयोजक अनिल यादव ने कहा कि देश का शिक्षक आज स्वयं को ठगा हुआ, उपेक्षित और निराश महसूस कर रहा है। शिक्षक समाज अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट रहने वाला नहीं है। यदि शिक्षकों के मुद्दों के न्यायसंगत समाधान की ठोस पहल न हुई तो देशभर में एकजुट होकर व्यापक लोकतांत्रिक संघर्ष का बिगुल फूंका जाएगा।

**'टीईटी लागू करना न्यायसंगत नहीं- सुशील कुमार पांडे**

वहीं, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने निर्णय निराशाजनक बताते हुए कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू करना न्यायसंगत नहीं है।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पहले दिन से ही कहा था कि सड़क से सदन का संघर्ष करना होगा, लेकिन चंदा वसूली गैंग द्वारा देश और प्रदेश के लाखों शिक्षक शिक्षिकाओं को गुमराह किया गया। संगठन द्वारा पुनः सड़क से सदन के संघर्ष किया जाएगा उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक एकजुट होकर आंदोलन का प्रण लें, क्योंकि अब आंदोलन से ही सफलता हासिल होगी।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय महाअधिवेशन/पत्रकार सम्मान समारोह






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ** राजधानी लखनऊ में आपको अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद, रजि द्वारा दिनांक 27 मई को स्थापना दिवस एवं महाअधिवेशन/पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया लखनऊ के विश्वेश्वरैया प्रेक्षा ग्रह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग सत्तरह राज्यों से पत्रकार शामिल हुए जिन्हें अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा देश भर के सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दीप प्रज्वलित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुरेश रही कारागार राज्य मंत्री, लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी रामचंद्र प्रधान मेडिकल कॉलेज की एम.डी. सोनिया नित्यानंद, विधानसभा क्षेत्र बक्शी के तालाब विधायक योगेश शुक्ला प्रदेश संरक्षक प्रमोद शर्मा गणमान्य अतिथियों की उपस्थिती सराहनीय रही। इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों के नृत्य ने भी मनमोह लिया आए हुए अतिथि पत्रकारों को महान संगठन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उदित राज न्यूज के संपादक भारत भूषण को विशेष सहयोग के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने सम्मानित किया।

## गहरे गंदे नाले में डूबा ढाई साल का मासूम

● इकलौते बेटे की मौत से मचा कोहराम।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के घोसियाना मोहल्ले के गहरे गंदे नाले ने गुरुवार शाम एक परिवार की खुशियां छीन लीं। खुले और गहरे नाले में गिरकर ढाई साल के मासूम अल्तमस उर्फ अरहम की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में मातम पसरा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मोहल्ला निवासी आजम का इकलौता बेटा अरहम गुरुवार शाम घर के बाहर खेल रहा था। घर के पास बने गहरे नाले में भरे गंदे पानी में वह अचानक गिर गया। कुछ देर तक बच्चा नजर नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। करीब एक घंटे बाद अरहम नाले में उतराता मिला। परिजन आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत के बाद मां अल्फिया बदहवास हो गई। पिता आजम का भी रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग देर रात तक परिवार को ढांढस बंधाते रहे। हादसे के बाद मोहल्ले के लोगों में नगर पंचायत प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश है। लोगों का कहना है कि वार्ड नंबर 12 में करीब एक साल से नाला निर्माण का काम चल रहा है। काम बेहद धीमी गति से हो रहा है। आरोप है कि अगर समय पर नाला बन गया होता तो मासूम की जान बच सकती थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि अधूरा नाला और गंदा पानी लंबे समय से लोगों की परेशानी बना हुआ है। गलियों में बदबू और जलभराव से लोगों का जीवन दूभर है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने बताया कि करीब ढाई महीने से काम चल रहा है। स्थाई समाधान के लिए चौड़ा नाला बनाया जा रहा है। जिस जगह मासूम डूबा है वहां दलदल है। दलदल की वजह से उसे क्षेत्र में निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। नाला निर्माण के बाद मोहल्ले के लोगों को स्थाई समाधान मिल जाएगा।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सीमांचल पहुंची संकल्प-सह-जनजागरण यात्रा

● अररिया में शिक्षकों ने भरी हुंकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अररिया।** पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर निकली संकल्प सह जनजागरण यात्रा सीमांचल दौरे के क्रम में अररिया जिले के फारबिसगंज पहुंची, जहां शिक्षकों एवं विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों ने जोरदार समर्थन देते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग को बुलंद किया। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार प्रदेश के बैनर तले आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मी शामिल हुए। संकल्प-सह-जनजागरण यात्रा का नेतृत्व प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार, प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अशोक कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फारबिसगंज में आयोजित सभा के बाद यह यात्रा लालजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रानीगंज पहुंची, जहां भी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।

यात्रा के दौरान वक्ताओं ने पुरानी पेंशन योजना को कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए सरकार से इसे शीघ्र लागू करने की मांग की। उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मियों ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के सम्मानजनक भविष्य की गारंटी है। प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय है। पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है और इसे लागू कराने तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य राज्य के हर जिले में जाकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों को एकजुट करना है।

प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन केवल आर्थिक सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि कर्मचारियों के सम्मान और आत्मविश्वास से भी जुड़ा मुद्दा है। सरकार को कर्मचारियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र में शिक्षकों एवं कर्मचारियों का जिस प्रकार व्यापक समर्थन मिल रहा है, उससे स्पष्ट है कि पुरानी पेंशन बहाली अब जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। यह यात्रा कर्मचारियों की आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने का कार्य करेगी।



प्रदेश महासचिव अशोक कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के बुढ़ापे की सुरक्षा की गारंटी थी, जिसे समाप्त कर कर्मचारियों को असुरक्षा की स्थिति में धकेल दिया गया है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मियों से एकजुट होकर आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग दोहराई तथा आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवेज अहमद, मोहम्मद मोबीन, माहेनिगार सुल्तान, खजराना खातून, सोनी कुमारी, रहिना, राहुल कुमार, हर्षित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विमल कुमार, मनीष कुमार, रेवती रमण, वैभव कुमार, रौजीत कुमार, मोहन कुमार, प्रमिला कुमारी, शारदा कुमारी, नवरंग कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोतीपुर गांव में अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया ईद-उल-अज़हा का पर्व

● हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत की याद में दी गई कुर्बानी, गरीबों में किया तकसीम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर (ब्यूरो)** जनपद के हरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर गांव में ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का पर्व बृहस्पतिवार को पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव में त्योहार को लेकर खास रौनक देखने को मिली। बच्चों, नौजवानों और बुजुर्गों ने नए कपड़े पहनकर, इत्र लगाकर और सज-संवर कर ईदगाह का रुख किया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा की। नमाज़ के दौरान हाफिज मो0 सुऐब ने इस्लाम की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आपसी भाईचारा, इंसानियत और कुर्बानी की भावना का संदेश दिया। इमाम मौलाना मो0 सुफियान ने ईदगाह में ईद उल अज़हा की नमाज़ पढ़ाई और हज़ारों की संख्या में नमाज़ अदा की, नमाज़ के बाद मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली और इंसानियत की सलामती के लिए विशेष दुआ मांगी गई। नमाज़ समाप्त होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद लोग अपने-अपने घरों को लौटे और हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत की याद में कुर्बानी का फर्ज अदा किया। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को अल्लाह तआला ने ख्वाब में अपने सबसे प्यारे बेटे हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी देने का हुक्म दिया था। अल्लाह की रज़ा के लिए जब हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम अपने बेटे की कुर्बानी देने को तैयार हो गए, तब अल्लाह ने उनकी इस अजीम आज़माइश और सच्ची बंदगी को कबूल फरमाया और हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम की जगह एक दुम्बा भेज दिया। तभी से मुस्लिम समाज में कुर्बानी की यह परंपरा शुरू हुई, जिसे हर साल ईद-उल-अज़हा के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि कुर्बानी सिर्फ जानवर की नहीं बल्कि इंसान के अंदर मौजूद लालच, घमंड और बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक भी है। यही वजह है कि ईद-उल-अज़हा त्याग, समर्पण और इंसानियत का पर्व माना जाता है।

मोतीपुर गांव में कुर्बानी के बाद लोगों ने गोश्त को गरीबों, जरूरतमंदों एवं दोस्त अहबाब में तकसीम कर इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। गांव में पूरे दिन त्योहार का उत्साह बना रहा और बच्चों में विशेष खुशी देखने को मिली। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। ग्रामीणों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाते हुए समाज में प्रेम और एकता का संदेश दिया।

### 31 मई को होगी यूपी B.Ed प्रवेश परीक्षा, एग्जाम सेंटर पर जाने से पहले जरूर पढ़ लें ये गाइडलाइन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बी.एड प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन 31 मई को प्रदेश भर में किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय को पांच जिलों लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इस प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल विश्वविद्यालय नामित किया गया है। इन जिलों में कुल 68 केंद्रों पर 30,286 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे और दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में केंद्र अधीक्षकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि एवं पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें एडीएम प्रशासन प्रदीप वर्मा, कुलसचिव एवं नोडल अधिकारी डॉ. भावना मिश्रा, नोडल समन्वयक प्रो. प्रमोद कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक डॉ. श्याम किशोर एवं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के प्रतिनिधि प्रो.लवकुश द्विवेदी एवं प्रो. ज्योति उपस्थित रहीं।

## बैंक से घर लौट रही एक महिला ई-रिक्शा पलटने से हुई गम्भीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदापुर/रायबरेली:** मऊ स्थित बैंक से काम निपटाकर घर लौट रही एक महिला ई-रिक्शा पलटने से सड़क हादसे का शिकार हो गई। डेपारमऊ गांव के निकट इन्हौना रोड पर ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार महिला उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद अज्ञात चालक मौके से ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। आपको बता दें कि, जानकारी के अनुसार डेपारमऊ गांव निवासी श्यामा देवी (40) पत्नी सोभे पासी शुक्रवार की सुबह मऊ बैंक गई थीं। बैंक का कार्य पूरा करने के बाद वह सवारियों से भरे ई-रिक्शा से वापस अपने गांव डेपारमऊ लौट रही थीं। इसी दौरान गांव के किनारे इन्हौना रोड पर अचानक ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया। हादसे में श्यामा देवी ई-रिक्शा के नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल महिला को बाहर निकाला और डायल 112 पुलिस तथा एम्बूलैंस को सूचना दी। कुछ ही देर में पहुंची एम्बूलैंस की सहायता से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के तुरंत बाद ई-रिक्शा चालक घबराकर वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से फरार अज्ञात चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जनता की आवाज के आगे झुका प्रशासनः अभद्र सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एकजुट हुआ समाज






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पारा थाने में तैनात एक सिपाही द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ समाज ने एकजुटता और शांतिपूर्ण विरोध की एक मिसाल पेश की है। अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के अध्यक्ष गौरव गोस्वामी के साथ हुई इस बदसलूकी के विरोध में, उन्होंने अपनी हिंदू समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मिलकर शुक्रवार को पारा थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत सौंपी। इस मामले में सबसे अच्छी बात यह रही कि पीड़ितों का उद्देश्य किसी व्यवस्था या सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि भविष्य में किसी भी गरीब या असहाय परिवार को ऐसी प्रताड़ना से बचाना है।

अध्यक्ष गौरव गोस्वामी ने स्पष्ट किया कि उनकी यह लड़ाई पूरे पुलिस प्रशासन से नहीं बल्कि सिर्फ उस एक दोषी सिपाही के खिलाफ है, जिससे समाज में कानून के प्रति विश्वास और मजबूत हो सके। शांतिपूर्ण धरने और इस त्वरित लिखित शिकायत के बाद अब दोषी सिपाही पर तत्काल विभागीय कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है, जो यह साबित करता है कि जागरूक नागरिक और जिम्मेदार प्रशासन मिलकर एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# शांति पूर्वक अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

● हमें तमाम बुराइयों को छोड़कर नेकी का रास्ता अपनाना चाहिएः- सैयद फुरकान मियां हाशमी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खैराबाद,सीतापुर** ईद उल अज़हा यानी बक़रीद के मौके पर पूरे क़स्बा खैराबाद में विभिन्न मस्जिदों तथा ईदगाह पर बड़ी अक़ीदत के साथ नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद पेश की इससे कस्बे में बड़ी खुशी का माहौल दिखाई दे रहा था यह गंगा जमुनी की तहज़ीब का क़स्बा है सभी धर्म और सम्प्रदाय के लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देते दिखाई दिए। ईदगाह में डॉक्टर मौलाना मुफ्ती इलियास अहमद कासमी ने नमाज़ अदा कराई उन्होंने अपने सम्बोधन में नेक बने रहो और एक बने रहो का पैग़ाम दिया इसके ईदगाह मुतवल्ली इकराम हुसैन ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

हाजी सिफत साहब मरकज वाली मस्जिद में हाफ़िज़ वा कारी नसीर अहमद ने नमाज़ अदा करवाई जबकि दरगाह हज़रत बड़े मखदूम साहब में नमाज़ ईद उल अजहा सज्जादा नशीन शोएब मियां के सुपुत्र कारी हसन साकिब तय्यब मियां ने अदा कराई उससे पूर्व उन्होंने मुल्क से मोहब्बत और माता पिता से अच्छा सुलूक करने की ताकीद की सज्जादा नशीन शोएब मियां और उनके सुपुत्र हाफ़िज़ अरसलान हसनी ने सभी का शुक्रिया अदा किया और मुबारकबाद पेश किया।जबकि दादा मियां में हाफ़िज़ सैय्यद शारिक किरमानी ने नमाज़ अदा कराई दरगाह छोटे मखदूम साहब में हाफ़िज़ नौशाद ने नमाज़ पढ़ाई इसके बाद सज्जादा नशीन सैय्यद मदनी मियां ने सभी से गले मिलकर ईद उल अज़हा की मुबारकबाद पेश की दरगाह हाफ़िज़ असलम मियां मे सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान मियां हाशमी ने नमाज़ से पहले जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि




हम ईद उल अज़हा यानी बक़रीद की नमाज़ पढ़ कर कुर्बानी करेंगे और सब के सामने बड़े फख्र के साथ कहेंगे कि कुर्बानी की इतना गोश्त निकला ऐसा जानवर था लेकिन हकीकत में जिस बात को अपने अन्दर से निकालना है।

उसकी कुर्बानी हम कतई नहीं करते इस कुर्बानी के साथ हमें अपने अन्दर के ग़ुरूर घमंड इगो अपनी उल्टी सीधी ख्वाहिशात और आपस की नफ़रतों को क़ुर्बान करना होगा एक दूसरे से नफ़रत के मामले को क़ुर्बान करना होगा दूसरे अपने माँ बाप की इज़्ज़त उनके आदेशों का शत प्रतिशत पालन करना होगा तभी हम सच्ची कुर्बानी करने वाले कहलाएंगे क्योंकि क़ुर्बानी से एक साफ़ संदेश मिलता है कि बेटे को अपने माँ बाप की कितनी इज्जत और उनका आदर सम्मान करना चाहिए क्योंकि हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम ने अपने पिता हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम का सपना पूरा करने के लिए अपनी जान की कुर्बानी देना ख़ुशी ख़ुशी स्वीकार कर लिया था। अंत में असलम मियां दरगाह मुतवल्ली सय्यद नवेद असलम हाशमी सलमी मियां ने मुबारकबाद और शुक्रिया अदा किया जबकि सय्यद फरजान मियां सय्यद फरहान मियां और सय्यद फरमान मियां चिश्ती ने सलाम पढ़ कर दुआ की।

# हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा और बदलते आयाम







हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में 30 मई का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1826 में हिंदी भाषा के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इस युगांतरकारी घटना की स्मृति में प्रत्येक वर्ष संपूर्ण देश में हिंदी पत्रकारिता दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिवस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक पावन अवसर है। भारत में पत्रकारिता की शुरुआत विदेशी भाषाओं से हुई थी। उस प्रारंभिक दौर में हिंदी भाषी समाज की समस्याओं और उनके मौलिक विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर अभिव्यक्त करने के लिए किसी सशक्त माध्यम का अभाव था। इस शून्यता को समझते हुए पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने तत्कालीन भारत की राजधानी कोलकाता से उदन्त मार्तण्ड नामक एक साप्ताहिक समाचार पत्र को प्रकाशित करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस पत्र का सर्वप्रथम अंक 30 मई 1826 को जनमानस के सम्मुख आया। उस आदि काल में इस पत्र की लगभग 500 प्रतियां मुद्रित की जाती थीं और इसका वितरण प्रत्येक मंगलवार को किया जाता था। अत्यधिक आर्थिक कठिनाइयों और औपनिवेशिक सरकार के असहयोग के कारण इसका नियमित प्रकाशन लंबे समय तक जारी नहीं रह सका, परंतु इस संक्षिप्त प्रयास ने हिंदी पत्रकारिता की एक अत्यंत मजबूत नींव रख दी। राष्ट्रीय अभिलेखागार जैसे संस्थानों में सुरक्षित ऐतिहासिक दस्तावेज हमें आज भी बताते हैं कि किस प्रकार इन शुरुआती पत्रों ने राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था।

उदन्त मार्तण्ड शब्द का शाब्दिक अर्थ उगता हुआ सूर्य होता है। जिस प्रकार उदित होता हुआ सूर्य सघन अंधकार को नष्ट कर देता है, ठीक उसी प्रकार पत्रकारिता भी समाज में व्याप्त अज्ञान, अंधविश्वास और शोषण को उजागर कर चेतना का प्रकाश फैलाती है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में, विशेष रूप से 1857 की महान क्रांति के समय और उसके पश्चात, हिंदी पत्रकारिता ने विदेशी शासन के विरुद्ध प्रखर जनमत तैयार करने में अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई। मंगल पांडे और वीर कुंवर सिंह जैसे महान राष्ट्रभक्तों के अप्रतिम संघर्ष से प्रेरणा लेते हुए, देश के विभिन्न हिस्सों से निकलने वाले समाचार पत्रों ने दमनकारी नीतियों का खुलकर विरोध किया। सत्य की राह पर चलने वाले निर्भीक पत्रकारों को बार बार जेल की अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ती थीं और भारी आर्थिक दंड भुगतना पड़ता था। इन तमाम कठोर अवरोधों के बावजूद हिंदी पत्रकारिता ने अपने परम कर्तव्य से पीछे हटने से साफ इनकार कर दिया। बाल गंगाधर तिलक और माखनलाल चतुर्वेदी जैसे तपस्वी पत्रकारों ने पत्रकारिता को राष्ट्रसेवा का एक पवित्र माध्यम बनाया और अपनी निर्भीक कलम से जनता को स्वतंत्रता के प्रति निरंतर जागरूक किया।

हिंदी पत्रकारिता का बहुआयामी विकास कभी भी केवल राजनीतिक विषयों तक ही सीमित नहीं रहा। इसने भारतीय साहित्य, काव्य शास्त्र और विशेषकर दोहा जैसे पारंपरिक छंदों को सहेजने, संस्कृति, ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं, शिक्षा, किसानों की समस्याओं और विभिन्न सामाजिक विसंगतियों जैसे संवेदनशील विषयों को भी राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। अनेक साहित्यकारों ने अपनी कथाओं को प्रकाशन के लिए तैयार करते हुए पत्रकारिता के माध्यम से समाज को एक सकारात्मक दिशा दी। जिस कालखंड में सूचनाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित रहती थीं, उस दौर में हिंदी पत्रकारिता ने देश के सुदूर क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में मजबूत सेतु का कार्य किया। पर्यावरण के निरंतर गिरते स्तर पर भी इस पत्रकारिता ने कठोर प्रहार किया है। अरावली और छत्तीसगढ़ के जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उससे शहरी तापमान पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग ने आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत किया है। जंगलों के अनवरत विनाश के कारण उत्पन्न होते इस भीषण संकट को मुख्यधारा की बहस का हिस्सा बनाने में हिंदी पत्रों की भूमिका सदैव सराहनीय रही है।

जैसे जैसे समय का चक्र तेजी से परिवर्तित हुआ, पत्रकारिता के बाह्य और आंतरिक स्वरूप में भी व्यापक बदलाव आते गए। नवीन वैज्ञानिक आविष्कारों ने पत्रकारिता को अत्यंत तीव्र और व्यापक बना दिया है। आकाशवाणी, दूरदर्शन और अंतर्जाल के अभूतपूर्व आगमन ने सूचनाओं के प्रसारण की प्रक्रिया को रूपांतरित कर दिया है। इस आधुनिक अंकीय पत्रकारिता के दौर में हिंदी भाषा की वैश्विक पहुंच कई गुना बढ़ चुकी है। आज करोड़ों लोग अपने चलभाष यंत्रों और संगणक के माध्यम से पल पल में हिंदी समाचार पढ़ते और देखते हैं। आर्थिक जगत की जटिल खबरों ने भी इसमें महत्वपूर्ण स्थान पाया है। आज का आम नागरिक प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम और पारस्परिक निधियों में निवेश से जुड़ी सटीक जानकारी के लिए हिंदी वित्तीय पत्रकारिता पर पूरा भरोसा करता है।

इस आधुनिक पत्रकारिता के समक्ष वर्तमान समय में कई अत्यंत गंभीर चुनौतियां भी उठ खड़ी हुई हैं। समाचारों को सबसे तेज प्रसारित करने की इस अंधी होड़ में कई बार परम सत्य और प्रामाणिक तथ्यों की अनदेखी होने लगती है। भ्रामक सूचनाओं का तीव्र प्रसार और विभिन्न प्रकार के दबाव वर्तमान पत्रकारिता की सबसे बड़ी कमजोरी बनकर उभरे हैं, जो इसकी विश्वसनीयता को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य सर्वसाधारण तक पूर्ण निष्पक्ष जानकारी पहुंचाना है। इसलिए आज इस बात की महती आवश्यकता है कि पत्रकारिता अपनी गंभीर नैतिक जिम्मेदारियों को पुनः समझे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता को न्यायसंगत रूप से चौथा स्तंभ स्वीकार किया गया है। यदि हमारी पत्रकारिता पूरी तरह स्वतंत्र और निर्भीक बनी रहेगी, तभी हमारा लोकतंत्र भी मजबूत रहेगा। एक सच्चा पत्रकार हमेशा समाज के शोषित वर्ग और सत्ता के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण सेतु की भांति कार्य करता है।

वर्तमान समय में हिंदी पत्रकारिता की सीमाएं केवल भारत तक आबद्ध नहीं रह गई हैं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में बसे प्रवासी भारतीय भी आधुनिक संचार माध्यमों से गहराई से जुड़े हुए हैं। अंतर्जाल और अंकीय मंचों ने हिंदी पत्रकारिता को एक विशिष्ट वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाई है। अनेक हिंदी समाचार जालस्थल और सामाजिक मंच आज वैश्विक स्तर पर करोड़ों लोगों तक अपनी पहुंच बना चुके हैं। इसके अतिरिक्त, इस विराट क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी बहुत तेजी से बढ़ी है। अनेक साहसी महिला पत्रकार राजनीति, अपराध और पर्यावरण जैसे जटिल मुद्दों पर निष्पक्ष समाचार संकलन कर रही हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस केवल अतीत की स्मृतियों को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि भविष्य के निर्माण के प्रति संकल्प लेने का महापर्व भी है। हमें एक ऐसी सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना होगा जो समाज में आपसी सौहार्द और रचनात्मक परिवर्तन ला सके। आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग करते हुए सत्य और सामाजिक जिम्मेदारी को सर्वोपरि महत्व दिया जाना चाहिए। एक सच्चा पत्रकार वही है जो विपरीत परिस्थितियों में भी निष्पक्ष बना रहे। उदन्त मार्तण्ड से आरंभ हुई यह यात्रा आज एक विराट वटवृक्ष का रूप ले चुकी है, जो हमें यह निरंतर संदेश देती है कि कलम की शक्ति संसार की किसी भी अन्य शक्ति से अनंत गुना प्रभावशाली होती है।

**महेन्द्र तिवारी**

# युवाओं के भविष्य पर डाका: पेपर लीक, अरबों का खेल और 'उम्मीदों' का अंतहीन स्कैम

**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**

आज के दौर में देश के युवाओं के साथ होने वाला सबसे बड़ा और संगठित स्कैम 'पेपर लीक' बन चुका है। यह संकट सिर्फ एक परीक्षा के रद्द होने भर का नहीं है, बल्कि इसके पीछे करोड़ों युवाओं के सपनों, समय और उनके परिवारों की गाढ़ी कमाई की सुनियोजित लूट का एक ऐसा चक्रव्यूह है, जिसका सच बेहद खौफनाक है।

**100 करोड़ का गणित: आवेदन के नाम पर धन-उगाही**

यदि पुलिस और चुनिंदा शिक्षक भर्तियों को छोड़ दिया जाए, तो अमूमन किसी भी विभाग में 500 से अधिक पद नहीं निकलते। चतुर्थ श्रेणी या लेखपाल जैसी भर्तियों का उदाहरण लें, तो चंद सौ या हजार पदों के लिए 25 लाख से लेकर 1 करोड़ तक आवेदन आते हैं। यह स्थिति स्वतः स्पष्ट करती है कि 99% से अधिक आवेदकों के हिस्से सिर्फ असफलता ही आनी है। लेकिन खेल इसके पीछे के 'परीक्षा शुल्क' का है। यदि प्रति छात्र औसतन 400 रुपये भी फीस मानी जाए और 25 लाख आवेदन आएं, तो यह रकम 100 करोड़ रुपये बनती है।

तमाशा देखिए:पेपर लीक होता है, परीक्षा रद्द होती है। युवा अपना समय, किराया और उम्मीदें गंवाकर वहीं का वहीं खड़ा रह जाता है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में सरकारी आयोग के अध्यक्ष को अपना पूरा वेतन मिल चुका होता है और परीक्षा कराने वाली प्राइवेट एजेंसियां अपना 80% तक भुगतान डकार चुकी होती हैं। नुकसान हुआ तो सिर्फ देश के युवा का।

**कोचिंग हब: असफलता को भुनाने वाला बाज़ार**

इस बड़े असफल समूह को निशाना बनाकर आज देश में अरबों रुपयों का 'कोचिंग व्यवसाय' खड़ा किया गया है। कोचिंग संस्थान भी भली-भांति जानते हैं कि नौकरियां चुनिंदा लोगों को ही मिलनी हैं। इसलिए, अपनी साख बचाने के लिए ये संस्थान दोहरी चाल चलते हैं:

**परीक्षा से पहले:** कई बार व्यवस्था में सेंध लगाने या अनुचित लाभ उठाने के प्रयास।

**परीक्षा के बाद:** गड़बड़ी का बढ़-चढ़कर प्रचार, ताकि जब छात्र असफल हों, तो उनका ध्यान कोचिंग की नाकामी से हटकर व्यवस्था की कमी पर चला जाए।

यह सरकारी तंत्र को क्लीन चिट देने का बहाना नहीं है, बल्कि यह समझने का जरिया है कि युवा चारों तरफ से बिचौलियों से घिरा हुआ है।

**बुनियाद पर चोट:** सरकारी बनाम निजी स्कूलों का गोरखधंधा

इस स्कैम की जड़ें और गहरी तब हो जाती हैं जब हम स्कूली शिक्षा के स्तर पर देखते हैं। सरकारी विद्यालयों के विलय (Merger) की नीति एक बड़ी सामाजिक समस्या बन रही है। गाँवों के स्कूल बंद होने से गरीब परिवारों के बच्चे, विशेषकर बालिकाएं, शिक्षा से महरूम हो रही हैं, क्योंकि सुरक्षा कारणों से लोग बेटियों को दूर के स्कूलों में भेजने से कतराते हैं। दूसरी ओर, निजी स्कूलों का एक बड़ा गोरखधंधा चल रहा है। अधिकांश बड़े निजी शिक्षण संस्थानों के पीछे किसी न किसी रसूखदार 'नेताजी' का हाथ होता है। अब ज़रा सोचिए:

एक तरफ सरकारी स्कूल से सिर्फ 'साक्षर होने वाला गरीब का बच्चा है। दूसरी तरफ महंगे निजी स्कूल से 'शिक्षित' होने वाला अमीर का बच्चा है। जब इन दोनों के बीच प्रतिस्पर्धा (Competition) कराई जाएगी, तो परिणाम पहले से तय है। अमीर और अमीर होता जाएगा, और गरीब का बच्चा उसी दुष्चक्र में फंसा रहेगा।

**राजनीति का मौन और अंतिम धोखा**

यदि इन तमाम झंझावातों, असमानताओं और अभावों को पार करके कोई गरीब या मध्यमवर्गीय युवा भर्ती परीक्षा तक पहुंच भी जाता है, तो वहाँ उसे 'पेपर लीक' का अंतिम और सबसे क्रूर धोखा मिलता है। फॉर्म भरने से लेकर कोचिंग की फीस और शहरों में रहने के खर्च के नाम पर लाखों रुपये गंवाने के बाद युवाओं के हिस्से केवल निराशा या फिर से 'जीरो' से तैयारी करने की मजबूरी आती है। इस पूरे तंत्र में सिस्टम के शीर्ष पर बैठे लोग सुरक्षित हैं–आयोग के अध्यक्ष अपना वेतन लेते हैं, राजनेता रैलियों में अपनी पीठ थपथपाते हैं और निजी एजेंसियां अपना मुनाफा समेटती हैं। पेपर लीक जैसे संवेदनशील और युवाओं के जीवन को तबाह करने वाले मुद्दों पर सत्ताधीशों का मौन या ढीला रवैया यह साफ संकेत देता है कि इस सामूहिक लूट का कोई न कोई सिरा व्यवस्था के रक्षकों को भी पोषित कर रहा है। यह धोखा सिर्फ एक छात्र को नहीं, बल्कि सीधे इस देश के भविष्य को दिया जा रहा है।

# भारतीय युवाओं के मस्तिष्क को संकुचित करता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई, सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है। इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं।

विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं. खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेंद्य यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैद्य यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंद्य दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैंद्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता हैद्य राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक**

## चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

देश के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्या घुसपैठियों के बस जाने तथा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से भारतीय नागरिक बनकर लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा बनने की आशंकाओं के बीच, चुनाव आयोग ने वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरुआत की। इसका उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना और केवल वास्तविक भारतीय नागरिकों को मतदान का अधिकार प्रदान करना था। हालांकि, इस प्रक्रिया का देश के अधिकांश विपक्षी दलों ने तीखा विरोध किया। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर अभियान केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इसे लोकतंत्र और मताधिकार पर हमला बताते हुए न केवल देशभर में विरोध प्रदर्शन किए गए, बल्कि चुनाव आयोग की इस कार्यवाही को सर्वोच्च न्यायालय में भी चुनौती दी गई।

बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे लोग सामने आए, जो आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। परिणामस्वरूप लाखों नाम मतदाता सूची से हटाए गए। इसके बाद पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर प्रक्रिया लागू की गई, जहां तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार ने इसका कड़ा विरोध करते हुए कानूनी चुनौती दी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद वहां भी चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण कार्य पूरा किया। पश्चिम बंगाल में भी लाखों लोग दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके, जिसके चलते वे मतदान से वंचित रहे। इसके बावजूद राज्य में रिकॉर्ड 92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। देशभर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया को संवैधानिक और वैध करार दिया। अदालत ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और निष्पक्ष चुनावों के लिए मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण आवश्यक और न्यायसंगत है।

सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए दस्तावेजों के आधार पर नागरिकता की जांच कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति की नागरिकता पर संदेह हो, तो आयोग उसका नाम मतदाता सूची से हटाने अथवा शामिल न करने का अधिकार रखता है। हालांकि, किसी व्यक्ति की नागरिकता पर अंतिम निर्णय केवल नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत नियुक्त सक्षम प्राधिकारी ही कर सकेंगे। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान संदेह के आधार पर हटाए गए नामों को सक्षम प्राधिकारी के पास भेजा जाए और यदि संबंधित व्यक्ति भारतीय नागरिक पाए जाते हैं, तो उनके नाम पुनः मतदाता सूची में शामिल किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस महत्वपूर्ण फैसले के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि लगभग चार दशकों बाद देशभर की मतदाता सूचियों की व्यापक और पारदर्शी समीक्षा संभव हो सकेगी। इससे न केवल चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि लोकतंत्र की नींव भी और अधिक मजबूत होगी। **अरविंद रावल**

## दैनिक राशिफल




**मेष राशि** आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी मिलेगी। खर्चों पर नियंत्रण रखें।
**शुभ रंग:** लाल **शुभ अंक:** 9

**वृषभ राशि** आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं। रुका हुआ धन मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। **शुभ रंग:** सफेद **शुभ अंक:** 6

**मिथुन राशि** नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। मित्रों से सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। किसी बात को लेकर मन थोड़ा विचलित रह सकता है। **शुभ रंग:** हरा **शुभ अंक:** 5

**कर्क राशि** परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। व्यापार में सावधानी से निर्णय लें। यात्रा के योग बन रहे हैं। पुराने मित्र से मुलाकात संभव है। **शुभ रंग:** सिल्वर **शुभ अंक:** 2

**सिंह राशि** आज सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ अंक:** 1

**कन्या राशि** दिन सामान्य रहेगा लेकिन मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। निवेश सोच-समझकर करें। **शुभ रंग:** नीला **शुभ अंक:** 7

**तुला राशि** आज किस्मत आपका साथ दे सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। नौकरी में उन्नति के अवसर मिलेंगे। घर में मांगलिक चर्चा हो सकती है।
**शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ अंक:** 4

**वृश्चिक राशि** मन में नए विचार आएंगे। व्यापार में लाभ के संकेत हैं। किसी करीबी से मतभेद समाप्त हो सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।
**शुभ रंग:** मैरून **शुभ अंक:** 8

**धनु राशि** धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है। करियर में नई दिशा मिलने के योग हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।
**शुभ रंग:** पीला **शुभ अंक:** 3

**मकर राशि** आज धैर्य और समझदारी से काम लेना होगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।
**शुभ रंग:** भूरा **शुभ अंक:** 10

**कुंभ राशि** नई पहचान और संपर्क से लाभ मिलेगा। नौकरी में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।
**शुभ रंग:** आसमानी **शुभ अंक:** 11

**मीन राशि** आज मानसिक शांति बनी रहेगी। कला और रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। व्यापार में लाभ और परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।
**शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ अंक:** 12

# लखनऊ में रूफटॉप सोलर ऊर्जा का बढ़ता विस्तार: एक नई हरित क्रांति



आज सम्पूर्ण विश्व ऊर्जा संकट, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में नवीकरणीय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, मानवता के लिए एक आशा की किरण बनकर उभरी है। भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और नीतियों ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन लाया है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, आज देश के प्रमुख सोलर शहरों में अपनी पहचान बना रही है और यह परिवर्तन वास्तव में एक नई हरित क्रांति का संकेत है। लखनऊ में रूफटॉप सोलर ऊर्जा का वर्तमान विस्तार किसी चमत्कार से कम नहीं है। वर्ष 2025 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 तक केवल लखनऊ जिले में लगभग 4,271 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके थे। इसके बाद यह विकास और अधिक तीव्र हो गया। अप्रैल 2026 तक लखनऊ में 87,000 से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए, जिससे यह देश के अग्रणी सौर जिलों में शामिल हो गया। अगस्त 2025 से जनवरी 2026 के बीच लखनऊ उत्तर प्रदेश के उन शीर्ष 10 जिलों में रहा जहाँ सर्वाधिक नए रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए गए। उत्तर प्रदेश ने भी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। दिसंबर 2025 तक राज्य में 3 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूरे हो चुके थे। इसके बाद मार्च 2026 तक यह संख्या लगभग 4.48 लाख तक पहुँच गई तथा राज्य की कुल रूफटॉप सौर क्षमता 1,524 मेगावाट से अधिक हो गई। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी सौर ऊर्जा राज्यों में स्थापित करती है। मेरे लिए यह विषय केवल तकनीकी या प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व का विषय रहा है। वर्ष 2015 में जब उत्तर प्रदेश में अक्टूबर 2015 की सोलर पॉलिसी लागू हुई, तब मैंने यह अनुभव किया कि भविष्य में बढ़ती जनसंख्या और ऊर्जा आवश्यकता को देखते हुए सौर ऊर्जा ही सबसे व्यवहारिक समाधान होगी। उसी समय मैंने अपने निजी आवास की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराया। यह संयंत्र गुरुग्राम की एक सौर ऊर्जा फर्म द्वारा लगाया गया था। उस समय लखनऊ में यह एक अत्यंत नया प्रयोग था और मुझे शहर में पहला नेट-मीटर लगवाने का भी अवसर प्राप्त हुआ। उस दौर में अधिकांश लोग सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक नहीं थे। लोगों को यह विश्वास दिलाना कठिन था कि घर की छत पर लगने वाला सोलर प्लांट न केवल बिजली बिल को कम कर सकता है बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आय का स्रोत भी बन सकता है। परंतु मेरा दृढ़ विश्वास था कि आने वाले वर्षों में सौर ऊर्जा ही शहरी ऊर्जा आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।

मेरा सपना था कि जिस प्रकार लखनऊ की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है, आने वाले समय में यह शहर 50 से 60 लाख की आबादी वाला महानगर बनेगा। तब यहाँ 15 लाख से अधिक घर होंगे और यदि प्रत्येक घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाए, तो केवल लखनऊ शहर में ही 4,500 मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन संभव होगा। आज जिस गति से सौर ऊर्जा का विस्तार हो रहा है, उसे देखकर यह सपना अब दूर नहीं लगता। सौर ऊर्जा के प्रति जनजागरूकता फैलाना भी मेरी प्राथमिकता रही। मैंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमीनारों, तकनीकी कार्यशालाओं, शैक्षणिक सम्मेलनों तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित किया। मेरा उद्देश्य केवल तकनीकी जानकारी देना नहीं था, बल्कि समाज में ऊर्जा संरक्षण और हरित विकास की सोच विकसित करना था। आज स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ, जहाँ मैं महानिदेशक के पद पर कार्यरत हूँ, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल बन चुका है। संस्थान परिसर में 275 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित है और संस्थान को शत-प्रतिशत हरित ऊर्जा उपयोग की दिशा में विकसित किया जा रहा है। यह न केवल ऊर्जा बचत का उदाहरण है, बल्कि विद्यार्थियों और समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत भी है।

**वर्षवार सोलर रूफ टॉप जोड़ने का डाटा (ड्ड में)**
**वर्ष - नया जुड़ाव- कुल स्थापना**
2015-16 - 500 - 500
2016-17 - 1,000 - 1,500
2017-18 - 2,000 - 3,500
2018-19 - 4,000 - 7,500
2019-20 - 6,000 - 13,500
2020-21 - 10,000 - 23,500
2021-22 -18,000- 41,500
2022-23 - 28,000- 69,500
2023-24 - 45,000- 114,500
2024-25 - 75,000 - 189,500
2025-26 - 110,000 - 299,500

लखनऊ में रूफटॉप सोलर विकास के पीछे कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय भी रहे हैं। वर्ष 2019 में लागू 'उत्तर प्रदेश नेट मीटरिंग रेगुलेशन' ने उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजने की सुविधा प्रदान की, जिससे लोगों का विश्वास बढ़ा। इसके बाद 'उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी पॉलिसी 2022' ने आवासीय रूफटॉप सोलर, सब्सिडी सहायता, सोलर सिटी विकास तथा नेट-मीटरिंग विस्तार को नई गति दी। यदि पिछले दस वर्षों का अध्ययन किया जाए तो वर्ष 2015 से 2019 तक विकास अपेक्षाकृत धीमा था क्योंकि लोगों में जागरूकता कम थी और सोलर संयंत्रों की लागत अधिक थी। वर्ष 2020 से 2022 के बीच सरकारी संस्थानों और व्यावसायिक भवनों में सौर ऊर्जा का प्रयोग बढ़ा। इसके बाद प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण, सरल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तथा नेट-मीटरिंग सुधारों के कारण वर्ष 2023 के बाद आवासीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का तीव्र विस्तार शुरू हो गया। आज लखनऊ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा परिवर्तन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। रूफटॉप सोलर प्रणाली से लोगों के बिजली बिलों में कमी आ रही है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। मेरा विश्वास है कि आने वाले वर्षों में लखनऊ 'सोलर स्मार्ट सिटी' के रूप में पूरे देश में नई पहचान स्थापित करेगा और यह हरित क्रांति भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**मुख्य टिप्पणी**

» 2015-2019 के दौरान सीमित जागरूकता और सब्सिडी की कम पहुँच के कारण रूफटॉप सोलर की वृद्धि धीमी रही
» निम्नलिखित के बाद वृद्धि में तेजी आई:
» यूपी नेट मीटरिंग विनियम 2019,
» यूपी सौर ऊर्जा नीति 2022,
» पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना।
» उत्तर प्रदेश में रूफटॉप सोलर क्षमता ने निम्न स्तर को पार किया:
» वर्ष 2025 में 1,038 मेगावाट,
» वर्ष 2026 में 1,524 मेगावाट।

**राज्य स्तरीय संदर्भ आंकड़े (उत्तर प्रदेश)**

» प्रारंभिक कार्यान्वयन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में ग्रिड-संयुक्त रूफटॉप सोलर क्षमता लगभग 265 मेगावाट तक
» सौर ऊर्जा नीति 2022 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2026-27 तक 22,000 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता प्राप्त करना है।

**प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, महानिदेशक, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खंड शिक्षा अधिकारी संगठन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित



**बरेली।** खंड शिक्षा अधिकारी संगठन पदाधिकारियों ने शुक्रवार को दिनेश चंद्र जोशी के खंड शिक्षाधिकारी पद से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल कार्यकाल एवं सफल दायित्व निर्वहन की सराहना की गई। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि श्री जोशी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यालयी व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा विभागीय कार्यों के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव एवं नेतृत्व से विभाग को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अवनीश प्रताप, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भानु शंकर गंगवार, शीशपाल, सत्यदेव, विजय कुमार, शशांक शुक्ला, पूरण सिंह,सतीश वर्मा, तौसीफ अहमद सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश भारतीय, विजय कुमार सिंह, पूरन लाल सिंह ने किया। सभी ने श्री जोशी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अवैध शराब पिलाने के अड्डे बेखौफ संचालित, कार्रवाई के इंतजार में ग्रामीण



**नकहा, खीरी** विकास खंड नकहा बाजार में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से बियर बार के कैंटीन चलाए जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक बाजार क्षेत्र में कई जगहों पर खुलेआम दारू पिलाई जा रही है। रेट से अधिक पैसों की वसूली की जा रही है?10 की चीज ?20 में बेची जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही इन अड्डों पर भीड़ जुट जाती है। नशे में हंगामा, गाली-गलौज से मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। स्कूली बच्चों और महिलाओं को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। चर्चा है कि आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की जानकारी के बिना इतना बड़ा कारोबार संभव नहीं है। लाइसेंस सिर्फ देशी/अंग्रेजी शराब की दुकान का होता है, बियर बार चलाने के लिए अलग लाइसेंस और अहाता चाहिए। बिना अहाता लाइसेंस के शराब पिलाना गैरकानूनी है।अब आगे देखना है यह है कि आबकारी विभाग इस अवैध रूप से चल रही कैंटिनो पर क्या कार्रवाई करता है।

### मितौली तहसील के गांवों में धड़ल्ले से बन रहे फर्जी राशन कार्ड




**1000 से 2000 रुपये में हो रहा खेल, शिकायत के बाद भी विभाग की मिलीभगत से नहीं हो रहा निस्तारण**

**मितौली, लखीमपुर खीरी।** मितौली तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में फर्जी राशन कार्ड बनाने का बड़ा खेल सामने आया है। आरोप है कि पूर्ति विभाग के कर्मचारियों और कोटेदारों की मिलीभगत से अपात्र लोगों के राशन कार्ड 1000 से 2000 रुपये लेकर बनाए जा रहे हैं। शिकायत करने पर फर्जी आख्या लगाकर निस्तारण दिखा दिया जाता है फरवरी माह में केवाईसी पूर्ण होने पर भी नहीं मिल रहा राशन

**कैसे चल रहा फर्जीवाड़े का खेल:**

1. पैसे लेकर बन रहे अपात्रों के कार्ड- मितौली समेत 20 से ज्यादा गांवों में सरकारी नौकरी वालों, पक्के मकान वालों और 4 पहिया वाहन मालिकों के नाम से राशन कार्ड बना दिए गए हैं। इसके लिए कोटेदार और क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक के दलाल 1000 से 2000 रुपये वसूल रहे हैं।

**3. शिकायत का नहीं हो रहा निस्तारण:**

IGRS, CM हेल्पलाइन 1076 और तहसील दिवस में दर्जनों शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार पूर्ति निरीक्षक मौके पर जाकर फर्जी आख्या लगा देते हैं। रिपोर्ट में लिख दिया जाता है कि 'शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर दिया गया' या 'आरोप निराधार है'। असल में शिकायतकर्ता से कोई मिला ही नहीं।

# विद्युत चोरी पकडने गई विद्युत विभाग की टीम पर हमला का प्रयास

● शातिर विद्युत चोरों ने जे.ई.,टी.जी-2, और संविदा लाइन मैन से मारपीट करने के साथ दी भद्दी भद्दी गालियां और जान से मार डालने की धमकी

जे.ई.ने दी कुकुरा पुलिस चौकी में लिखित तहरीर, कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** जनपद के अंतर्गत 33/11 के. वी. विद्युत उपकेंद्र बांकेगंज में तैनात अवर अभियंता विद्युत कामता प्रसाद वर्मा अपनी पूरी टीम के साथ सरकारी कार्य पर ग्राम परवस्त नगर पोस्ट खंजनपुर में थे। सूत्र बताते हैं कि तभी जे. ई. को सूचना मिली कि गाव के बाहर एक कटिया डालकर चोरी से मोटर चलाया जा रहा है।मिली लोकेशन पर जब विद्युत टीम गई तो मोटर चलता मिला। जब विद्युत चोरी पकड़े जाने और कटिया डालने का कारण पूछा तो आरोपी दबंग नसीम मोहम्मद और मोहम्मद शाहीन पुत्र लाल मोहम्मद निवासी परबस्तपूर आमादा फौजदारी हो गये और अश्लील भद्दी भद्दी भद्दी गालियां देने लगे तथा कार्रवाई करने पर जान से मार देने की धमकी देने लगे। कटिया डालकर केविल और मोटर का वीडियो बनाया गया ।मामला बिगाड़ते देख जे.ई द्वारा डायल 112 पर फोन किया गया। मौके पर पहुंची 112 पुलिस के सामने भी उक्त दबंग ने दबंगई नहीं छोड़ी।मामले की लिखित तहरीर पुलिस चौकी कुकुरा में दी गई है।आज



तहरीर देने के 17 घंटे बाद भी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकीं है।

**क्या है पूरा मामला**

ग्रामीणों द्वारा मिली विद्युत चोरी की सूचना पर अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे जे.ई.,कामता प्रसाद, टी.जी-2 गौरी शंकर संविदा लाइनमैन ,मुन्ना लाल ने मोहम्मद नसीम और शाहीन पुत्र लाल मोहम्मद को कटिया डालकर मोटर चलाते रंगे हाथों पकड़ लिया।जिससे बौखलाए मोहम्मद नसीम ,मोहम्मद शाहीन दोनों आमादा फौजदारी हो गए और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे तथा मोटर में हाथ लगाने पर जान से मार देने की धमकी दी ।और इसके साथ ही पूरी टीम की बाइकें रोक लिए जाने नहीं दे रहे थे मामले की नजाकत को भांपते हुए जे.ई. विद्युत ने डायल 112 पर सूचना दी, मौके पर गई 112 पुलिस को भी उक्त दबंग और हेकड़ लोग नहीं माने ।जैसे तैसे जे.ई व पूरी टीम वहां से निकल कर पुलिस चौकी कुकुरा पहुचे और घटना की लिखित तहरीर देकर एफ. आई. आर. दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकीं है । पने साथ घटित घटना से विद्युत विभाग की पूरी टीम काफी भयभीत है और अपने साथ कोई अप्रिय घटना होने की आशंका जताते हुए मैलानी थाना पुलिस से घटना की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करकर दोषी लोगों को जेल भेजे जाने की मांग की है। **वर्जन** इस मामले में जे.ई. कामता प्रसाद ने बताया चोरी की मोटर पकडने के चलते मारपीट का प्रयास किया गया जान से मारने की धमकी दी मामले की लिखित तहरीर चौकी पर दे दी गई है। कारवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। चौकी प्रभारी कुकुरा अबलीश पवार ने बताया मामले की जानकारी मिली है तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### सदर तहसील में ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने में छूट रहे आवेदकों के पसीने, चक्कर काटने को मजबूर आवेदक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** सदर तहसील में इन दिनों आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र बनवाने में आवेदकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली के कारण आवेदक तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हैं। एक सप्ताह से अधिक समय तक दौड़ने के बाद भी लोगों के प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं।आवेदकों का आरोप है कि जांच रिपोर्ट लगाने के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। तहसील में कभी लेखपाल, कभी कानूनगो, तो कभी नायब तहसीलदार के न मिलने से समय पर हस्ताक्षर नहीं हो पाते हैं। कर्मचारियों द्वारा सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं, जिसके कारण आवेदकों को खुद ही सभी अधिकारियों को ढूंढकर उनके हस्ताक्षर कराने पड़ रहे हैं।तहसील में लेखपालों के बैठने का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं है।

फील्ड ड्यूटी का हवाला देकर लेखपाल अक्सर सीटों से नदारद रहते हैं, जिससे उनसे संपर्क करना बेहद मुश्किल हो जाता है। सप्ताह भर की भागदौड़ के बाद जब सभी अधिकारियों के हस्ताक्षर होते हैं, तब कहीं जाकर आवेदन पत्र पर रिपोर्ट लग पाती है। इस लेट-लतीफी के कारण कई पात्र लोग सरकारी योजनाओं और दाखिलों के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

परेशान आवेदकों ने मांग की है कि तहसील परिसर में ईडब्ल्यूएस आवेदन जमा करने के लिए एक अलग विंडो (खिड़की) निर्धारित की जाए। इस सिंगल विंडो पर आवेदन जमा होने के बाद विभागीय स्तर से ही सभी अधिकारियों की रिपोर्ट लगवाई जाए, ताकि आम जनता को मानसिक और शारीरिक परेशानी से निजात मिल सके और समय पर प्रमाण पत्र जारी हो सकें।

**वर्जन** इस सम्बन्ध में जब सदर तहसीलदार को फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा जिसके बाद सदर एसडीएम को फोन किया किन्तु उनका भी फोन नहीं उठा इसलिए मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई।

### नवागत थाना प्रभारी बृजेश मौर्या के लिए चोरी की वारदातें बनी थीं चुनौती पुलिस ने दिया करारा जवाब

**लखीमपुर खीरी।**बृजेश मौर्या के ईसानगर थाने का कार्यभार संभालते ही लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। चोरों ने एक के बाद एक वारदातों को अंजाम देकर मानो नवागत थाना प्रभारी को खुला चैलेंज दे दिया था। लेकिन थाना ईसानगर, खमरिया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्जनपदीय सक्रिय गिरोह के 6 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि आरोपियों के कब्जे से 2,07,500 नगद सहित चोरी का माल बरामद किया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवागत थाना प्रभारी बृजेश मौर्या ने आते ही अपराधियों को साफ संदेश दे दिया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ईसानगर पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ सख्त चेतावनी मानी जा रहीं हैं।

## एसडीएम की अगुवाई मे चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान

● बिना हेलमेट चालकों को बांटे गए हेलमेट, हेलमेट है जीवन की ढाल, सुरक्षित सफर बने खुशहाल।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** छोटी काशी के सदर चौराहा पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान गोला उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी एवं पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बिना हेलमेट बाइक चला रहे चालकों को हेलमेट वितरित किए, और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी,।उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि जीवन रक्षा हमारे अपने हाथ में है, घर से जब भी बाइक लेकर निकलें, हेलमेट अवश्य पहनें और सभी यातायात नियमों का पालन करें।,वहीं पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने भी लोगों से हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने की अपील की, उन्होंने कहा कि आजकल दुर्घटना कहीं भी और कभी भी हो सकती है, हर वर्ष हजारों लोगों की जान सिर्फ हेलमेट न पहनने के कारण चली जाती है, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ दिन पहले बाँकेगंज में दो अध्यापकों की सड़क हादसे में मौत हो गई थी, यदि उन्होंने हेलमेट पहना होता तो शायद आज वे अपने परिवार के बीच होते।,उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि नाबालिग बच्चों को बाइक न चलाने दें। इस मौके पर टीएसआई युगेन्द्र प्रताप सिंह, रविंद्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा, लवकुश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर रालोद कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, विचार गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उन्हें याद किया। इस अवसर पर टूण्डला चौराहे स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत हजरतपुर खेरिया गांव में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मास्टर देशराज सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य राजबीर सिंह ने की।

कार्यक्रम का संचालन युवा जिलाध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे द्वारा किया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों एवं समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब सादगी, ईमानदारी एवं किसान हितैषी सोच के प्रतीक थे। उन्होंने देश की राजनीति में किसानों की आवाज को मजबूती से उठाया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए।

मुख्य अतिथि मास्टर देशराज सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर चौधरी साहब हमेशा संघर्षरत रहे और उनका जीवन समाज सेवा की मिसाल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृज क्षेत्र महासचिव चौधरी निरंजन सिंह पौनिया, चौधरी राजवीर सिंह, अंशुल शर्मा, विशाल चौधरी, राम गोपाल धनगर प्रधान, उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नेश कुमार, महासचिव जितेंद्र सिंह पौनिया, सचिव विजय शर्मा, कुंवर सुधीर सिंह, शचिन उपाध्याय, गोलू निषाद, चन्द्रबीर सिंह, भूरी सिंह, मास्टर रामबीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह भोला, मंजीत सिंह, नवीन शर्मा, राजू सविता, बिजेंद्र सिंह, भोजराज सिंह, अमर सिंह भरंगर सहित बड़ी संख्या में रालोद पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## श्रमिकों का हित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, समस्याओं का तत्काल हो निस्तारण: जिलाधिकारी

● निर्माण श्रमिकों के खातों में भेजी गई 2 करोड़ से अधिक की धनराशि

● बाल श्रम उन्मूलन के लिए जनपद में चलाया जाएगा विशेष अभियान।

● चूड़ी कारखानों में 8 घंटे कार्य और समय से वेतन सुनिश्चित करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में 'जनपदीय श्रम बंधु, बाल एवं किशोर श्रम समिति' तथा 'जनपदीय बंधुआ सतर्कता समिति' की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कल्पना जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

**लापरवाही पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी को फटकार** बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण मजदूरों से जुड़ी हितलाभयोजनाओं को समयबद्ध और तीव्र गति से निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए। योजनाओं की जांच में ढिलाई और विलंब बरतने पर जिलाधिकारी ने संबंधित श्रम प्रवर्तन अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी।

**फील्ड में जाकर शिकायतों का हो निस्तारण** जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्रमिकों का हित शासन के लिए सर्वोपरि है। श्रमिकों, मालिकों और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की जो भी समस्याएं हैं, श्रम विभाग के अधिकारी उनका तत्काल समाधान करें। उन्होंने सभी श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल दफ्तर में न बैठें, बल्कि फील्ड में जाकर मौके पर ही श्रमिकों की शिकायतों और समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें।

**1,159 श्रमिको को मिली 2 करोड़ की सोगात** बैठक में सहायक श्रम आयुक्त ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद के 1,159 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 2 करोड़ रुपये की धनराशि ट्रेजरी (कोषागार) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी गई है।

बाल श्रम उन्मूलन और चूड़ी कारखानों पर विशेष नजर **बाल श्रम का उन्मूलन** जिलाधिकारी ने जनपद से बाल श्रम को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए।

जीरो पावर्टी व शत-प्रतिशत पंजीकरण: उन्होंने कहा कि जनपद में 'जीरो पावर्टी' (शून्य गरीबी) के लक्ष्य को प्राप्त करने और निर्माण कार्यों में लगे सभी श्रमिकों का सतत व पूर्ण पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

**कारखानों की मॉनिटरिंग** जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए कि इस बात का कड़ाई से ध्यान रखा जाए कि चूड़ी कारखानों में श्रमिकों से तय सीमा यानी 8 घंटे ही काम लिया जाए और उन्हें समय से नियमानुसार वेतन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि श्रमिकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राम बदन राम, उपायुक्त उद्योग संध्या, सहायक श्रमायुक्त यशवंत कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कर्मसु वेदवेदांग गुरुकुल विद्यापीठ, तेंदुआ ग्राम स्थित तुरन्तनाथ धाम में एसएसबी के आईजी का आगमन

● गुरुकुल मे बच्चो को शिक्षा देना हमारी सांस्कृतिक विरासत सजोये रखने की अच्छी पहल, आईजी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** कर्मसु वेदवेदांग गुरुकुल विद्यापीठ, तेंदुआ ग्राम स्थित तुरन्तनाथ धाम में सशस्त्र सीमा बल (SSB) के महानिरीक्षक (IG) भानु उपाध्याय का आगमन हुआ। गुरुकुल परिवार द्वारा उनका वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति से स्वागत किया गया।

अपने प्रवास के दौरान उपाध्याय ने गुरुकुल परिसर का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने गुरुकुल में संचालित वैदिक शिक्षा एवं संस्कार निर्माण के कार्यों की सराहना की। इसके उपरांत उन्होंने तुरन्तनाथ धाम में भगवान के दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर क्षेत्र तथा राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर कर्मसु वेदवेदांग गुरुकुल विद्यापीठ के संस्थापक एवं आचार्य पंडित रामदेव मिश्र शास्त्री द्वारा भानु उपाध्याय स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में गुरुकुल के आचार्यगण, विद्यार्थी, श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपरा के संरक्षण हेतु गुरुकुल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## पीडिता ने की पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग

● पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में चौकी प्रभारी पर लगाये गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** मामला थाना क्षेत्र पढ़ूआ के अंतर्गत ग्राम सोठियाना के मजरा दुलही का है। जहां की निवासी मैनाज बानो पत्नि समुदार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्राथना पत्र में पीडिता का आरोप है कि कि घटना दिनाक 23/05/2026 की रात करीब 9 बजे की है जब गांव के ही निवासी ताज मोहम्मद पुत्र स्व.अहमद ने छल कपट पूर्ण ढंग से व्यवहार बनाकर पीडिता को गाव के एक मोहल्ले सोथीयाना (पूरब) ले जाकर छोड़ दिया और खुद वापस आकर पीडिता के घर में घुस गए।

घर में रखे पीडिता के गहनों में कान के झाला सोने के मटर माला ,सोने की अंगुठी पायल चांदी की तथा 5000 रुपये नगद बक्से से चुरा ले गए। इस घटना में उसके सहयोगी वहीद अली, पुत्र एजाज अली, इरफान पुत्र सिद्दिकी निवासी उपरोक्त भी शामिल हैं।

पीडिता ने बताया कि उक्त घटना की सूचना चौकी प्रभारी ढखेरवा को दी। पीडिता का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने विपक्षी गणों से 50,000 की रिश्वत लेकर सभी को छोड़ दिया है। और उल्टा पीडिता पर ही सुलह करने का दबाब चौकी प्रभारी द्वारा बनाया जा रहा है। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### तीन साल से फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर पुलिस ने 20 हजार के इनामी मेराजुल हसन को गिरफ्तार कर लिया है, यह साल 2023 से गवाह को धमकाने और रंगदारी मांगने के मामले में फरार था, आरोपी को लखनऊ से पकड़ा गया है, और उसके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं, कानपुर की जाजमऊ पुलिस और सर्विलांस टीम ने लखनऊ के नाका से धमकी, रंगदारी,और फायरिंग, मामले में फरार चल रहा था,20 हजार के इनामी अपराधी मेराजुल हसन को गिरफ्तार कर लिया, आरोपी पिछले तीन साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था, एडीजीपी शिवा सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि वर्ष 2023 में जाजमऊ आगजनी मामले में गवाही देने कोर्ट पहुंचे विष्णु सैनी को धमका कर रंगदारी मांगने का आरोप हैं, इस मामले में आरोपी के खिलाफ बलवा, और रंगदारी, सहित कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हैं, आरोपी मूल रूप से बजरिया थाना क्षेत्र के कर्नलगंज का निवासी है 26 अक्टूबर को मेराजुल अपने साथियों, शौकत अली, रिजवान सोलकी, आशिफ जहां, दिलशाद अंसारी, नइम, इश्तियाक, और महबूब के साथ विष्णु सैनी को कोर्ट में धमकाया था, आरोपियों ने विष्णु को जाजमऊ बुला कर पांच लाख की रंगदारी मांगी थी।

### खाद के लिए किसान से पैसा मांगने के आरोप, गन्ना समिति अध्यक्ष ने लिया संज्ञान, जांच

● गन्ना समिति के आदित्य सुपरवाइजर पर रिश्वतखोरी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी:** जिले की कृषक सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड में खाद वितरण को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक किसान का आरोप है कि उसे खाद के कागज निकलवाने के लिए अतिरिक्त पैसे मांगे गए।पीड़ित किसान पुन्नी सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी प्रयाग टांडा सर्किल गौरा का कहना है कि उसकी पत्नी के नाम समिति में गन्ना सट्टा संचालित है। इस समय खाद की किल्लत के बीच जब वह समिति पहुंचा तो उससे खाद के कागज के लिए पहले 500 रुपये ले लिए गए। भीड़ अधिक होने के कारण किसान ने नजदीकी इफको केंद्र से खाद लेने की बात कही और कागज मांगे, तो उससे 2000 रुपये और देने की बात कही गई। विरोध करने पर किसान को कथित तौर पर धमकी भरे लहजे में जवाब मिला। परेशान होकर पीड़ित ने मामले की शिकायत गन्ना समिति के अध्यक्ष से की।

**अध्यक्ष ने दिखाई सख्ती**

शिकायत मिलते ही समिति अध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित कर्मी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के निर्देश दे दिए। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि समिति में किसानों का शोषण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**किसानों में आक्रोश**

पीड़ित किसान का कहना है कि चिलचिलाती धूप में फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। ऊपर से खाद के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कई अन्य किसानों ने भी दबी जुबान में ऐसी समस्याएं बताई हैं। किसानों की मांग है कि खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई किसा।

### निघासन तहसील में मुंशियों का बढ़ता दखल, बरोठा लेखपाल पर उठे सवाल

**निघासन** तहसील में इन दिनों मुंशियों का बोलबाला देखने को मिल रहा है। आरोप है कि यदि किसी को लेखपाल से काम कराना हो तो पहले मुंशी को 'चढ़ावा' देना पड़ता है, क्योंकि वही पूरे कामकाज को संभाल रहा है। बताया जा रहा है कि बरोठा क्षेत्र के लेखपाल के पास अतिरिक्त चार्ज होने के कारण क्षेत्र का काम सही ढंग से नहीं संभल पा रहा है। ऐसे में मुंशी को ही लेखपाल की तरह जिम्मेदारी दे दी गई है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुंशी बिना सुविधा शुल्क के कोई काम आगे नहीं बढ़ाता और खुद को लेखपाल से कम नहीं समझता। इससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिए आवश्यक निर्देश



पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागीएवं अपर पुलिस अधीक्षक भदोही शुभम अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय भदोही में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों का अवलोकन करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में पूर्ण संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरती जाए। पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भदोही पुलिस जनता की समस्याओं के समाधान, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनविश्वास को और अधिक मजबूत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### ग्राम चौपाल का आयोजन संपन्न




सुरियावा गांव की समस्या गांव के समाधान के अंतर्गत शुक्रवार 29 -5 2026 को अभोली ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरापुर मेग्राम विकास अधिकारी गणेश राय की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण वृद्धा पेंशन निराश्रित महिला पेंशन दिव्यांग पेंशन स्वच्छ भारत मिशन मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना इत्यादि योजनाओं के विषय में ग्रामवासियों को सम्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती अमीना बेगम गयासुद्दीन हरिशंकर फिरोज कोटेदार मंथरा देवी अनीता देवी सरोजा देवी आदि ग्राम वासी उपस्थित रहे

### सड़क हादसे में युवक की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



**सीतामढ़ी।** कोइरौना थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदापुर गांव के पास गुरुवार की शाय 8:30पर हुए दर्दनाक हादसे में गोलखरा निवासी एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार गोलखरा निवासी रामजीत गौतम (26) पुत्र तुलसीराम गुरुवार शाम लगभग 8:30 बजे मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चंदापुर के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोग उन्हें संभाल पाते उससे पहले ही उनकी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि मृतक की जिंदगी पहले से ही संघर्षों से भरी रही। उनकी पहली पत्नी की तीन वर्ष पूर्व ऑपरेशन से डिलीवरी के दौरान मौत हो गई थी। पहली पत्नी से उन्हें एक पुत्र और एक पुत्री हैं। बाद में उनकी दूसरी शादी हुई, जिससे दो पुत्रियां हैं। रामजीत अपने पीछे पत्नी और चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। वह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। हादसे की सूचना पर कोइरौना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को शव घर पहुंचते ही बूढ़े माता-पिता, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में शोक और मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

# एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में आगामी 31 मई 2026 को आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने बताया कि जनपद के कुल 06 परीक्षा केंद्रों पर 2884 अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने हेतु 03 सेक्टर मजिस्ट्रेट (केंद्र प्रतिनिधि), 06 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 02 पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने बताया कि दोनों पालियों में परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू कर दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र की दो प्रतियां, एक अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो एवं एक वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाएं। साथ ही मोबाइल फोन, कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए।

# उद्योग बन्धु बैठक में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला उद्योग बन्धु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह ने की। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों के साथ विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों एवं उद्यमियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विभागीय स्तर पर सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ सकें। बैठक में विद्युत, खाद्य, प्रदूषण एवं व्यापार कर विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई। अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2026-27 में 1700 लक्ष्य के सापेक्ष 966 आवेदन बैंकों को भेजे गए हैं। इनमें 106 आवेदन स्वीकृत हुए हैं, जबकि 18 मामलों में ऋण वितरण किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारी, उद्यमी, व्यापारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मिर्जापुर में रिंग रोड के लिए नगर विधायक का नई दिल्ली प्रवास

**● मंत्रियों, पार्टी नेताओं को दे रहे ज्ञापन रिंग रोड से जाम की समस्या दूर होगी-नगर विधायक श्री रत्नाकर मिश्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिर्जापुर।** यातायात की सुविधा के लिए नगर विधायक श्री रत्नाकर मिश्र रिंग-रोड की मांग को लेकर नई दिल्ली में डेरा डाले हुए है। वे परिवहनमंत्री के साथ अन्य मंत्रियों एवं भाजपा के शीर्ष नेताओं से रिंग रोड की मांग को लेकर मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रिंग रोड बन जाने से भारी वाहन नगर के अंदर से प्रवेश नहीं कर सकेंगे। जैसे भटौलीघाट से आमघाट सड़क बन जाने से भारी वाहन शहर के अंदर न आकर सीधे रींवा रोड चले जाएंगे। रिंग रोड बन जाने से ऊपर ऊपर वाहन बाहर निकल जाएंगे। इससे जाम की समस्या नहीं आएगी। रिंग रोड का मतलब ही है कि वाहन ऊपर ऊपर गंतव्य तक चले जाएं। इन दिनों चील्ह क्षेत्र के पुरजागिर से समोगरा तक एन एच द्वारा सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे वाराणसी, जौनपुर, प्रयागराज आदि से आने वाले वाहन सीधे लालगंज के पहले समोगरा तक चले जाएंगे। इसके अलावा मांग की जा रही कि भटौली (मझवा) से पुरजागिर (चील्ह) तक सड़क यदि बन जाती है तो वाराणसी आदि से प्रयागराज आदि जाने वाले वाहन सीधे बाहर बाहर निकल जाएंगे और उन्हें शहर के अंदर नहीं आना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि नगर विधायक श्री मिश्र के प्रयास से नगर में भरुहना रोड से पीडब्ल्यूडी आफिस फोर लेन का काम शुरू हो गया है। इससे नगर के पुलिस लाइन एवं ब्रह्मचारी कुआं पर लगने वाली जाम खत्म होगी। नगर के लोग विधायक श्री मिश्र के रिंग रोड के प्रयास की सराहना कर रहे है कि उनके पास एक दृष्टि है जिसके तहत जनसमस्याओं को लेकर वे खुद ही प्रयासरत रहते हैं।

# ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़ संवाद**, शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रामगढ़ सेवायोजन अधिकारी के प्रतिनिधि प्रधान सहायक बृजेंद्र राय एवं खैरा में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी एडीओ आईएसबी मुरली श्याम की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , एवं कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई ।तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। तथा अध्यक्षो द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो को पढ़ कर सुनाया गया तथा ग्राम पंचायत रामगढ़ में 3 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसे मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा ग्राम पंचायत खैरा में भी कुल 2 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसे सुनकर मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।ग्राम चौपाल कार्यक्रम में मुख्य सेविका रेनू मौर्या ग्राम सचिव सुधीर दुबे, ग्राम सचिव उमेश यादव ग्राम प्रधान हरिओम सिंह, ग्राम प्रधान रवीशंकर और आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजनी देवी , कंचन सिंह,अंजना सिंह, गीता देवी,कौशिल्या, तथा कृषि विभाग , पशुपालन, स्वास्थ विभाग की एनएम प्रिती सिंह , विरांगना सिंह, आशा बहू तथा अन्य विभागों के कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में दोनों ग्राम पंचायतों की जनता उपस्थित रही।

# तेज रफ्तार से आ रही कार की चपेट मे आने से स्कूटी सवार महिला की हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़ मीरजापुर** , चुनार कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत खानपुर पोखरे के समीप 74 नम्बर राज मार्ग पर तेज रफ्तार कार सवार ने स्कूटी से घर जा रही महिला को सीधे टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही कार असंतुलित होकर खाई में गिर गई।कार चला रहा चालक फरार होने में कामयाब हो गया तथा कार में सवार एक अन्य युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर बंधक बना लिया ।सूचना पर उच्च अधिकारियों के साथ भारी पुलिस संख्या में बल मौके पर पहुंच कर किसी तरह युवक को छुड़ा कर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम को अपने क्लीनिक मंगरहा से घर जा रही चुनार थाना क्षेत्र के कठेरवा गांव निवासी रानी सिंह पत्नी ज्योति प्रकाश सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष को खैरा से चुनार घाट की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई तथा कार असंतुलित होकर खाई में गिर गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वही कार चला रहा युवक फरार हो गया तथा कार में बैठा कछवा थाना क्षेत्र के तुलापुर गांव निवासी अर्जुन को ग्रामीणों ने पकड़ कर बंधक बनाकर कर चक्का जाम कर दिया सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर बल प्रयोग करते हुए युवक को छोड़ा कर थाने ले गई।

# अकीदत व भाईचारे के साथ मनाया गया बकरीद का त्योहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** तहसील क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद (ईद उल जुहा) का त्योहार अकीदत और भाई चारे के साथ मनाया गया मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई और मुल्क में अमन-चैन की दुआएं मांगी गई। चुनार नगरपालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद ने इस अवसर पर नगर वासियों को बधाई दी है। त्योहार के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी मंजरी राव कोतवाल विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के कड़ी इंतजाम के किए गए थे। त्योहार के दौरान सभी क्षेत्रों में भाईचारा का माहौल देखा गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मंसूर अहमद ने बताया कि बकरीद मनाएं जाने के पीछे एक बेहद पवित्र और ऐतिहासिक घटना है जो पैगम्बर हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम से जुड़ी हुई है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार अल्लाह ने पैगम्बर हजरत इब्राहीम की वफादारी और प्रेम की परीक्षा लेने का फैसला किया अल्लाह ने उन्हें सपने में अपनी सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी देने का हुक्म किया था। तभी से यह परम्परा चली आ रही है।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु डीएम व एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जनपद में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 को नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 31 मई 2026 को उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पांच केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सोनारी कला, राजकीय इंटर कॉलेज टीकर माफी, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज तथा श्री रणवीर इंटर कॉलेज अमेठी को शामिल किया गया है। परीक्षा में कुल 2008 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित होगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं साफ-सफाई की विशेष निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह नकल विहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने कहा कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, अवांछनीय गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाएगी। साथ ही यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, जिससे परीक्षार्थियों को समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वचन निभाने की मिसाल बनीं स्मृति इरानी

**● दिवंगत कार्यकर्ता के परिवार से किया वादा पूरा 'वचन दिया था, वचन निभाया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** राजनीति में वादे अक्सर किए जाते हैं, लेकिन उन्हें निभाने का साहस और संवेदनशीलता विरले ही देखने को मिलती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति इरानी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि उनके लिए जनसेवा केवल सार्वजनिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और आत्मीय संबंधों का विषय है।अमेठी प्रवास के दौरान तीन दिन पूर्व उन्होंने मंडल शाहगढ़ के दिवंगत बूथ अध्यक्ष स्वर्गीय पवन पासी के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से भेंट की थी। इस दौरान उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए बच्चों की शिक्षा तथा आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया था। अपने दिए गए वचन को निभाते हुए भारतीय जनता पार्टी अमेठी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व एवं समन्वय में बच्चों के विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। साथ ही स्वर्गीय पवन पासी की धर्मपत्नी के लिए श्रवण-सहायक यंत्र (कान की मशीन) उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक आवेदन प्रक्रिया भी पूरी कराई गई।यह केवल सहायता प्रदान करने की औपचारिकता नहीं है, बल्कि उन कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व का भाव है, जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में अपना जीवन समर्पित किया। स्मृति इरानी का यह कदम बताता है कि वे अपने कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को केवल संगठन का हिस्सा नहीं, बल्कि अपने विस्तृत परिवार का सदस्य मानती हैं।अमेठी के प्रति उनका यह आत्मीय रिश्ता वर्षों से दिखाई देता रहा है। यही कारण है कि वे यहां के लोगों के सुख-दुःख में सहभागी बनकर खड़ी रहती हैं और आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग सुनिश्चित करती हैं।स्मृति इरानी का यह संवेदनशील और वचनबद्ध आचरण समाज एवं संगठन दोनों के लिए प्रेरणा का विषय है तथा यह संदेश देता है कि सच्चा नेतृत्व केवल मंचों से नहीं, बल्कि कठिन समय में लोगों के साथ खड़े होने से सिद्ध होता है।

# तेज गरज चमक के साथ गिरी आकाशी बिजली एक भैंस की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चौकी अंतर्गत भिटहा गांव में तेज आंधी तूफान में गरज चमक के साथ गिरी आकाशी बिजली एक भैंस की मौत मिली जानकारी के अनुसार भिटहा गांव निवासी साधु राम धैकार की दो भैंस घर के पास बंधी हुई थी। तेज गरज चमक के साथ लगभग 4:00 बजे भोर में गिरी आकाशी बिजली से एक भैंस की तुरंत मौत हो गई दूसरी भैस झुलस गई। साधु राम ने बताया कि एक भैस थोड़ा दूर पर बंधी थी। जिससे वह बच गई सिर्फ चिंगारी की लपेट लगी है साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि आज की आधी तूफान इतनी भयानक थी जिसे लोग डरे सदमे हुए अपने घरों में दुबके हुए थे बाहर निकलने का हिम्मत नहीं पड़ रहा था इस समय तेज चमक गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई। भैस की मौत की जानकारी तुरंत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को दिया आज की आंधी तूफान ने ग्रामीणों को हिला के रख दिया कई हजार स्पीड से चल रही थी हवा तमाम पेड़ पौधे भी हुए ध्वस्त

## संक्षिप्त खबरें

### मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को मिला नया प्रधानाचार्य, डॉ. ए.के. वर्मा ने संभाला कार्यभार



**प्रयागराज।** मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. वर्मा ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के दौरान मेडिकल कॉलेज प्रशासन, वरिष्ठ चिकित्सकों, विभागाध्यक्षों तथा कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. वर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में शामिल है और यहां चिकित्सा शिक्षा, शोध एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ मेडिकल छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाएगा। डॉ. वर्मा ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सेवाओं, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता तथा आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा अस्पताल में अनुशासन बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि डॉ. ए.के. वर्मा के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार देखने को मिलेगा। कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रशासन के कई अधिकारी, चिकित्सक, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रयागराज में अनियंत्रित रोडवेज बस ने कार को मारी टक्कर, तीन की मौत, एक गंभीर घायल



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा भैस्की पेट्रोल पंप के सामने उस समय हुआ, जब ज्ञानपुर-गोपीगंज की ओर से प्रयागराज झूंसी जा रही एक कार को तेज रफ्तार और अनियंत्रित रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया। हादसे में कार सवार राकेश त्रिपाठी (60 वर्ष), शुभम दुबे (27 वर्ष) तथा प्रभावती (58 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राहुल त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और बस चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# मांडा में दिव्यांग फरियादी को चौकी में बैठाकर रातभर खड़ी कर दी गई दीवार

● हाईकोर्ट के आदेश को ठेंगा, पुलिस बनी तमाशबीन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज मांडा, प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने कानून व्यवस्था, पुलिस कार्यशैली और प्रशासनिक जवाबदेही तीनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। न्यायालय के स्पष्ट स्थगन आदेश के बावजूद विवादित जमीन पर कब्जेदारों ने रातों- रात निर्माण खड़ा कर दिया, जबकि विरोध करने वाला दिव्यांग पीड़ित पूरी रात पुलिस चौकी में बैठा रहा। सुबह जब वह बाहर निकला तो जमीन पर दीवार, गाटर और पटिया तैयार मिल चुकी थी। पीड़ित दिनेश कुमार शर्मा का आरोप है कि उनकी माता दुर्गावती देवी के नाम दर्ज गाटा संख्या एक सौ नब्बे पर उपजिलाधिकारी मेजा न्यायालय ने पांच जून दो हजार पच्चीस को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। इसके बावजूद विपक्षियों ने आदेश को कागज का टुकड़ा समझते हुए कब्जे की पटकथा लिखनी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि बीते एक वर्ष से जमीन पर कब्जे की कोशिशें लगातार चल रही थीं। कई बार नींव खोदी गई, कई बार निर्माण सामग्री गिराई गई और शिकायत मिलने पर राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर सिर्फ औपचारिक चेतावनी देकर लौटती रही।

आरोप है कि प्रशासनिक ढिलाई का फायदा उठाकर कब्जेदार धीरे-धीरे पूरी जमीन पर अपनी पकड़ मजबूत करते गए। पीड़ित का कहना है कि इकतीस अगस्त दो हजार पच्चीस को जब उन्होंने निर्माण का विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। मुकदमा भी दर्ज हुआ, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। इसके बाद कब्जेदारों के हौसले और बुलंद हो गए। आरोप है कि इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस को पूरी जमीन को त्रिपाल से घेर लिया गया और फिर छब्बीस तथा सत्ताईस मई की रात कथित तौर पर सुनियोजित तरीके से निर्माण अभियान चलाया गया। मजदूर, सामग्री और मशीनें पूरी रात लगी रहीं, लेकिन पुलिस की सक्रियता कब्जा रोकने में नहीं बल्कि पीड़ित को चौकी में बैठाने में दिखाई दी। स्थानीय लोगों के बीच अब यह चर्चा तेज है कि आखिर ऐसा कौन सा दबाव था कि न्यायालय का आदेश हवा में उड़ता रहा और पुलिस-प्रशासन मौन बना रहा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर राजस्व विभाग पहले ही आदेश उल्लंघन की पुष्टि कर चुका था तो फिर निर्माण रुकवाने की कार्रवाई क्यों नहीं हुई? हैरानी की इंतहा तब हो गई जब कब्जे की शिकायत करने वाले दिव्यांग पीड़ित और उसकी पत्नी के खिलाफ ही शांति भंग की कार्रवाई कर नोटिस जारी कर दिया गया। यानी जो इंसाफ मांगने पहुंचा, वही प्रशासनिक कार्रवाई का शिकार बन गया। पीड़ित दंपती को जमानत तक करानी पड़ी। सूत्रों की मानें तो राजस्व विभाग की दस अप्रैल दो हजार छब्बीस की रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर आदेश उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी पूरे मामले को और संदिग्ध बना रही है। अब पीड़ित ने तेईस मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई है। मामले के न्यायालय पहुंचने के बाद प्रशासनिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। पीड़ित ने मांग की है कि अवैध निर्माण तत्काल ध्वस्त कराया जाए, कब्जा हटाया जाए और पूरे प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में डीसीपी का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## यमुनापार में एम्स स्थापना की मांग तेज, प्रेस वार्ता कर की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना की मांग को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई।वार्ता के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यम शुक्ल ने कहा कि लगभग 80 लाख की आबादी वाले प्रयागराज में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है, जिसे देखते हुए यमुनापार क्षेत्र में एम्स की स्थापना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।प्रेस वार्ता में बताया गया कि करीब 5500 वर्ग किलोमीटर में फैले प्रयागराज जनपद में वर्तमान समय में स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल, बेली अस्पताल, कमला नेहरू अस्पताल, काल्विन अस्पताल और डफरिन अस्पताल जैसे सीमित संसाधन ही उपलब्ध हैं। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या के कारण इन अस्पतालों पर अत्यधिक दबाव बना रहता है, जिससे आम नागरिकों को संतोषजनक और समय पर इलाज नहीं मिल पाता।वक्ताओं ने कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए प्रयागराज के मरीजों को लखनऊ, रायबरेली, गोरखपुर अथवा बीएचयू वाराणसी तक जाना पड़ता है, जिनकी औसत दूरी लगभग 300 किलोमीटर है आपातकालीन परिस्थितियों में यह लंबी यात्रा कई बार मरीजों के लिए जानलेवा साबित होती है।प्रेस वार्ता में यमुनापार क्षेत्र को एम्स स्थापना के लिए सबसे उपयुक्त बताते हुए कहा गया कि यह क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से जिले का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां एम्स बनने से न केवल शहर बल्कि ग्रामीण इलाकों एवं आसपास के जनपदों के लोगों को भी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं कम दूरी पर उपलब्ध हो सकेंगी।वक्ताओं ने यह भी कहा कि एम्स जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना से क्षेत्र में सड़क, बिजली, परिवहन एवं अन्य बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।प्रेस वार्ता के माध्यम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की गई कि प्रयागराज की जनता के स्वास्थ्य और भविष्य को ध्यान में रखते हुए यमुनापार में एम्स स्थापना के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि इससे पीड़ित एवं वंचित वर्ग को अपने ही जिले में विश्वस्तरीय और किफायती इलाज मिल सकेगा। उन्होंने कहा, 'प्रयागराज की जनता को अब इलाज के लिए दूसरे शहरों की ओर भागने के लिए मजबूर न होना पड़े। यदि यहां एम्स की स्थापना होती है तो यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि लाखों लोगों के लिए जीवनदान साबित होगा। 'अंत में मीडिया से अपील करते हुए कहा गया कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी इस महत्वपूर्ण मांग को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने में पत्रकार बंधु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, ताकि प्रयागराज के विकास और जनकल्याण की इस मुहिम को सफलता मिल सके।

## दारागंज में वाहन चोरी का प्रयास नाकाम, दो युवक पकड़े गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दारागंज थाना क्षेत्र के बाघम्बरी/आरोपी बाग मोहल्ले में गुरुवार देर शाम वाहन चोरी का प्रयास उस समय विफल हो गया, जब स्थानीय लोगों और परिजनों की सतर्कता से दो संदिग्ध युवकों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम के समय मोहल्ले में खड़े एक वाहन के साथ संदिग्ध गतिविधि देखी गई। आसपास मौजूद लोगों को शक होने पर उन्होंने दोनों युवकों को घेर लिया। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दारागंज पुलिस ने दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आरोपियों ने वाहन का लॉक तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन लोगों की सतर्कता के कारण वे अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दारागंज थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों संदिग्धों से प्रारंभिक पूछताछ की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही स्थानीय मुखबिरों से भी जानकारी जुटाई जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी किसी बड़े वाहन चोरी गिरोह से जुड़े हैं या नहीं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वाहन सुरक्षित स्थान पर खड़े करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस जल्द ही आरोपियों की पहचान व उनके आपराधिक रिकॉर्ड का खुलासा कर सकती है।

### गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का हंगामा, मनमानी का लगाया आरोप

**सीतामढ़ी।** डीघ ब्लॉक अंतर्गत कटरा स्थित वर्मा गैस एजेंसी पर घरेलू गैस रिफिलिंग को लेकर शुक्रवार को उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। गैस लेने पहुंचे लोगों ने एजेंसी प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का कहना था कि कई दिनों से समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे घरों की रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन बुकिंग कराने के बावजूद बिना डिलीवरी किए ही बुकिंग कैंसिल कर दी जा रही है। मोबाइल पर बुकिंग रद्द होने का संदेश आने से उपभोक्ता परेशान हैं। महिलाओं ने बताया कि गैस के अभाव में खाना बनाने में दिक्कत हो रही है और एजेंसी के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शासन की होम डिलीवरी व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गई है और अधिकांश लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। मामले की शिकायत जिला पूर्ति विभाग तक पहुंच गई है। जिला पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि शिकायत की जांच कराई जाएगी और अनियमितता मिलने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हस्तिनापुर के वीर में कुंती को सिर्फ एक रानी या माँ के रूप में न देखे

● बल्कि ऐसी स्त्री जिनके संघर्ष और धैर्य आज भी प्रासंगिक हैं।

● सोनी सब परहस्तिनापुर के वीर 2 जून से, सोमवार से शनिवार रात 9 बजे।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।



**ब्यूरो प्रयागराज।** मैंने कुंती पर कई किताबें पढ़ीं और हर किताब ने मुझे उनके व्यक्तित्व और सफर के बारे में अलग-अलग नजरिया दिया': सोनी सब के शो हस्तिनापुर के वीर की तैयारी पर बोलीं तोरल रसपुत्रा मुंबई, मई, 2026: सोनी सब का नया शो हस्तिनापुर के वीर दर्शकों के लिए महाभारत के शुरुआती वर्षों की एक भावनात्मक और नई प्रस्तुति लेकर आ रहा है। यह शो उन रिश्तों, मूल्यों और अनुभवों को प्रदर्शित करेगा, जिन्होंने पौराणिक कथाओं के सबसे अहम किरदारों को आकार दिया। इन्हीं में से एक है कुंती (तोरल रसपुत्रा), जिन्हें सिर्फ पांडवों की माँ के रूप में ही नहीं, बल्कि हर चुनौती में मजबूती, त्याग और धैर्य की मिसाल के तौर पर याद किया जाता है।

तोरल, जो स्क्रीन पर अक्सर मजबूत महिलाओं का किरदार निभाती रही हैं, ने कुंती को सिर्फ एक पौराणिक पात्र के रूप में नहीं, बल्कि एक माँ के रूप में देखा, जो कठिन परिस्थितियों में भी गरिमा और साहस के साथ आगे बढ़ती हैं। इस किरदार की तैयारी के लिए उन्होंने कुंती पर लिखी कई किताबें और संदर्भ पढ़े। इनमें क्वीन कुन्ती की टीचिंग्स, द कौन्तेयाज़- क्वीन कुन्ती'स महाभारत और कुन्ती (कोरल दासगुप्ता द्वारा लिखित) जैसी किताबें शामिल थीं। इन किताबों के जरिए तोरल ने कुंती के कई पहलुओं को समझा, एक माँ के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसी स्त्री के रूप में भी, जो लगातार कर्तव्य, त्याग, अपराधबोध, साहस और बिना शर्त प्यार के बीच संतुलन बनाती रही। हर लेखक ने कुंती को अलग नजरिए से दिखाया, जिसने तोरल को प्रेरित किया कि वह स्क्रीन पर इस किरदार की अपनी भावनात्मक और सशक्त व्याख्या पेश करें। कुंती की अपनी समझ पर बात करते हुए, तोरल रसपुत्रा ने कहा, 'कुंती इतनी गहरी और भावनात्मक किरदार है कि मुझे लगा कि स्क्रिप्ट से आगे जाकर उन्हें समझना जरूरी है। मैंने कुंती पर किताबें पढ़ीं और हर किताब ने उनके व्यक्तित्व और सफर के बारे में अलग-अलग नजरिया दिया। मुझे सबसे ज्यादा यह बात आकर्षित करती रही कि हर संस्करण में उनकी ताकत, त्याग और भावनात्मक संघर्ष को अलग अंदाज में दिखाया गया। एक कलाकार के तौर पर इसने मुझे और गहराई से सोचने पर मजबूर किया और आखिरकार मैंने अपनी व्याख्या बनाई कुंती एक ऐसी स्त्री है, जो मजबूत भी है और संवेदनशील भी, बुद्धिमान भी है और भावुक भी। मैं चाहती थी कि दर्शक उन्हें सिर्फ एक रानी या माँ के रूप में न देखें, बल्कि एक ऐसी स्त्री के रूप में देखें जिनके संघर्ष और धैर्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हस्तिनापुर के वीर देखने के लिए जुड़िए, 2 जून से, सोमवार से शनिवार रात 9 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

## 'मुझ पर हमला करने से आपके अपराध कम नहीं होंगे', राहुल गांधी ने धर्मेंद्र प्रधान पर किया पलटवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट-सीबीएसई मुद्दे पर धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणियों पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उन पर हमला करने से शिक्षा मंत्री के अपराध कम नहीं होंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने इससे पहले राहुल गांधी पर इस मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''धर्मेंद्र प्रधान जी, आप मुझ पर जितने चाहे हमले कर लें, लेकिन इससे आपके अपराध कम नहीं होंगे। न ही इससे मुझे 18.5 लाख बच्चों के लिए जवाब मांगने से रोका जा सकेगा।'' राहुल गांधी ने कई सवाल उठाते हुए पूछा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ओएसएम का अनुबंध 'सीओईएमपीटी' को क्यों दिया गया - ''एक ऐसी कंपनी जो अपने पुराने नाम, ग्लोबरीना के तहत पहले से ही विवादों में घिरी हुई है?'' लोकसभा में विपक्ष के नेता ने पूछा, ''ऐसा किसके आदेश पर किया गया? कंपनी की पृष्ठभूमि की जांच क्यों नहीं की गई? 'सीओईएमपीटी' के प्रबंधन और मोदी सरकार के बीच क्या संबंध है?''उन्होंने कहा, ''या तो आपने पृष्ठभूमि की जांच कराई और फिर भी आगे बढ़ गए - या आपने बिल्कुल भी पृष्ठभूमि की जांच नहीं कराई। दोनों ही मामलों में, आप दोषी हैं।''

राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री को वाकई स्थिति की परवाह होती, तो उन्हें असंख्य विद्यार्थियों के भविष्य को खतरे में डालने के लिए प्रधान को बहुत पहले ही बर्खास्त कर देना चाहिए था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''लाखों भारतीय विद्यार्थियों के लिए उन्होंने जो अराजकता पैदा की है और मंत्री के रूप में जो घोर अक्षमता दिखाई है, इसके बावजूद भी अहंकार और राजनीतिक नाटकबाजी ही प्रधान के पास सबसे अच्छा जवाब है।'' जयराम रमेश ने कहा कि प्रधान अब विपक्ष के नेता को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि वह शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की आलोचना करने से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी का ''संरक्षण'' ही प्रधान के अहंकार के लिए जिम्मेदार है।

सीबीएसई परीक्षाओं में अनियमितताओं के बारे में गांधी के आरोपों के जवाब में प्रधान ने कहा कि सीबीएसई ने इस मामले पर अपना जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, ''मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगर कोई अनियमितता पाई जाती है, तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।'' राहुल गांधी ने बुधवार को एक बयान में कहा था कि सीबीएसई परीक्षा परिणामों में 'बड़े पैमाने पर अनियमितताएं' हुई हैं। उन्होंने इस 'पूरे घोटाले' की तह तक जाने के लिए एक स्वतंत्र न्यायिक जांच एवं एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की थी। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया था कि तेलंगाना की एक संदिग्ध पृष्ठभूमि वाली कंपनी को सीबीएसई द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन का ठेका दिया गया था।

## द स्टेप फाउंडेशन के समर कैंप दूसरा दिन नई सीख से रहा भरपूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** द स्टेप फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप 2026 का दूसरा दिन बच्चों के लिए उत्साह, ऊर्जा और नई सीख से भरपूर रहा। कैंप में विशेष रूप से मार्शल आर्ट एवं आर्ट-क्राफ्ट गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे जोश और खुशी के साथ भाग लिया। मार्शल आर्ट प्रशिक्षक मिथुन निषाद एवं अभय निषाद ने बच्चों को आत्मरक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने विभिन्न तकनीकों को सीखते हुए उत्साहपूर्वक अभ्यास किया। वहीं आर्ट-क्राफ्ट गतिविधियों में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में द स्टेप फाउंडेशन की संस्थापक आयुषी पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही सदस्य सचिन पांडेय, चंद्रांशु सिंह एवं अन्य सहयोगियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर ऋषभ (आरडीएक्स इवेंट मैनेजमेंट) की भी विशेष उपस्थिति रही। आर्ट-क्राफ्ट एवं मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों ने बच्चों को नई-नई गतिविधियों के माध्यम से सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सकारात्मक सोच का विकास करना है, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ जीवन के आवश्यक गुणों को भी सीख सकें। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- 'हाईकोर्ट 3 महीने में रिजर्व फैसला सुनाएं, बेल पर फैसला 24 घंटे में'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** देश की अदालतों में मुकदमों के फैसले सुरक्षित (Reserved) रखे जाने के बाद उन्हें सुनाने में होने वाली लंबी देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद कड़ा और ऐतिहासिक फैसला शुक्रवार 29 मई को सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाईकोर्ट्स को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 3 महीने के भीतर सुरक्षित फैसला सुनाना अनिवार्य होगा।

चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने 'पीला पाहन बनाम झारखंड राज्य' मामले की सुनवाई करते हुए यह ऐतिहासिक गाइडलाइंस जारी की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि फैसलों में देरी न्याय व्यवस्था पर जनता के भरोसे को कमजोर करती है और व्यक्तिगत स्वतंत्रता (Personal Liberty) से जुड़े मामलों में ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी की गई प्रमुख गाइडलाइंस और दिशा-निर्देश इस प्रकार हैं:

हाईकोर्ट में किसी भी मामले की अंतिम बहस पूरी होने और फैसला सुरक्षित रखे जाने के बाद, उसे अधिकतम 3 महीने के भीतर सुनाया जाना चाहिए। बहस पूरी होने और फैसला सुरक्षित होने की तारीख अनिवार्य रूप से हाईकोर्ट की वेबसाइट पर दिखनी चाहिए।

ताज़ा ख़बरें जमानत अर्जियों पर 24 घंटे में फैसला,उसी दिन आदेश: व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जमानत से जुड़ी अर्जियों पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदर्श रूप से उसी दिन आदेश सुनाया जाना चाहिए। अधिकतम 24 घंटे: अगर किसी कारणवश जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा जाता है, तो उसे अगले ही दिन सुनाया जाना चाहिए और तुरंत अदालत की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।

## आंधी-तूफान में उड़ गया नगर निगम का कॉटन शेड, रेड सिग्नल पर राहगीरों को धूप से बचाने के लिए लगाया गया था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** नगर निगम द्वारा शहरवासियों को तेज धूप और गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से रेड सिग्नलों पर लगाए गए कॉटन शेड देर रात आए तेज आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हो गए। कई स्थानों पर शेड पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गए, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को फिर से चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ेगा। नगर निगम ने हाल ही में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए प्रमुख चौराहों और रेड सिग्नलों पर कॉटन शेड लगवाए थे। इन शेडों का उद्देश्य रेड लाइट पर रुकने वाले दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को धूप से राहत प्रदान करना था। इस पहल की शहरवासियों ने काफी सराहना भी की थी।

लेकिन शुक्रवार की रात अचानक मौसम बदल गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर लगाए गए शेड उखड़ गए, जबकि कुछ स्थानों पर उनके कपड़े फटकर सड़क पर बिखर गए। सुबह जब लोग घरों से निकले तो कई चौराहों पर शेड क्षतिग्रस्त अवस्था में दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की पहल सराहनीय थी, लेकिन शेडों की मजबूती और गुणवत्ता पर और ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि वे खराब मौसम का सामना कर सकें। वहीं कुछ लोगों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त शेडों की जल्द मरम्मत कराकर दोबारा लगाया जाए, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर नुकसान हुआ है। टीमों को निरीक्षण के लिए भेजा गया है और जहां-जहां शेड क्षतिग्रस्त हुए हैं, वहां जल्द ही मरम्मत और पुनः स्थापना का कार्य कराया जाएगा।

## त्विषा शर्मा की सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह गिरफ्तार, CBI ने लंबी पूछताछ के बाद की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ब्यूरो प्रयागराज।** राजधानी भोपाल की हाईप्रोफाइल त्विषा शर्मा केस में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को भोपाल पुलिस ने सात घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार और बुधवार को लगातार कई घंटे तक सीबीआई ने पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी थी। गुरुवार सुबह नई दिल्ली से सीबीआई की आधा दर्जन महिला पुलिसकर्मियों-अधिकारियों के भोपाल पहुंचने के बाद गिरफ्तारी की पटकथा लिखी गई। तकरीबन शाम 6 बजे सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह का मेडिकल कराने भोपाल एम्स ले जाने के लिए घर से निकली है।

यह कार्रवाई मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एक दिन पहले गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द किए जाने के बाद की गई। त्विषा शर्मा की 12 मई को भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उनकी शादी 9 दिसंबर 2025 को समर्थ सिंह से हुई थी। गिरिबाला सिंह ने घटना के दो दिन बाद भोपाल जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। 10वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 15 मई को उनकी उम्र और मृतका को किए गए पैसों के ट्रांसफर का हवाला देते हुए जमानत दे दी थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने बुधवार को 17 पन्नों के आदेश में इस जमानत को निरस्त कर दिया।

गुरुवार सुबह दस बजे सीबीआई की विशेष टीम महिला पुलिसकर्मियों के साथ बागमुगालिया एक्सटेंशन स्थित गिरिबाला सिंह के घर पहुंची थी। समर्थ सिंह को भी लेकर सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह के यहां गई थी। दोनों को कुछ देर तक आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई, इसके बाद एक टीम समर्थ सिंह को लेकर विशेष स्थान पर चली गई। सीबीआई की रिमांड पर चल रहे गिरिबाला सिंह के बेटे समर्थ सिंह 29 मई को कोर्ट में पेश किए जाएंगे। गिरिबाला सिंह का मेडिकल कराया जा रहा है। मेडिकल कराए जाने के बाद उन्हें सीबीआई की विशेष अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

सीबीआई सूत्रों के अनुसार गिरिबाला सिंह सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं, इसलिए सीबीआई ने भी फूंक-फंककर कदम रख रही है। पूरी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी गिरिबाला सिंह को है, इसलिए सीबीआई ने गिरिबाला सिंह को उनके बयान और मुख्य आरोपी त्विषा शर्मा के पति समर्थ सिंह के बयानों में विरोधाभासी पाए जाने और एम्स भोपाल की मेडिकल रिपोर्ट में मौत से पहले त्विषा शर्मा के शरीर पर चोट के निशान को प्रताड़ना सिद्ध होने के बाद गिरफ्तारी की है।

# संक्षिप्त खबरें

## निः शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन, मुफ्त में दवाइयों का वितरण एवं पशुओं के सही खान पान का निर्देश।



**बेतिया।** इंडो नेपाल बॉर्डर की रखवाली में अहम भूमिका निभाने वाली एसएसबी 44 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नरकटियागंज ने सेवा सुरक्षा बंधुत्व व समर्पण के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करने में आगे है। दिनांक -29 मई, को बलवंत सिंह नेगी, कमाडेंट, 44 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नरकटियागंज के निर्देश पर 'जी' समवाय नगरदेही के बाह्य सीमा चौकी भंगहा के वाईब्रेंट विलेज भंगहा बाजार में निः शुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें पशु चिकित्सक सहायक कमाडेंट विनीत कुमार, क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल बेतिया द्वारा सीमावर्ती गांव के पशुओं की निः शुल्क जाँच कर मुफ्त में दवाइयों का वितरण किया गया, साथ ही पशु को खानपान और रहन सहन में बदलाव हेतु निर्देशित किया, ताकि पशु स्वस्थ्य रह सके द्य कार्यक्रम में समवाय प्रभारी निरीक्षक/सामान्य जयप्रकाश, उप निरीक्षक/सामान्य, रिषभ सिंह, मुख्य आरक्षी/वेटी योगेंद्र कुमार उपस्थित रहे, एसएसबी नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर के साथ साथ कई तरह के कार्य करता है, जिससे सीमावर्ती लोगों में काफी लाभ पहुंचा है। उक्त शिविर में 291 पशु और 39 पशु स्वामी का निः शुल्क जांच किया गया और निः शुल्क दवाइयां वितरण की गई।

## नरकटियागंज के बरगजवा मे भैस चोरी करते युवक को पोल से बांध कर पीटा बनाया बंधक, जांच के लिए पहुची पुलिस

**बेतिया।** शिकारपुर थाना के बरगजवा गाव में गुरुवार की रात्रि वार्ड नम्बर दो के रविन्द्र पटेल के घर भैस चोरी करने पहुचे तीन लोगों में से एक युवक को भैस मालिक ने पकड़ लिया इसके बाद उसे पोल में बांध कर जमकर धुनाई कर दी. शुक्रवार की सुबह सूचना पर पहुंचे एक पिपरा कॉलोनी स्कूल के शिक्षक और नुनिया टोला गाव निवासी लालबाबू प्रसाद को भी ग्रामीणों ने पकड़ कर पीट दिया. हालांकि कतिपय ग्रामीणों की पहल पर शिक्षक को ग्रामीणों ने मुक्त कर दिया. भैस चोरी के आरोप में पकड़ाए आरोपित चन्दन ने यह कह कर हंगामा करवा दिया कि शिक्षक का पुत्र भी उसके साथ था जो भाग गया. ग्रामीणों का आरोप है कि गाव में लगातार माल जाल की चोरी हो रही है पकड़ाए युवक की पहचान नुनिया टोला निवासी चन्दन के रूप में कि गई है, जबकि पिपरा कॉलोनी के शिक्षक लालबाबू प्रसाद है, बता दें कि पूर्व में बरगजवा गांव के हरिओम चौरसिया की गाय, बेलवा कोठी के ललन यादव की गाय, 12 मई को अरविंद कुमार यादव की भैस चोरी हुई थी,

**हालांकि कुछ समझदार ग्रामीणों की पहल पर शिक्षक को मुक्त करा दिया गया।**

ग्रामीणों का कहना है कि बरगजवा और आसपास के इलाकों में लगातार मवेशी चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। चोरी की इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। घटना की सूचना पर शिकारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## तरवनिया विद्यालय के पास ताड़ के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, हादसा टला

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के एकसार पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय तरवनिया के समीप शुक्रवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक ताड़ का पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली गिरने के साथ हुए तेज धमाके से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि इस घटना में भी किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बताया जाता है कि शुक्रवार को तेज बारिश और मेघ गर्जन के दौरान अचानक ताड़ के पेड़ पर बिजली गिर गई। बिजली गिरते ही जोरदार कड़क और चमक के साथ तेज धमाका हुआ, जिससे आसपास मौजूद लोग भयभीत हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय विद्यालय परिसर और आसपास लोगों की आवाजाही काफी कम थी। इसी कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद लोगों ने आकाशीय बिजली से बचाव को लेकर सावधानी बरतने की अपील की।

# एक ही भूमि को लेकर दो पक्षों ने किया दावा, दोनों पक्षों ने कराया एक दूसरे पर एफ आई आर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**योगापट्टी :** योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नवलपुर थाने मे बरवा सानी गांव से एक ही भूमि के विवाद को लेकर दोनों पक्षो द्वारा आवेदन दिया गया हैं जिसमे दोनों पक्षो ने एक दूसरे पर शिकायत दर्ज कराया हैं एक पक्ष से दिए आवेदन के अनुसार रामचंद्र राम उर्फ़ सत्यनारायण राम उम्र 60वर्ष पिता- कालीचरण राम ने निवासी बरवा सानी वार्ड नंबर सात ने जानकारी देते हुए बताया हैं कि 27-5-2026 को सुबह सात बजे सिपाही यादव पिता चन्द्रदेव यादव,सुरेश यादव पिता सिंगासन यादव, लालबाबू यादव पिता सिंगासन यादव, कमलेश यादव पिता चन्द्रदेव यादव, राजेश यादव पिता शंकर यादव, उद्धव यादव पिता केवल यादव, प्रेम यादव पिता बलिस्टर यादव, रामप्रसाद यादव, रुपेश यादव पिता कमलेश यादव, सतीश यादव पिता झगरू यादव, राजन यादव पिता विकाऊ यादव, अनिल श्रीवास्तव पिता पारस लाल श्रीवास्तव , राजकुमार यादव पिता शिवनाथ यादव, धनंजय यादव पिता बैधनाथ यादव, और बैधनाथ यादव पिता रघुनी यादव ये सभी लोग साकिन बरवा सानी वार्ड नंबर सात के निवासी हैं इन सभी लोगो के द्वारा बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की जगह से बनाये जा रहे कलम को उखाड़ने और जाति सूचक गाली देने का बताया गया हैं और आवेदक ने यह भी बताया हैं कि जो जमीन विवादित हैं वह हमारी खतियानी जमीन हैं हमारे पास उसके कागजात उपलब्ध हैं वहीं दूसरे पक्ष से रामप्रसाद यादव उम्र 75वर्ष पिता चंडी यादव गांव बरवा सानी वर्तमान मे रामजानकी मंदिर मे पुजारी हैं उन्होंने अपने आवेदन के माध्यम से बताया हैं कि तीन चार वर्षो से छठ व्रतीयों के असुबिधा को देखते हुए जन सहयोग से 10-12कट्ठा जमीन अर्जित हुआ हैं कि इधर कुछ दिनों से मंदिर एवं नवलपुर सिरकहिया पथ के बीच महाबीर शुक्ल पिता लक्ष्मीकांत शुक्ल ग्राम चंद्रॉल थाना नवलपुर वाले का बैनामा रजिस्ट्री का जमीन एवं गैरमजरुआ जमीन हैं जो कई वर्षो से मंदिर के दखल कब्ज़ा मे चला आ रहा हैं 7 जिसमे हम ग्रामीणों के सहयोग से उक्त जमीन के मंदिर के विस्तार हेतु मिट्टी भरवाया गया हैं 7इसी बीच बरवा सानी के हरिजन टोली के लोगो द्वारा 14-4-2026 बाबा साहेब की प्रतिमा जबरन स्थापित कर झंडा बैगरहा लगाया गया जहाँ ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया 7 पुजारी रामप्रसाद यादव ने बताया कि शीतल राम पिता मुनेशर राम, वीरेंद्र राम पिता शीतल राम, अशोक राम, राधे श्याम राम पिता मोतिचंद राम, ओमप्रकाश राम पिता मोतिचंद राम, शम्भू राम पिता चन्द्रदेव राम, गुड्डू राम पिता सुरेश राम, विनोद राम पिता राम धारी राम, रामचंद्र राम, दीना राम, जोगिंदर राम, और लालू राम ये सभी लोग मंदिर मे घुस तोड़ फोड़ने करने लगे और धमकी देने लगे कि मंदिर छोड़ दो साथ ही गाली गलौज करने लगे 7 वहीं नवलपुर थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भूमि विवाद मामले को सुन ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया गया था दोनों पक्षो के द्वारा आवेदन मिलने पर शिकायत दर्ज कर लिया गया हैं और पुलिस मामले से सम्बंधित सभी बिन्दुओ की जाँच कर दोषियों पर कार्यवाही करेगी

## पूर्व निष्क्रिय कमेटी को भंग कर नई कादरी अंजुमन कमेटी लोहबंधा का हुआ गठन

**● अंजुमन कमेटी के अकबर अंसारी को सदर व मकसुद आलम को बनाया गया सेक्रेटरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हुसैनाबाद/ पलामू/ झारखंडः-** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के महुडंड पंचायत अंतर्गत लोहबंधा गांव में गुरुवार को ईद उल अजहा (बकरीद) नमाज अदा करने के पश्चात मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा एक विशेष बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चर्चा एवं परिचर्चा कर पूर्व निष्क्रिय कमेटी को भंग कर नई कादरी अंजुमन कमेटी लोहबंधा को गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूर्व निष्क्रिय कमेटी को भंग करते हुए नई कादरी अंजुमन कमेटी लोहबंधा का गठन किया गया। जिसमें बैठक के दौरान उपस्थित सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सर्वसम्मति से नई कादरी अंजुमन कमेटी लोहबंधा के मो.अजमुदीन अंसारी को सरपरस्त व मो. अकबर अंसारी को सदर व मो.अजाद हुसैन को नायब सदर एवं मकसुद आलम को सेक्रेटरी और मो.आलमगीर अंसारी को नायब सेक्रेटरी व जहांगीर अंसारी को खजांची बनाया गया। बैठक के उपरांत मुस्लिम समुदाय के समक्ष सभी नव चयनित नई कादरी अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों ने समाजिक उत्थान के रूप में समाज हित के कार्यों को मिलजुलकर आगे बढ़ाने व धार्मिक कार्यों के संचालन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया गया। बैठक के दौरान मौके पर अंजुमन कमेटी के तौहीद अंसारी,अजमुदीन अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, तौकीर अंसारी,जौहीद अंसारी,मकसुद आलम, आलमगीर अंसारी, जहांगीर अंसारी,अकबर अंसारी,अयुब अंसारी, गुलाम रसूल अंसारी,अख्तर अंसारी,असलम अंसारी,नुमान अंसारी,नईम अंसारी,अमीम अंसारी,इसरार अंसारी,हासीम अंसारी, मौलवी युसूफ अंसारी एवं मोहर्रम इंतेजामियां कमेटी के सदर अख्तर अंसारी,नायब सदर असगर अंसारी,सेक्रेटरी वसीर आलम (गुड्डू),नायब सेक्रेटरी मो.हफीज अंसारी, खजांची वसीम अकरम,व्यवस्थापक मंजूर आलम, मीडिया प्रभारी मसउद आलम आदि सहित सैंकड़ों लोग बैठक में उपस्थित थे।

## सुगंधित व मिठास भरे आमों से पाकुड़िया का बाजार हुआ गुलजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** फलों का राजा आम इन दिनों पाकुड़िया बाजार सहित ग्रामीण हाटों में अपनी सुगंध और मिठास बिखेर रहा है। प्रखंड मुख्यालय स्थित राम-सीता चौक पर विभिन्न किस्मों के आमों की दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। हालांकि इस वर्ष तेज हवा चलने के कारण बड़ी संख्या में आम झड़ गए, जिससे अपेक्षित उत्पादन नहीं हो सका, फिर भी पेड़ों पर लदे आम प्रकृति की सुंदरता बढ़ा रहे हैं और बाजारों में रौनक बनाए हुए हैं। पाकुड़िया प्रखंड के शहरपुर, तेतुलिया, तालवा, ढोलकाटा, बरमसिया, धावाडंगाल, महेशकाटा, लखीपोखर, मटियलघाटी, कचूवाबथान, चूनपाड़ा, नावाडीह, रामघाटी तथा राजवाड़ी समेत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आम बाजारों तक पहुंच रहे हैं। इन क्षेत्रों के खट्टे-मीठे आम लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। बाजार में विशेष रूप से हिमसागर, रानी तथा अन्य कई किस्मों के आम उपलब्ध हैं, जिनकी मांग लगातार बढ़ रही है। आम को फलों का राजा कहा जाता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक भी माना जाता है। कच्चे आम से अचार, चटनी और पना बनाया जाता है, जबकि पके आम का उपयोग सीधे खाने के अलावा जूस, शेक और मिठाइयों में भी किया जाता है। लोक मान्यताओं में आम का उल्लेख धार्मिक कथाओं से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि माता सीता ने अशोक वाटिका में हनुमान जी को फल खाने की अनुमति दी थी। तभी से आम भारतीय संस्कृति और जनजीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया। बहरहाल, गर्मी के इस मौसम में आम की मिठास ने पाकुड़िया के बाजारों को पूरी तरह गुलजार कर दिया है।

## पाकुड़िया में शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बकरीद का पव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय का प्रमुख पर्व बकरीद शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। मोंगलाबांध स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग निर्धारित समय पर नए एवं रंग-बिरंगे परिधानों में सिर पर टोपी पहनकर पहुंचे और सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश, समाज एवं अपने परिवार की खुशहाली और सलामती की दुआ मांगी। प्रखंड के मोंगलाबांध, आमकोना, लकड़ा पहाड़ी, राजपोखर, लखीपोखर, श्यामसुंदरपुर, बागजोबरा, फुलझिंझरी, सालगाड़ीह, आलूदाहा, बाबूझूटी, डोमनगड़िया, गोपालनगर, मलिकपुर, पलियादह, सोल्ला एवं ढेकीडूबा समेत विभिन्न गांवों में बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर बच्चों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशियां साझा कीं। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। 27 मई की संध्या को थाना प्रभारी मनोज महतो एवं एएसआई नागेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पाकुड़िया बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## नगवा गांव में आयोजित महागायत्री यज्ञ कलश यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस नेता विनोद कुशवाहा

**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के स्टेट कॉर्डिनेटर विनोद कुशवाहा ने हजारीबाग जिले के नगवा गांव में आयोजित महागायत्री यज्ञ के कलश यात्रा में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने यज्ञ स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया तथा क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। महागायत्री यज्ञ को लेकर गांव में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ में शामिल हुए और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश यात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विनोद कुशवाहा ने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने मां गायत्री और मातारानी से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनकी कृपा समस्त हजारीबागवासियों पर बनी रहे और क्षेत्र में सुख, शांति एवं खुशहाली का वातावरण कायम रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में यज्ञ एवं धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा, प्रेम और आपसी सद्भाव मजबूत होता है। नगवां गांव में आयोजित इस महागायत्री यज्ञ को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया।

# गोरिया में श्री श्री 1008 शतचंडी नौ दिवसीय वार्षिकोत्सव महायज्ञ को लेकर जागरण का आयोजन

**● बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया जागरण मंच का उद्घाटन, बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु**

**● धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं : मनोज यादव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत के ग्राम गोरिया में आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी नौ दिवसीय वार्षिकोत्सव महायज्ञ को लेकर शुक्रवार की रात भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक माहौल और भक्तिमय प्रस्तुति के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर जागरण मंच का उद्घाटन किया तथा आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि महायज्ञ और जागरण जैसे कार्यक्रम लोगों को संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है। जागरण कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, प्रोफेसर जयप्रकाश आनंद तथा रितेश गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मुखिया मनोज कुमार, सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश पंडित, उपाध्यक्ष विनोद यादव, उपसचिव मनोज विश्वकर्मा, उपकोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, संरक्षक डॉ. विशेश्वर कुमार, उपसंरक्षक प्रकाश विश्वकर्मा, संजय कुमार वर्मा (उप मुखिया प्रतिनिधि), धनु महतो, आशीष पासवान, रवि यादव, सकलदेव पांडे, कैलाश यादव (बीचकिला), रामकृपाल चंद्रवंशी, सनोज चंद्रवंशी, बबलू ठाकुर, राजदेव यादव, विनोद पंडित, सीएसपी अजय यादव, कारू कुम्हार, शुभम गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, विजय कुमार, शिवकुमार राणा, ललन चंद्रवंशी, जितेंद्र रजक, विजय भुईयां, विनोद भुईयां, उदय सिंह, निर्भय सिंह, सुनील राणा, विनोद यादव (बीचकिला), प्रसादी राणा, बंटू नीचे टोला, राहुल पंडित, दिलीप कुमार वर्मा, करण भुईयां समेत अन्य श्रद्धालुओं की सक्रिय भूमिका रही।

# सासंग मोड़ पर शराब तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, पशु चारा की आड़ में छिपी करोड़ों की खेप बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चंदवा थाना क्षेत्र के सासंग मोड़ के पास करोड़ों रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने पशु चारा और धान की भूसी की आड़ में शराब की खेप ले जा रहे एक 12 चक्का ट्रक समेत तीन वाहनों को जब्त किया है। इस दौरान पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह का मुख्य सरगना और ट्रक चालक फरार होने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार 28 मई 2026 को पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से चंदवा होते हुए पलामू-गढ़वा की ओर भारी मात्रा में अवैध शराब भेजी जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चंदवा थाना पुलिस ने सासंग मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच के दौरान चंदवा की ओर से आ रही स्कॉर्पियो संख्या ह्ष्ठ23॥ 7878, क्रेटा संख्या छ्वा01व्र 4979 तथा उसके पीछे चल रहे 12 चक्का ट्रक संख्या ऋछ्व19त्रय 7002 को बैरिकेडिंग कर रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में पशु चारा और धान की भूसी के बोरों के नीचे भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी। वहीं दोनों चारपहिया वाहनों की डिक्की से भी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार इस गिरोह का मुख्य सरगना रंजीत यादव उर्फ गोलू, निवासी सेरेंदाग थाना हेरहंज, मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से सूरज कुमार, प्रकाश कुमार रवानी, राम कुमार पाण्डेय, गौतम कुमार और छोटू कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया।

**भारी मात्रा में शराब और वाहन जब्त**

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान स्कॉर्पियो, क्रेटा और 12 चक्का ट्रक समेत भारी मात्रा में शराब जब्त की। बरामद शराब में रॉयल चैलेंज, ऑल सीजन्स गोल्डन कलेक्शन रिजर्व व्हिस्की और मैकडॉवेल्स व्हिस्की की सैकड़ों पेटियां शामिल हैं। ट्रक से करीब 200 बोरा धान की भूसी भी बरामद की गई, जिसका उपयोग शराब छिपाने के लिए किया जा रहा था।

**छापेमारी दल में शामिल रहे ये अधिकारी**

इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, चंदवा थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, पु0अ0नि0 राकेश कुमार महतो, संतदेव कुमार, अजित कुमार, स0अ0नि0 राजू कुमार दास, चंदवा थाना सशस्त्र बल एवं सैट-209 सिकनी पिकेट के जवान शामिल थे। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## धनबाद में 2 जून को आयोजित होगा युवा राजद का युवा चौपाल कार्यक्रम

**●युवाओं के मुद्दों, संवाद और संगठन की मजबूती पर होगी चर्चा : राघवेन्द्र प्रताप यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**धनबाद, झारखंडः-** राष्ट्रीय जनता दल की युवा इकाई द्वारा आगामी 2 जून 2026 को धनबाद में युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम उत्सव भवन, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद में आयोजित होगा, जिसमें जिलेभर के प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में युवाओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर युवा राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना, युवा संवाद को मजबूत बनाना तथा संगठन को और सशक्त बनाना बताया गया है। इस संबंध में धनबाद जिला अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप यादव ने धनबाद जिला के सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं सम्मानित पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युवाओं की सहभागिता ही उनकी आवाज़ को मजबूती प्रदान करेगी और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के सामने रोजगार, शिक्षा, सामाजिक समानता और अधिकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन पर खुलकर चर्चा करने की आवश्यकता है। युवा चौपाल के माध्यम से युवाओं को अपनी बात रखने का मंच मिलेगा और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में भी यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच व्यापक जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। आयोजकों ने युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने और सामाजिक न्याय एवं युवाओं के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान किया है।

## बरही में दिन में छाया अंधेरा, तेज बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**● बजली चमकने और बादलों की गर्जना के बीच लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखण्डः-** बरही क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली। सुबह लगभग 8 बजे आसमान में काले बादल छा जाने से दिन में ही अंधेरे जैसा माहौल बन गया। तेज हवाओं, बादलों की गर्जना और बिजली चमकने के साथ हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत दी। अचानक आसमान पूरी तरह बादलों से ढक गया। इसके बाद तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। कई जगहों पर बिजली चमकने से लोग सहम गए और एहतियातन घरों एवं दुकानों में शरण लेते दिखाई दिए। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा था। तापमान बढ़ने से बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता था। ऐसे में अचानक हुई बारिश ने मौसम को काफी सुहाना बना दिया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के दौरान बरही बाजार और आसपास के इलाकों में कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। मौसम बदलने के साथ ही बच्चों और युवाओं में भी उत्साह देखा गया। कई लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज गर्मी के बीच इस बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है। हालांकि बिजली चमकने और तेज गर्जना को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील भी की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्धारित समय से इतर ठेकों पर शटर के नीचे से बेची जा रही शराब, वीडियो वायरल

**कोंच(जालौन)-** शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिला आबकारी विभाग से लेकर स्थानीय प्रशासन कितना भी जोर लगा ले, शराब ठेकों के सेल्समेन खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर सेल्समेनों द्वारा निर्धारित समय से इतर महंगे दामों में शराब की बिक्री की जा रही है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। आबकारी विभाग के नियमों के तहत देशी और अंग्रेजी शराब सहित बियर के ठेकों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक नियत है। उक्त समय से इतर सुबह 6 बजे से और रात्रि में भी 11-12 बजे तक शराब ठेकों के सेल्समेन ठेकों के अंदर मौजूद रहकर शटर के नीचे से शराब की बिक्री खुलेआम कर रहे हैं। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि ठेके के अंदर मौजूद सेल्समेन बंद शटर के नीचे से शराब की बिक्री कर रहा है। शराब पीने के शौकीन कुछ लोगों ने बताया कि नगर के अधिकांश ठेकों पर निर्धारित समय से पहले और बाद में भी शराब आसानी से मिल जाती है लेकिन निर्धारित मूल्य से कुछ रुपए अधिक अदा करने पड़ते हैं। वायरल के बाद देखना दिलचस्प होगा कि विभागीय अधिकारियों से लेकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले में क्या कार्यवाही करते हैं, या फिर नियमों की धज्जियां ऐसे ही उड़ाई जाती रहेगी।

### माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच टला



**कोंच(जालौन)-** गुरुवार की रात आयी आंधी-तूफ़ान और बारिश ने तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में चल रहे माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया। आयोजन समिति के प्रमुख आशु निरंजन महतवानी ने बताया कि गुरुवार को निर्धारित तीन लीग मैचों में सिर्फ एक मैच ही खेला जा सका। मैदान में चारों ओर पानी भर जाने से अगले तीन दिनों तक मैच हो पाना संभव नहीं है, वो भी तब जब फिलहाल अब इन दिनों में बारिश न हो। उन्होंने बताया कि क्वाटर और सेमीफाइनल मैचों सहित 31 मई को खेले जाने वाले फाइनल मैच की तारीख आगे बढ़ाई जाएगी, जिसकी जानकारी उचित माध्यम से विधानसभा वासियों को दी जाएगी। गौरतलब हो कि फाइनल मैच में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने वाले थे और प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बुंदेलखंड में उनके प्रथम आगमन की तैयारियां विधायक मूलचंद्र निरंजन के नेतृत्व में जोरों पर की जा रही थी। अब प्रदेश अध्यक्ष का 31 मई को आगमन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

### बगैर विकास कार्य कराए ही सरकारी धन डकारने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)-** विकास खंड कोंच क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरी में फर्जी सीसी सड़क निर्माण कार्य को फर्जी बताते हुए इसके भुगतान की जांच कराने की माँग की है। शिकायतकर्ता ग्रामीण प्रदीप कुमार और दीपेश ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र पंचायत द्वारा कागजों में सीसी निर्माण कार्य दिखाकर लाखों रुपये का भुगतान निकाल लिया गया जबकि मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार वर्ष 2022-23 में क्षेत्र पंचायत द्वारा बिरंचीलाल के मकान से खैरापति मंदिर तक सीसी निर्माण कार्य कराया जाना अभिलेखों में दर्ज किया गया है। इस कार्य की वर्क आईडी संख्या 3138006/RC/95848625582333 5301 बताई जा रही है। उक्त कार्य के नाम पर कुल 5 लाख 61 हजार 289 रुपये का भुगतान निकाला गया, लेकिन वास्तविकता में मौके पर ऐसा कोई निर्माण कार्य कराया ही नहीं गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा फर्जी तरीके से भुगतान कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम से मांग की है कि मामले की जांच टीएससी अथवा चीफ टीएससी स्तर से कराई जाए, ताकि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।

# आंधी पानी ने बिजली व्यवस्था की चौपट

**● दर्जनो ट्रांसफार्मर और सैंकड़ों पोल हुए क्षतिग्रस्त, ग्रामीण इलाकों की सप्लाई ठप्प**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** गुरुवार की देर रात आयी आंधी-तूफान और बारिश ने बिजली व्यवस्था पूरी तरह चौपट कर दी। तहसील क्षेत्र में करीब एक सैकड़ा बिजली पोल गिर गए, जबकि 20 से 25 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली लाइनें टूट गई जिससे नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की सप्लाई ठप्प हो गई। शुक्रवार शाम तक भी अधिकांश फीडरों की बिजली बहाल नहीं हो सकी थी जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंधी-तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली विभाग पर पड़ा है। कोंच प्रथम और कोंच द्वितीय बिजली घरों तक जाने वाली लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई थीं। विभागीय कर्मचारियों ने पहले मुख्य लाइनों को दुरुस्त किया, इसके बाद नगर के फीडरों को चालू करने का काम शुरू किया गया। शुक्रवार दोपहर तक कोंच द्वितीय बिजली घर से केवल भगतसिंह और दोहर फीडर ही चालू हो सके थे जबकि इमलौरी, नदीगांव, तीतरा, सामी नया और सामी पुराना फीडर की लाइनें दुरुस्त न होने के बाद सप्लाई चालू नहीं हो सकी है। वहीं कोंच प्रथम बिजली घर से कोंच फर्स्ट, एसआरपी और फैक्ट्री फीडर की सप्लाई ही बहाल हो सकी थी। उरई ग्रामीण, जालौन ग्रामीण, उरई-जालौन नलकूप, अंडा, कोल्ड स्टोर, रामकुंड और कोंच सेकेंड फीडर शाम तक भी चालू नहीं हो सके थे। जेई अमन पांडे एवं अमन खान ने बताया कि आंधी-पानी के कारण अधिकांश बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। लौना, सिमिरिया, भदारी, ताहरपुरा और दिरावटी समेत द्वितीय बिजली घर के ग्राम सलैया, लौना, देवगांव, पचीपुरा, चमरऊआ, भदेबरा सहित अन्य कुछ गांवों में ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। कर्मचारियों की टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हैं। सभी फीडरों की सप्लाई बहाल होने में करीब दो दिन का समय लग सकता है। वहीं गुरुवार रात से बिजली गुल रहने के कारण लोगों का बुरा हाल रहा। पेयजल संकट के चलते लोग नहाने-धोने तक के लिए परेशान दिखे।

# आंधी बारिश में मंडी के भीतर मूंग की फसल को पहुंचा नुकसान

**●पेड़ गिरने से मंडी में खुली कैंटीन हुई क्षतिग्रस्त**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** गल्ला मंडी में इन दिनों मूंग की रिकॉर्ड तोड़ आवक हो रही है। रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली मूंग लेकर किसान मंडी पहुंच रहे हैं जिससे देर रात तक तुलाई का कार्य चल रहा। इसी बीच गुरुवार की देर रात अचानक आयी तेज आंधी-पानी ने मंडी में अफरा-तफरी मचा कर रख दी। बारिश के दौरान दुकानों के बाहर रखी भारी मात्रा में मूंग की बोरियां भीग गई जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं मंडी परिसर में खड़ी मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को किसान बारिश शुरू होते ही सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाते नजर आए। अचानक मौसम खराब होने से कई किसानों की मूंग भी पानी में भीग गई। व्यापारियों का कहना है कि इन दिनों मंडी में मूंग की आवक सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक है जिसके चलते पर्याप्त जगह न मिलने से माल खुले में रखना पड़ रहा है। अचानक हुई बारिश ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। वहीं गल्ला मंडी परिसर में एक बड़ा पेड़ अचानक केंटीन के ऊपर गिर पड़ा जिससे केंटीन क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के समय वहां कोई मौजूद नहीं था जिससे बड़ा हादसा टल गया। पेड़ गिरने से केंटीन का काफी नुकसान हुआ है। घटना के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## मौसम विभाग का रेड अलर्ट जारी, डीएम ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की

**● 100 किमी प्रति घंटा तक चल सकती हैं तेज हवाएं, भारी बारिश और आकाशीय बिजली की चेतावनी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जिले के लिए आगामी दो दिनों का रेड अलर्ट जारी किया गया है। संभावित भारी वर्षा, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि और आकाशीय बिजली को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों से सावधानी बरतने और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार 29 मई को मौसम का प्रभाव सबसे अधिक रहने की संभावना है। इस दौरान 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि कुछ स्थानों पर हवा की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। उन्होंने नागरिकों से आंधी-तूफान के दौरान घरों के अंदर सुरक्षित रहने, पुराने पेड़ों, कमजोर दीवारों, बिजली के खंभों और बड़े होर्डिंग्स के नीचे खड़े न होने की सलाह दी है। प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को अलर्ट जारी करते हुए आपदा नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निकाय, सिंचाई, लोक निर्माण और आपदा प्रबंधन विभाग को समन्वय बनाकर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, खंड विकास अधिकारियों तथा नगर निकायों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नगर निकायों को जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने, नालों की सफाई कराने और जलभराव वाले क्षेत्रों पर निगरानी रखने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग को जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर दवाइयों, एम्बुलेंस और आपात चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं विद्युत विभाग को जर्जर तारों और पोलों की समीक्षा कर मरम्मत दल सक्रिय रखने के लिए कहा गया है। आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह के अनुसार एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है, जिसके प्रभाव से 28 मई से 31 मई तक प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी, ओलावृष्टि और व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ ही तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। प्रशासन ने आपात स्थिति में पुलिस और अग्निशमन सेवा के लिए 100 एवं 101, एम्बुलेंस सेवा के लिए 108 और 102 तथा जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 1077 और 05176-272613 पर संपर्क करने की अपील की है।

# कचनरवा मुख्य बाजार में गंदगी का लगा अंबार, लोगों को हो रही है भारी फजीहत

**●खुले में बिक रहा है मुर्गा, मछली और संबंधित विभाग मौन, हॉस्पिटल व बागेसोती रोड जाम**

**सड़क पर लोगों का चलना हुआ दुश्वार, प्रशासन से कार्रवाई की मांग**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र –** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचनरवा मुख्य बाजार इन दिनों अतिक्रमणकारियों व मुर्गा मछली के दुकानदारों की भेंट चढ़ गया। जिसके क्रम में पूर्व में खबर प्रकाशित हो चुका है फिर भी प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।ऐसा ही मामला शुक्रवार को पुन : देखने को मिला जहाँ लोगों को आने जाने वाले लोगों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा। इसी क्रम में बतादें कि कोन विंढमगंज मार्ग, कचनरवा बागेसोती मार्ग, हॉस्पिटल मार्ग इन दिनों मुर्गा मछली के दुकानदारों द्वारा सड़क पर कब्जा कर दुकान लगाया जा रहा है जो जनहित में नहीं है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं किया जा रहा है जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसलें बुलंद है और लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि कचनरवा मुख्य बाजार से मुर्गा मछली के दुकान व अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग लंबे अरसे से की जा रही है किन्तु प्रशासन की विफलता के कारण अतिक्रमण मुक्त नहीं हो सका बल्कि इन दिनों गंदगी व बदबू से लोगों का जीना हुआ दूभर। जबकि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में खुले में मांस की बिक्री न हो । बतादें कि माँस प्रदर्शन पर सख्त प्रतिबंध है कोई भी दुकानदार खुले में मांस लटकाकर या प्रदर्शित करके नहीं बेच सकता और दुकानों पर मांस को खुले में लटकाना या प्रदर्शित करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार दुकानों के सामने मोटे पर्दे या गहरे रंग का कांच लगाना अनिवार्य है ताकि बाहर से मांस दिखाई न दे और मांस बेचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग (स्नस्स्ढ्ढ) से वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर बिना लाइसेंस के मांस बेचने वालों पर भारी जुर्माने और दुकान सील करने व सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। लोगों का कहना है कि अबैध /बिना वैध लाइसेंस के सड़क किनारे मुर्गा मछली की दुकान लगाकर सड़क पर सरेयाम काटा जा रहा है। जहाँ लोगों को आते जाते समय छीटे पड़ते हैं जिससे मारपीट गाली गलौज की संभावना बढ़ जा रही है। इसके अलावा लोगों को माँस मछली के दुर्गंध से क्षेत्र में भयानक रोग फ़ैलने का डर सता रहा है। स्थानीय निवासी प्रदीप, राजेंद्र, बिहारी, राजेश सहित स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी व जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल सड़क पर खुले माँस बेचने पर प्रतिबंध लगाने एवं अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया है ।इस बावत् फूड इंस्पेक्टर से सेल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका।

# राजघाट रोड हरदीला में शराब दुकान का विरोध तेज

**● श्रीमानजी, हम पढ़ना चाहते हैं, छात्र-छात्राओं ने डीएम से लगाई गुहार**

**कोचिंग, लाइब्रेरी और मंदिर जाना हुआ बंद, छात्राओं ने सुरक्षा को बताया बड़ा मुद्दा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** राजघाट रोड हरदीला क्षेत्र में संचालित शराब की दुकान को लेकर अब स्थानीय छात्र-छात्राओं का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। क्षेत्र के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर शराब दुकान को आबादी से हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है और इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, मानसिक स्थिति और सुरक्षा पर पड़ रहा है। प्रार्थना पत्र में छात्र-छात्राओं ने भावुक अपील करते हुए लिखा कि वह सभी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक तैयारी में जुटे हुए हैं, लेकिन शराब दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों के जमावड़े के कारण अब उनका कोचिंग जाना, लाइब्रेरी जाना और बाजार तक निकलना मुश्किल हो गया है। छात्रों ने प्रशासन से कहा कि हम पढ़ना चाहते हैं, हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

**टैक्सी स्टैंड के सामने शराब दुकान, छात्राओं में भय**

छात्रों ने बताया कि जिस स्थान पर शराब की दुकान संचालित हो रही है, उसके ठीक सामने टैक्सी स्टैंड स्थित है, जहां से छात्र-छात्राएं कोचिंग और लाइब्रेरी आने-जाने के लिए वाहन लेते हैं। शाम के समय यहां शराबियों की भीड़ लगने से छात्राओं को भारी असुरक्षा महसूस होती है। कई बार अभद्र टिप्पणियों और असहज माहौल का सामना भी करना पड़ता है। छात्राओं ने कहा कि अंधेरा होने के बाद स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है, जिसके चलते अभिभावकों ने बेटियों को अकेले बाहर भेजना लगभग बंद कर दिया है। अब कई छात्र-छात्राओं की कोचिंग और लाइब्रेरी जाना तक रुक गया है। माता मंदिर के पास दुकान से धार्मिक भावनाएं भी आहत स्थानीय लोगों ने बताया कि शराब दुकान से करीब 30 से 40 कदम की दूरी पर माता का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं एवं श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं, लेकिन शराब दुकान के कारण मंदिर परिसर के आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने भी इस पर नाराजगी जताई है।

**पिसनारी बाग में स्थानांतरण की मांग**

छात्र-छात्राओं ने प्रशासन से मांग की है कि शराब दुकान को तत्काल वर्तमान स्थान से हटाकर पूर्व प्रस्तावित स्थान पिसनारी बाग में स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र का माहौल सामान्य हो सके और छात्र-छात्राएं बिना भय के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। प्रार्थना पत्र पर समृद्धि, आराध्य, आयुषी, प्राची, प्रतीक, श्रेयांश, कार्तिकेय, मनु शुक्ला, रूपल, आर्यन सहित अनेक छात्र-छात्राओं के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

**मुख्यमंत्री कार्यालय और महिला आयोग को भी भेजी शिकायत**

मामले की गंभीरता को देखते हुए छात्रों ने अपनी शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ, जिला आबकारी अधिकारी ललितपुर तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार को भी भेजी है। छात्रों और अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा

# जनगणना-2027 के उत्कृष्ट कार्य पर 13 प्रगणक सम्मानित

**● अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा ने फूलमाला पहनाकर बढ़ाया टीम का उत्साह**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पालिका परिषद के 13 प्रगणकों एवं सुपर वाइजरों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। सुपर मार्केट स्थित आईसीसीसी जनगणना कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने सभी कर्मियों को फूलमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद घर-घर जाकर जनगणना कार्य को गति देना अत्यंत सराहनीय एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है। उन्होंने सभी प्रगणकों और सुपर वाइजरों की मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए कहा कि लगातार फील्ड मॉनिटरिंग के चलते जनगणना कार्य में तेजी आई है और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कराने के लिए टीम पूरी सक्रियता से कार्य कर रही है। सम्मानित होने वाले प्रगणकों में ब्लॉक संख्या-186 के चन्द्रमोहन चौबे, ब्लॉक-246 के प्रवीण सोनी, ब्लॉक-01 के भगवान सिंह, ब्लॉक-02 के वीरेन्द्र, ब्लॉक-81 के चन्द्रविनोद मिश्रा, ब्लॉक-302 के आदेश, ब्लॉक-134 की प्रियंका सक्सैना, ब्लॉक-235 के दिनेश कुमार विश्वकर्मा, ब्लॉक-129 के मनोहरलाल नामदेव, ब्लॉक-126 की साधना पटैरिया, ब्लॉक-127 की मीना जैन, ब्लॉक-289 की स्मृति सिंह तथा ब्लॉक-145 के दीपेन्द्र कुमार शामिल रहे। इसके अलावा सुपर वाइजर अनिल पटैरिया, शक्ति सिंह अहिरवार एवं मनोज कुमार को भी सम्मानित किया गया। चार्ज अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में भवन गणना का कार्य कराया जा रहा है। नगर क्षेत्र को कुल 311 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जहां प्रत्येक ब्लॉक में एक प्रगणक एवं उनकी निगरानी के लिए सुपर वाइजर तैनात किए गए हैं। अब तक 13 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 298 ब्लॉकों में कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग के माध्यम से शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनगणना लिपिक हबीब खान, अमित पाराशर, फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, अंकित तिवारी, आशीष मालवीय, अभिषेक सिंह, देवकी कुशवाहा सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु व्यापक तैयारियां पूण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-28 को सकुशल, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी के निर्देशन में परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ल को नगर प्रभारी नामित किया गया है। इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता मे बैठक की गयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने कहा कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) प्रमोद कुमार को जनपद नोडल समन्वयक तथा राजकीय मॉडल महाविद्यालय पवनी कला के प्राचार्य डॉ0 परवेज आलम को उप नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा केन्द्रों पर निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केन्द्र प्रतिनिधियों की तैनाती गयी है। यह परीक्षा दिनांक 31 मई,2026 को प्रथम पाली सुबह 09:00 से 12:00 बजे, द्वितीय पाली में 02:00 बजे से 05:00 बजे तक, जनपद में 06 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, इस परीक्षा में कुल 2186 परीक्षार्थी सम्मलित होगें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए उन्हें कोषागार के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा तथा परीक्षा सामग्री को निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराई जा सके। इसके अतिरिक्त संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा परीक्षा से संबंधित गोपनीय अभिलेखों एवं सामग्री की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता के साथ सम्पन्न कराया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सर्किल क्षेत्रान्तर्गत थानों के पैरोकारों के साथ समीक्षा बैठक की गई आयोजित

**● ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** शुक्रवार दिनांक 29.05.2026 को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा अपने सर्किल क्षेत्रान्तर्गत थानों के पैरोकारों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य न्यायालय में विचाराधीन एवं लंबित प्रकरणों के प्रभावी निस्तारण, अभियोजन कार्यवाही को सुदृढ़ करने तथा अपराधियों को शीघ्र दंडित कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। बैठक के दौरान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत चिन्हित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पैरोकार अपने-अपने थानों से संबंधित लंबित मामलों में समयबद्ध रूप से साक्ष्यों का संकलन, गवाहों की उपस्थिति एवं न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें, जिससे अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाई जा सके। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा टॉप-10 अपराधियों, गैंगस्टर एक्ट एवं अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही न्यायालय में विचाराधीन मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा अभियोजन कार्य में पुलिस एवं अभियोजन विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। बैठक में समस्त पैरोकारों को अपने अभिलेख अद्यतन रखने एवं प्रत्येक प्रकरण की प्रगति से उच्चाधिकारियों को समय-समय पर अवगत कराते रहने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के प्रयास से संबंधित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत मंगलवार को कटरा इन्द्रकुंवर पुल के पास पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षीगण द्वारा वादी एवं उसके भाई के साथ लाठी-डण्डा व हाकी से मारपीट की गई, जिसमें वादी का भाई गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। जिसके संबंध में थाना कोतवाली देहात पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 अवधेश सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित वांछित अभियुक्त अश्वनी सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी कटरा इन्द्रकुंवर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ उम्र 27 वर्ष को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत कटरा इन्द्रकुंवर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

### धर्मांतरण प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी निवासी ग्राम बहरिया अहिना, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना मान्धाता पर तहरीर दी गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि नामजद अभियुक्तगण द्वारा प्रवचन, प्रलोभन एवं दबाव व दबंगई के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया गया है। उक्त तहरीर के आधार पर थाना मान्धाता पर धारा 3/5(1)/11 उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना मान्धाता के उ0नि0 अरविन्द कुशवाहा हमराह द्वारा थाना मान्धाता में दर्ज मुकदमा से संबंधित 02 अभियुक्त अभियुक्ता सुरेन्द्र कुमार पुत्र भगवती प्रसाद निवासी ग्राम सण्डिला (भीटरिया) थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 49 वर्ष व रीता देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम सण्डिला थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 39 वर्ष को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सण्डिला (भीटरिया) से गिरफ्तार किया गया।

### युवती के लापता होने पर अपहरण का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवती के लापता होने को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 27 मई को दोपहर करीब एक बजे उसकी 18 वर्षीया पुत्री बिना बताए घर से कही चली गयी। खोजबीन के दौरान 28 मई को पीड़ित परिवार को जानकारी हुई कि पूरे आधार पिंडारिया गांव निवासी आकाश पुत्र भगत सरोज शादी का झांसा देकर पीड़िता की पुत्री को लेकर कहीं चला गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### सिद्धार्थनगर से दिल्ली जा रही मां-बेटी की इटावा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में मौत

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर से पति के पास दिल्ली जाने के लिए निकली मां-बेटी की आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार तड़के इटावा जिले के उसराहार क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी बस से उतरकर शौच के लिए गईं, बांसी कोतवाली क्षेत्र के खोजीपुर गांव की 50 वर्षीय कुसुम और उनकी 13 वर्षीय पुत्री अंजली को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गांव और स्वजन में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार खोजीपुर निवासी गौरीशंकर चौरसिया दिल्ली में भंगार का काम करते हैं। उनकी पत्नी कुसुम सबसे छोटी बेटी अंजली के साथ सिद्धार्थनगर से स्लीपर बस द्वारा दिल्ली जा रही थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 128+900 पर बस चालक ने वाहन सड़क किनारे रोक दिया। बस रुकने पर कई यात्री नीचे उतर गए। इसी दौरान कुसुम और अंजली अंधेरे में डिवाइडर की ओर चली गईं। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई।

# भीषण गर्मी में आपूर्ति व्यवस्था का लचर प्रबंधन सरकार की नाकामी- प्रमोद तिवारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के भयावह संकट को देखते हुए प्रदेश सरकार से केन्द्र से अनुरोध कर वित्तीय मदद के जरिए फौरन बिजली क्रय किये जाने पर जोर दिया है। उन्होने कहा कि अदूरदर्शिता तथा लचर व्यवस्था के कारण इस समय प्रतापगढ़ समेत पूरा प्रदेश भीषण गर्मी में पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने से परेशान है। शुक्रवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने ननौती तथा रेहुआ लालगंज व मंगापुर एवं सांगीपुर के साथ लालगंज में कार्यकर्ताओं तथा जनता से संवाद के जरिए कहा कि सरकार द्वारा वर्टिकल सिस्टम लागू करने से हुई संविदा कर्मचारियों कम संख्या के चलते विद्युत फाल्ट ठीक होने में अधिक समय लग रहा है। प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को लेकर व्यवस्था की बदहाली के बाबत उन्होनें बताया कि बीती पचीस मई को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को अलग अलग लिखे पत्र में गृह जनपद प्रतापगढ़ समेत पूरे प्रदेश में मांग के अनुरूप बिजली पैदा न होने से उत्पन्न आपूर्ति के संकट के बाबत कारगर सुझाव सरकार को सौंपा गया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने लोगों को पत्र के बाबत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 132 केवीए क्षमता के विद्युत उपकेन्द्रों की छः करोड़ पचीस लाख छिहत्तर हजार किलोवाट विद्युत आपूर्ति की क्षमता है। उन्होने कहा कि इसके विपरीत पंजीकृत उपभोक्ताओं द्वारा लिया गया लोड आठ करोड़ सत्तावन लाख किलोवॉट है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इधर डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ने से जनरेटर भी न चला पाने के कारण लोगों के सामने संकट और गहरा गया है।उन्होने प्रदेश में वर्टिकल व्यवस्था को समाप्त करने के साथ संविदाकर्मियों की बहाली एवं स्वीकृत पदों के सापेक्ष अविलम्ब भर्ती पर भी जोर दिया है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में अधिमास के मेले से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।ननौती तथा सांगीपुर व लालगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत भी हुआ दिखा। उन्होने क्षेत्र के बड़हुआं, पूरे भूसू, मदनगढ़ बेलहा, रामपुर, सराय संग्राम सिंह में भी लोगों से मुलाकात कर विधायक मोना द्वारा संचालित विकास योजनाओं के पूरा होने में सहयोग मांगा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, महेन्द्र सिंह, रामकृपाल पासी, भुवनेश्वर शुक्ल, लालजी यादव, आशीष उपाध्याय, मो0 असलम, डा0 चन्द्रेश सिंह, शीतला प्रसाद दुबे, जर्रार हुसैन, कल्लू पाण्डेय, रवीन्द्र मिश्र, सुनील त्रिपाठी, महन्त द्विवेदी, पप्पू तिवारी, दारा सिंह, मुरलीधर तिवारी, पन्नेलाल पाल, आशीष कौशल, त्रिभु तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल, दयाराम वर्मा, राममिलन यादव, श्याम नारायण तिवारी, उधम सिंह, छोटे लाल सरोज, लालजी पटेल, धीरेन्द्रमणि शुक्ला, उदयशंकर दुबे, जियाउल, श्रीश पाण्डेय, आसिफ खां, निजाम आदि रहे।

# सिद्धार्थनगर में विधायक अपना दल (एस) ने DM को भेजा वीडियो : पहली ही बारिश में ही कटान रोधी बोल्डर बहने लगे

**●सिंचाई विभाग पर करोड़ों के घोटाले के आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ और कटान से बचाव के लिए कराए जा रहे करोड़ों रुपये के कार्यों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अपना दल (एस) के विधायक विनय वर्मा ने जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को पत्र भेजकर सिंचाई विभाग के ड्रेनेज खंड और सरयू नहर खंड के अधिकारियों व ठेकेदारों पर मिलीभगत कर मानक विहीन कार्य कराने का आरोप लगाया है। विधायक ने इसे सरकारी धन की खुली बर्बादी बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तेज बारिश और पहाड़ों से बाढ़ का पानी आता है, तो पूरा बचाव कार्य बह सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौके पर हो रहे कार्य बेहद घटिया और गुणवत्ता विहीन हैं। विधायक विनय वर्मा ने अपने पत्र में यह भी बताया कि उन्होंने 19 मई को भी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कटान रोधी कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत की थी। इसके बाद प्रशासन ने सोशल मीडिया पर कुछ कार्यों के पूरा होने की जानकारी साझा की थी, लेकिन विधायक के अनुसार, जमीनी हकीकत अलग है। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे केवल ऐसी तस्वीरें और सूचनाएं भेज रहे हैं, जिनसे कार्यों को बेहतर दिखाया जा सके। विधायक वर्मा ने सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें कटान रोकने के लिए लगाए गए बोल्डर पहली ही बारिश में खिसकते और बहते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि नदी के कटान को रोकने और पुलों व तटबंधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ये बोल्डर बारिश का दबाव नहीं झेल पाए। पहली ही बारिश में खिसकते और बहते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि नदी के कटान को रोकने और पुलों व तटबंधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ये बोल्डर बारिश का दबाव नहीं झेल पाए।

# हिण्डालको कर्मचारी रवि सिंह का भव्य सम्मान, विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर बढ़ाया भारत का मान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र ( रेणुकूट )/ उत्तर प्रदेश –** जनपद के होनहार खिलाड़ी रवि सिंह, जो हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के बॉयलर को-जनरेशन विभाग में कार्यरत हैं, उन्होंने यूरोप के देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित 8वीं वर्ल्ड क्वान की डो चैंपियनशिप 2026 में रजत पदक जीतकर पूरे भारत, उत्तर प्रदेश और सोनभद्र जिले का नाम रोशन किया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 20 मई से 24 मई 2026 तक आयोजित हुई, जिसमें कुल 37 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रवि सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए रजत पदक अपने नाम किया। रवि सिंह की इस बड़ी सफलता पर जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रवि सिंह को फूल-माला और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारियों ने कहा कि रवि सिंह ने अपने संघर्ष और मेहनत से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। वहीं हिण्डालको परिवार की ओर से भी रवि सिंह का भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हिण्डालको के मुखिया समीर नायक, क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह, एचआर हेड अजय सिन्हा, बॉयलर को-जेन हेड कैलाश प्रधान, कमल किशोर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रवि को सम्मानित करते हुए बधाई दी। रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर हिण्डालको के एचआर विभाग तक रवि सिंह का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। हिण्डालको के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने रवि का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला । इस अवसर पर आयोजित मीडिया कॉन्फ्रेंस में रवि सिंह ने अपने संघर्ष की कहानी साझा की। अपनी यात्रा और कठिन परिश्रम को याद करते हुए रवि भावुक हो गए और उनकी आंखों में आंसू आ गए। रवि ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने वर्षों तक कठिन मेहनत, अनुशासन और संघर्ष किया। रवि सिंह ने अपनी इस उपलब्धि का पूरा श्रेय अपनी माता एवं स्वर्गीय पिता महामाया प्रसाद सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद और संघर्ष हमेशा उनके साथ रहा। रवि ने कहा कि माता-पिता के सपनों को पूरा करना ही उनका सबसे बड़ा लक्ष्य था। आज रवि सिंह पूरे सोनभद्र और देश के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# महरौनी पुलिस ने बरामद किए 4 खोए मोबाइल, स्वामियों को लौटाए

**●करीब 45 हजार रुपये कीमत के मोबाइल पाकर खिले लोगों के चेहरे**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना महरौनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई तथा उन्होंने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। थाना महरौनी की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण किया तथा भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर मोबाइल फोन की जानकारी अपलोड कर संबंधित नंबरों को ट्रेस कराया। प्राप्त तकनीकी डेटा के विश्लेषण के बाद पुलिस टीम ने विभिन्न कंपनियों के 4 मोबाइल फोन बरामद कर लिए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक एवं थाना महरौनी पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, कांस्टेबल मोहित कुमार, कांस्टेबल श्यामवीर गुर्जर शामिल रहे।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु तैयारियों की गई समीक्षा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** जनपद में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 को नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 31 मई को उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 16 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक आयोजित होगी। बैठक को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अपर जिला अधिकारी ने बैठक में कहा कि संयुक्त बी0एड्0 प्रवेश परीक्षा की दिशा निर्देश पुस्तिका का सभी विधिवत अवलोकन कर लें और इसी के अनुरूप परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये। बैठक में सीओ लाइन शिव नारायण वैश सहित सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, महिला की मौत के बाद पीड़ित परिजनों ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही और मनमानी तरीके से धन वसूली करने का गंभीर आरोप लगाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि ' स्वतंत्र प्रभात ' नहीं करता है। बताया जा रहा है कि महिला मरीज के इलाज के नाम 3.50 लाख रुपए परिजनों से लिए गए। अस्पताल के डाक्टरों के लापरवाही के कारण महिला की मौत हो गई। पीड़ित परिजनों ने संबंधित अस्पताल के डाक्टरों के विरूद्ध प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के भगत सिंह नगर निवासी रितेश पुत्र कन्हैयालाल ने आरोप लगाया है कि उनकी माता प्रभावती देवी को उपचार के लिए जिला मुख्यालय क्षेत्र स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि उपचार के दौरान मरीज को आईसीयू में रखा गया, लेकिन हालत गंभीर होने के बावजूद उचित देखभाल नहीं की गई। पीड़ित परिवार के आरोप के अनुसार अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों और कर्मचारियों द्वारा इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई तथा मरीज की स्थिति बिगड़ने पर उन्हें आनन -फानन में घर भेज दिया गया। परिजनों का यह भी कहना है कि डिस्चार्ज के समय आवश्यक दवाओं को लेकर पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई, अस्पताल संचालक और चिकित्सकों के लापरवाही का सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि जांच रिपोर्ट की पर्ची में 12. 5.26 की जगह 12.6.26 लिखा गया है । इससे लगता है की मरीजों का जांच केवल रूपए के लिए ही कराया जाता है यदि मरीजों के जांच रिपोर्ट के आधार पर डाक्टरों द्वारा दवा दी जाती तो जांच रिपोर्ट के पर्ची का अध्ययन जरूर किया जाता। आरोप है कि उसके बाद मरीज की तबीयत दोबारा बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर महिला को पुनः अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित पक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, संबंधित जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने तथा निजी अस्पताल की कार्यप्रणाली की जांच कराने की मांग की है। हालांकि, मामले में अस्पताल प्रबंधन अथवा संबंधित चिकित्सकों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद एक बार फिर जिले में संचालित निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

# पीएम किसान योजना के लाभार्थी किसानों के लिए वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब सभी लाभार्थी किसानों के लिए वर्ष में एक बार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि कोई किसान निर्धारित अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराता है, तो भारत सरकार द्वारा उसकी योजना की किस्तें अस्थायी रूप से रोक दी जाएंगी। ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही योजना की अगली किस्त जारी की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है। किसानों की सुविधा के लिए ई-केवाईसी के कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से किसान आसानी से अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा विकसित पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से किसान घर बैठे स्वयं फेसियल ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी भी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। कृषि विभाग के न्याय पंचायत एवं विकास खंड स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से भी किसानों की ई-केवाईसी कराई जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रूपये 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है।कृषि विभाग द्वारा अपील की गई है कि ऐसे किसान बंधु जिन्होंने मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच पीएम किसान योजना में ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे 30 जून से पूर्व अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करा लें, जिससे योजना की आगामी किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# संभावित आंधी-तूफान एवं बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट, गांव-गांव चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –**जनपद में दिनांक 29 एवं 30 मई को संभावित तेज आंधी, बारिश तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को मौसम की संभावित आपदा से बचाव हेतु विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पंचायत भवनों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा संबंधी पोस्टर एवं बैनर लगाए जा रहे हैं साथ ही लाउडस्पीकर एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम, टोल प्लाजा, पुलिस विभाग द्वारा डायल 112 के माध्यम से आमजन को लगातार सतर्क रहने एवं सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की जा रही है। गांव-गांव में मुनादी कराते हुए लोगों को बताया जा रहा है कि खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों एवं खुले स्थानों से दूर रहें तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि किसान, पशुपालकों, मजदूरों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लोगों को सुरक्षित भवनों में शरण लेने, मोबाइल एवं विद्युत उपकरणों का सावधानी से उपयोग करने तथा मौसम विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाये इस हेतु जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि सुरक्षा ही बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जनहित में जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को 112 व 1077 पर तत्काल सूचना दें। प्रशासन द्वारा यह जागरूकता अभियान युद्ध स्तर पर निरंतर संचालित किया जा रहा है।

# शक्तिनगर पुलिस की त्वरित कार्यवाही, गैर इरादतन हत्या का आरोपी आला कत्ल सहित गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शक्तिनगर / सोनभद्र –** दिनांक 28.05.2026 को थाना शक्तिनगर पर प्रार्थिनी फुलमती देवी पत्नी रामजीवन पनिका निवासी ग्राम कछनी थाना बैढ़न जनपद सिंगरौली (म0प्र0) द्वारा सूचना दी गई कि उसकी पुत्री आशा देवी उम्र लगभग 45 वर्ष अपने पति महेंद्र पुत्र दशरथ निवासी भलुआ टोला थाना ओबरा जनपद सोनभद्र के साथ थाना शक्तिनगर क्षेत्र में किराये के मकान में रह रही थी। दिनांक 27.05.2026 की रात्रि अभियुक्त महेंद्र शराब के नशे में घर आया, जहां पति-पत्नी के मध्य विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान अभियुक्त द्वारा कपड़े से गला दबा देने के कारण आशा देवी अचेत हो गई, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 108/2026 धारा 105 बीएनएस बनाम महेंद्र पुत्र दशरथ पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही की गई तथा पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त महेन्द्र गुप्ता को घटना में प्रयुक्त आला कत्ल (एक अदद लेगी) के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरान्त अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -महेन्द्र गुप्ता पुत्र स्व0 दशरथ निवासी हाल पता खड़िया बाजार थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र, स्थायी पता ग्राम भलुआ टोला थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 45 वर्ष।दिनांक 28.05.2026 को बोदरा बाबा रेलवे पुल अण्डरपास थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, थाना शक्तिनगर, उ0नि0 रामबचन सिंह यादव, का0 उमेश कुमार गौतम, का0 प्रशान्त श्रीवास शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध तमंचे के साथ एक शातिर को किया गिरफ्तार




**गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को बरेसर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में तेजतर्रार बरेसर प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने बताया की मुखबिर से सूचना मिली की सुतिहार अंडरपास पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद हैं। उस व्यक्ति की हरकत संदिग्ध लग रही है, सूचना मिलते ही क्षेत्र में भ्रमण कर रहे बाराचवर चौकी प्रभारी ओमप्रकाश यादव उक्त मौके पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारी ने बताया की ओमप्रकाश यादव को जैसे ही सूचना मिली उन्होंने अपने साथ गश्त कर रही टीम को लेकर मौके पर पहुंचे जहां एक व्यक्ति मौजूद था। जो टीम को देखकर भागने लगा इसी दौरान चौकी प्रभारी व उनकी टीम ने भाग रहे व्यक्ति को धर दबोचा व थाने लेकर चले आये। जब पकड़े गये व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके पास एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया की उसके पास अवैध तमंचा मौजूद था। पकड़ा गया व्यक्ति हरिओम जायसवाल पुत्र रमाकांत जायसवाल है। जो थाना क्षेत्र के चकजैनब का रहने वाला।

### E-Office: मेयर इंदरजीत कौर और म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ. गुप्ता ने टैबलेट लॉन्च किए; एफ एंड सीसी और हाउस की मीटिंग पेपरलेस होंगी



**लुधियाना:** E-Office को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने टैबलेट लॉन्च किए, जो पार्षदों और अधिकारियों को दिए जाएंगे। मेयर इंदरजीत कौर और म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ. गुप्ता ने शुक्रवार को सराभा नगर में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ज़ोन ष्ठ ऑफिस में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को दिए गए कुछ टैबलेट का इंस्पेक्शन किया। उम्मीद है कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को आने वाले हफ्तों में बाकी सभी टैबलेट मिल जाएंगे। फिर इन्हें पार्षदों और अधिकारियों में बांटा जाएगा, जिसके बाद जनरल हाउस और एफ एंड सीसी की मीटिंग पेपरलेस हो जाएंगी।

म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने कहा कि टैबलेट खरीदने के प्रस्ताव को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के जनरल हाउस ने मंजूरी दे दी है और टैबलेट जल्द ही जनरल हाउस के सदस्यों में बांट दिए जाएंगे। मेयर इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने कहा कि यह ई-ऑफिस लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे नगर निगम के ऑफिसों में ट्रांसपेरेंसी और एफिशिएंसी और बढ़ेगी। इसके अलावा, इससे नगर निगम के जनरल हाउस और एफ एंड सीसी मीटिंग में इस्तेमाल होने वाले समय और कागज़ की भी बहुत बचत होगी। मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर डॉ. गुप्ता ने कहा कि नगर निगम में ई-ऑफिस को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसका मकसद शहर के लोगों को समय पर और अच्छे तरीके से सर्विस देना है।

# युद्धपोत देख भड़का चीन, लड़ाकू जहाज से नेवी को घेरा

● दावा किया जा रहा है कि डच नेवी का युद्धपोत, डच नेवी का हेलीकॉप्टर दक्षिण चीन सागर में ऑपरेशन कर रहा है और इससे चीन को आपत्ति है।

चीन की पीपल लिबरेशन आर्मी ने आरोप लगाया है कि नीदरलैंड की नौसेना का यह युद्धपोत डी रूटर चीन के शीशाद्वीप समूह के पास उसकी समुद्री सीमा में अवैध रूप से घुसा।

इस घटना के बाद चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए डच जहाज को चेतावनी दी और उसे वहां से हटाने के लिए सैन्य कारवाई की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चीन और उसके झगड़े कभी खत्म नहीं होंगे और यही वजह है कि दक्षिण चीन सागर में लगातार तनाव का नया मोर्चा खुलता चला जा रहा है। चीन और पश्चिमी देशों के बीच समुद्री अधिकारों को लेकर लंबे समय से विवाद है और इस बीच चीन ने आरोप लगाया है कि नीदरलैंड की डच नेवी का युद्धपोत डी रुएटर उसकी समुद्री सीमा में घुस गया और वहां हेलीकॉप्टर ऑपरेशन भी किया। इसके बाद चीनी सेना ने उसे रोकने और वहां से हटाने के लिए कारवाई की। इस बीच हंगामा काफी ज्यादा बढ़ गया। दावा किया जा रहा है कि डच नेवी का युद्धपोत, डच नेवी का हेलीकॉप्टर दक्षिण चीन सागर में ऑपरेशन कर रहा है और इससे चीन को आपत्ति है। चीन की पीपल लिबरेशन आर्मी ने आरोप लगाया है कि नीदरलैंड की नौसेना का यह युद्धपोत डी रूटर चीन के शीशाद्वीप समूह के पास उसकी समुद्री सीमा में अवैध रूप से घुसा। इस घटना के बाद चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए डच जहाज को चेतावनी दी और उसे वहां से हटाने के लिए सैन्य कारवाई की।

चीनी सेना के दक्षिणी थिएटर कमांड के प्रवक्ता झाई शीचेंग ने कहा है कि डच युद्धपोत ने ना केवल चीन के दावे वाले समुद्री क्षेत्र में प्रवेश किया बल्कि वहां हेलीकॉप्टर उड़ाकर चीन के हवाई क्षेत्र का भी उल्लंघन कर दिया। इसके जवाब में चीनी नौसेना और वायुसेना ने संयुक्त कारवाई की। उस जहाज को ट्रैक किया और उसे क्षेत्र छोड़ने को मजबूर किया। चीन का कहना है कि यह उसकी संप्रभुता और सुरक्षा



के खिलाफ सीधी चुनौती है। वहीं पश्चिमी देशों का मानना है कि दक्षिण चीन सागर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र है और वहां सभी देशों को आवाजाही की स्वतंत्रता प्राप्त है। दक्षिण चीन सागर इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बेहद अहम समुद्री मार्गों में से एक है। यहां से हर साल खरबों डॉलर का व्यापार गुजरता है। इसके अलावा यह क्षेत्र तेल, गैस और समुद्री संसाधनों से भी समृद्ध है। चीन इस क्षेत्र के बड़े हिस्से पर अपना दावा करता है। जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया और ब्रूनेई जैसे देश भी अपने अधिकार जताते रहे हैं।

अमेरिका और यूरोपीय देश अक्सर फ्रीडम ऑफ नेविगेशन यानी कि समुद्री स्वतंत्रता के नाम पर यहां अपने युद्धपोत भेजते रहे हैं जिससे चीन उकसावे की कारवाई मानता है। सूत्र के मुताबिक समुद्र में स्थिति काफी तनावपूर्ण थी जब इस तरह के हालात बन गए थे। चीनी नौसेना के जहाज और लड़ाकू विमान लगातार डच फ्रिगेट की निगरानी कर रहे थे। रेडियो संदेश के जरिए चेतावनी दी जा रही थी और दोनों पक्षों के बीच सैन्य सतर्कता बढ़ गई थी। ऐसे हालात में एक अगर छोटी सी भी कोई चूक होती तो फिर हालात और भी ज्यादा बिगड़ सकते थे। इस घटना ने एक बार फिर से यह सवाल खड़ा किया है कि क्या दक्षिण चीन सागर आने वाले समय में वैश्विक संघर्ष का एक बड़ा केंद्र बनेगा क्योंकि जिस तरह से चीन दक्षिण चीन सागर में गुंडागर्दी करने पर उतारू है उससे पता चलता है चीन के इरादे अच्छे नहीं है।

# महिला सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पीएमएमसी यूनिट ने अशोक रोड स्थित वाईडब्ल्यूसीए (YWCA) परिसर में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूक करना तथा दिल्ली पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली पुलिस म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति से हुई। बैंड ने देशभक्ति और प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार किया। जागरूकता सत्र के दौरान नई दिल्ली साइबर पुलिस स्टेशन की सब-इंस्पेक्टर कोमल शर्मा ने साइबर सुरक्षा विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और इनसे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर महिला एवं बाल सुरक्षा इकाई (SPUWAC) की एसीपी रेनू लता और इंस्पेक्टर आदिथ लिली ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों, कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों, व्यक्तिगत सुरक्षा के तरीकों तथा महिलाओं को उपलब्ध कानूनी संरक्षण के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क वाहन के माध्यम से जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किए गए, जिनमें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव और सावधानियां बताई गई।कार्यक्रम के अंत में वाईडब्ल्यूसीए की उपनिदेशक डॉ. वंदना जी. मसीह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# निराशाजनक IPL 2026 के बाद ऋषभ पंत का बड़ा फैसला, एलएसजी कप्तानी से अचानक इस्तीफा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आईपीएल 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने का फैसला किया है। एलएसजी ने शुक्रवार, 29 मई को इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने पंत के कप्तानी से मुक्त होने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। आईपीएल 2025 की नीलामी में पंत लखनऊ के लिए एक शानदार खिलाड़ी साबित हुए थे, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।

लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी ने X पर एक बयान जारी किया जिसमें उन्होंने कहा कि 28 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज, जो आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपये में एलएसजी में शामिल हुए थे, ने आईपीएल 2026 में निराशाजनक 10वें स्थान के बाद फ्रेंचाइजी से कप्तानी की जिम्मेदारियों से मुक्त होने का अनुरोध किया था, और फ्रेंचाइजी ने इसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स




(एलएसजी) औपचारिक रूप से यह घोषणा करना चाहता है कि ऋषभ पंत ने फ्रेंचाइजी से कप्तानी के कर्तव्यों से मुक्त होने का अनुरोध किया है, और फ्रेंचाइजी ने उनके अनुरोध को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

एलएसजी के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने कहा कि ऋषभ ने फ्रेंचाइजी से यह अनुरोध किया था और हमने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया है। ऐसे फैसले लेना कभी आसान नहीं होता। कप्तान के रूप में ऋषभ ने इस ड्रेसिंग रूम में जो कुछ भी योगदान दिया है, उसके लिए हम उनके आभारी हैं। अब हमारा ध्यान टीम पर है- सर्वश्रेष्ठ स्तर तक पहुंचने के लिए टीम का पुनर्निर्माण और पुनर्गठन करना। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2024 के शानदार सीज़न के बाद एलएसजी ज्वाइन किया था, जिसमें उन्होंने 13 मैचों में 446 रन बनाए थे। हालांकि, एलएसजी के लिए 28 मैचों में उन्होंने 26.4 के औसत और 135.74 के स्ट्राइक रेट से 581 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने एक शतक और सिर्फ दो अर्धशतक लगाए। अब लखनऊ को नए सिरे से रणनीति बनानी होगी और एक नए कप्तान की तलाश करनी होगी। उनके पास मिचेल मार्श, एडन मार्कराम और निकोलस पूरन जैसे दावेदार मौजूद हैं, जो अपने करियर में राष्ट्रीय टीमों की कप्तानी कर चुके हैं।

## असम के सिलचर में पत्रकार राजू दास पर जानलेवा हमला, बीडीएफ ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

● पत्रकार पर हमला लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला: बीडीएफ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** सिलचर के पत्रकार राजू दास पर समाचार कार्यालय में घुसकर हुए जानलेवा हमले की घटना पर बीडीएफ ने गहरी चिंता व्यक्त की। गत 28 मई गुरुवार को 'बराक बानी' समाचार संस्था के लिंक रोड स्थित कार्यालय में घुसकर पत्रकार राजू दास पर कुछ असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला किया। साथ ही कार्यालय के कंप्यूटर समेत कई सामानों में तोड़फोड़ की गई। इस घटना पर बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) ने तीव्र चिंता व्यक्त की है।

एक प्रेस बयान में बीडीएफ के संयोजक हृषीकेश दे ने कहा कि राजू दास के बयान से यह स्पष्ट है कि हमलावर उनके पूर्व परिचित नहीं थे। इसलिए यह आशंका जताई जा रही है कि यह हमला उनके समाचार संस्थान अथवा उनकी पत्रकारिता से जुड़ा हो सकता है। हृषीकेश ने कहा कि भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अब भी संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार है। इसलिए किसी भी समाचार संस्था या पत्रकार को यह पूर्ण अधिकार है कि वे जिन विषयों को महत्वपूर्ण समझते हैं, उनके अनुसार समाचार प्रकाशित करें। यदि किसी को किसी समाचार या विचार पर आपत्ति है, तो उसे भी तर्क सहित उसका विरोध करने और अपना मत रखने का पूरा अधिकार है। इसके लिए सोशल मीडिया जैसे मंच उपलब्ध हैं। यहां तक कि जिस समाचार संस्था की रिपोर्ट से कोई असहमत है, उसे सीधे उस संस्था को भी अवगत कराया जा सकता है। निष्पक्ष समाचार माध्यम दोनों पक्षों के विचारों को समान महत्व देने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं।

लेकिन यदि ऐसा न कर किसी पत्रकार पर समाचार प्रकाशित करने के कारण जानलेवा हमला किया जाता है, तो यह केवल मीडिया ही नहीं बल्कि लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक है। इसलिए इस प्रकार की प्रवृत्तियों को रोकने के लिए बराक घाटी के प्रत्येक नागरिक को जागरूक और मुखर होना होगा। हृषीकेश ने आगे कहा कि बराक घाटी को शांति का द्वीप माना जाता है और इस प्रकार की घटनाएं इस क्षेत्र की छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं। इसलिए उन्होंने प्रशासन से तत्काल कठोर कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना में



किसी प्रभावशाली व्यक्ति या गिरोह के शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से पूछताछ कर उसके सहयोगियों को भी तुरंत कानून के दायरे में लाया जाए तथा सभी दोषियों को कठोर सजा सुनिश्चित की जाए। साथ ही मामले से जुड़ी सभी जानकारियां सार्वजनिक की जाएं।

हृषीकेश ने कहा कि जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से निभाएगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो बीडीएफ भविष्य में शहर के लोकतंत्र प्रेमी नागरिकों को साथ लेकर आंदोलन शुरू करेगा। बीडीएफ की ओर से संयोजक देवायन देव ने एक प्रेस बयान के माध्यम से यह जानकारी दी।

# असम विश्वविद्यालय और थाईलैंड के सुरिन राजभाट विश्वविद्यालय के बीच समझौता

● संयुक्त शोध व छात्र-शिक्षक विनिमय को बढ़ावा देगा नया एमओयू।

एआई और डिजिटल तकनीक सम्मेलन में असम विश्वविद्यालय की अहम भागीदारी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि संवाददाता:** सिलचर, 29 मई संयुक्त अनुसंधान, शिक्षक एवं छात्र विनिमय तथा शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असम विश्वविद्यालय ने थाईलैंड के सुरिन राजभाट विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के माध्यम से भविष्य में शैक्षणिक सहयोग के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न अकादमिक कार्यक्रमों के संचालन का मार्ग और अधिक विस्तृत होने की उम्मीद जताई गई है। यह समझौता हाल ही में थाईलैंड के सुरिन राजभाट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल प्रौद्योगिकी :




संकट प्रबंधन एवं सीमावर्ती समुदायों की सुरक्षा सुदृढ़ीकरण' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान संपन्न हुआ। सम्मेलन में विभिन्न देशों के 18 विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद, शोधकर्ता, नीति-निर्माता और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

असम विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर राजीव मोहन पंत तथा वाणिज्य प्रशासन विभाग के सहयोगी प्रोफेसर डॉ. दीपज्योति चौधरी ने सम्मेलन में हिस्सा लिया। मुख्य सत्र में प्रोफेसर पंत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल प्रौद्योगिकी की सहायता से संकट प्रबंधन एवं सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा सुदृढ़ीकरण विषय पर अपना




वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने भौगोलिक अलगाव, सीमा पार अपराध, प्रवासन संबंधी जोखिम, प्रशासनिक जटिलताओं तथा डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही भारत-बांग्लादेश सीमा, थाईलैंड-म्यांमार सीमा तथा यूरोप की सीमा प्रबंधन प्रणालियों के उदाहरण देते हुए बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पूर्वानुमान आधारित विश्लेषण एवं आधुनिक डिजिटल निगरानी व्यवस्था वर्तमान समय में संकट प्रबंधन और सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

एक अन्य तकनीकी सत्र में डॉ. दीपज्योति चौधरी ने डिजिटल युग में युद्ध और संकट प्रबंधन विषय पर अपने विचार रखे।

उन्होंने साइबर अपराध, डाटा चोरी, फर्जी सूचना प्रसार, कृत्रिम रूप से तैयार भ्रामक तस्वीरों एवं वीडियो तथा प्रौद्योगिकी आधारित वैश्विक संघर्षों के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, प्रौद्योगिकी के उपयोग में नैतिक मानकों के पालन तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया। उल्लेखनीय है कि असम विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान, शिक्षक विनिमय तथा वैश्विक शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र का लगातार विस्तार कर रहा है। दोनों विश्वविद्यालयों ने आशा व्यक्त की है कि यह सहयोग भारत और थाईलैंड के बीच शिक्षा, संस्कृति और पारस्परिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाएगा। साथ ही छात्र-शिक्षकों के अंतरराष्ट्रीय अनुभव, संयुक्त अनुसंधान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी यह समझौता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## असम के गुवाहाटी में अधिकमास निमित्त भव्य कीर्तन महोत्सव सम्पन्न

● भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा कामाख्या परिसर, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया कीर्तन महोत्सव का लाभ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गुवाहाटी (असम)** गत 28 मई अधिकमास के पावन अवसर पर गुवाहाटी स्थित कामाख्या माता मंदिर परिसर में पहली बार भव्य कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री विठ्ठलधाम प्रतिपंढरपूर, क्षेत्र आंबेघर की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह पाँच दिवसीय कीर्तन महोत्सव गत 24 मई से 28 मई 2026 तक आयोजित किया गया। इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए सुप्रसिद्ध कीर्तनकारों और भागवताचार्यो ने अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत– गत 24 मई को भागवताचार्य ह.भ.प. प्रियंकाताई भोसले (पुणे), 25 मई को ह.भ.प. ज्ञानराज महाराज शेलार (आंबेघर),

26 मई को ह.भ.प. रविंद्र महाराज लोहार



(करंडी), 27 मई को भागवताचार्य ह.भ.प. माधव महाराज रसाळ (पुणे), तथा 28 मई को काला कीर्तन ह.भ.प. प्रवीण महाराज शेलार (आंबेघर) द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस आयोजन के प्रमुख आयोजक ह.भ.प. प्रवीण महाराज शेलार रहे, जो श्री विठ्ठल वारकरी परिवार के संस्थापक एवं अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज मंडल, गुवाहाटी (असम) सहित कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने सहयोग प्रदान किया। आयोजन में श्री सुभाष बाबर, उमेश हसबे, विजय पवार, संजय शेलार, नरेश प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का भी योगदान रहा। महोत्सव के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## फिल्मों में स्टार किड से रिप्लेस हुई थीं उल्का गुप्ता, बोलीं- 'गॉडफादर न होने के नुकसान'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मुंबई।** धारावाहिक 'झांसी की रानी' में मनु (झांसी की रानी का बचपन का नाम) की भूमिका निभाने के बाद अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने फिल्मों में अपनी जगह बनाई। गत फरवरी में प्रदर्शित फिल्म द केरल स्टोरी 2 के बाद वह खूब चर्चा में रही। अब वह 29 मई को प्रदर्शित हो रही फिल्म रजनी की बारात में नायिका रजनी की भूमिका में नजर आएंगी।

**रिलीज में हुई देरी** हिंदी के साथ-साथ दक्षिण भारतीय फिल्में कर रही उल्का बताती हैं, 'रजनी की बारात मैंने फिल्म द केरल स्टोरी 2 से पहले ही की थी। इंडिपेंडेंट फिल्म होने के नाते मेरे निर्माताओं को यह तय करने में समय लगा कि फिल्म कब रिलीज की जाए। द केरल स्टोरी 2 के बाद उन्हें लगा कि इसे रिलीज करने का यह बेहतर समय रहेगा। '

**मजबूत किरदार निभाने पर उल्का का रिएक्शन**

धारावाहिक झांसी का रानी और फिल्म द



केरल स्टोरी के बाद उल्का इसमें एक बार फिर निर्भीक लड़की की भूमिका में हैं। वह कहती हैं, 'मुझे लगता है कि मेरे व्यक्तित्व में जरूर ऐसी कोई बात है कि जब भी फिल्मकार किसी निडर या निर्भीक रोल के लिए किसी अभिनेत्री को ढूंढते हैं, तो वहां मेरे नाम का उल्लेख जरूर होता है।

ये तो भगवान का आशीर्वाद है, इतनी कम उम्र में ही मुझे झांसी की रानी जैसा रोल मिला। निर्देशकों ने मुझे कई अलग-अलग तरह की भूमिकाएं दी है, लेकिन सशक्त और निर्भीक लड़कियों की भूमिका निभाने में मजा आता है। टीवी से फिल्मों में आना और ऐसी भूमिकाएं निभाना आसान नहीं है। '

**रियल लाइफ में अपनी बारात ले जाना चाहती हैं उल्का**

वहीं अपनी बारात की कल्पनाओं के बारे में उल्का कहती हैं, 'अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं भी रजनी की तरह अपनी बारात लेकर जाना चाहूंगी। मैं डांसर हूं, मेरी बारात में सभी लोग डांसर ही मिलेंगे। मतलब दूल्हे की तरफ वाले लोगों पर भी डांस में भारी पड़ेंगे। बाकी मैं अपनी बारात घोड़े या घोड़ी पर नहीं लेकर जाना चाहूंगी। मुझे जानवरों को परेशान करना अच्छा नहीं लगता है।

### गांजा तस्करी में प्रयुक्त टाटा पंच कार फ्रीज, कीमत 4.75 लाख

**भदोही।** संगठित अपराध एवं नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भदोही पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी से अर्जित धन से खरीदी गई टाटा पंच कार को फ्रीज कर दिया। फ्रीज किए गए वाहन की अनुमानित कीमत 4 लाख 75 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में की गई कार्रवाई में थाना गोपीगंज पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत यह कार्यवाही की। पुलिस के अनुसार 30 मार्च 2026 को चेकिंग के दौरान टाटा पंच कार से 121 किलो 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था। मामले में महबूबपुर कुकरौठी निवासी समरजीत यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई कार को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ(2) के तहत सक्षम प्राधिकारी के आदेश पर राज्य सरकार के पक्ष में फ्रीज किया गया है।

## दिल्ली पुलिस मुख्यालय में पिपिंग समारोह आयोजित, सेवानिवृत्त हो रहे 221 कर्मियों को मानद पदोन्नति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय स्थित आदर्श ऑडिटोरियम में शुक्रवार को एक भव्य पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त हो रहे दिल्ली पुलिस के 221 कर्मियों को मानद पदोन्नति योजना के तहत उच्चतर मानद रैंक प्रदान की गई। दिसंबर 2025 में इस योजना की शुरुआत के बाद यह छठा समारोह था। समारोह की अध्यक्षता दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को कांस्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर तक की श्रेणी में अगले उच्च मानद पद प्रदान किए गए।अपने संबोधन में पुलिस आयुक्त ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि छह माह पहले शुरू की गई यह पहल अब दिल्ली पुलिस की एक सार्थक परंपरा बन चुकी है। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विशेष पुलिस आयुक्त (एचआरडी) श्री रॉबिन हिबू और



उनकी टीम की सराहना की।पुलिस आयुक्त ने कहा कि सम्मानित किए जा रहे कर्मियों ने 35 से 40 वर्षों तक संस्था, शहर और देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है, जो व्यक्ति में जिम्मेदारी और समर्पण की भावना विकसित करता है।उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों से आग्रह किया कि वे सेवा निवृत्ति के बाद भी पुलिस बल की गरिमा और मूल्यों को बनाए रखें तथा अपने अनुभव और ज्ञान से समाज का मार्गदर्शन करते रहें। उन्होंने पुलिसकर्मियों के परिवारों के त्याग और सहयोग की भी सराहना की।पुलिस आयुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस परिवार अपने सेवानिवृत्त साथियों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। उन्होंने सभी कर्मियों को स्वस्थ, सुखद और सम्मानजनक सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। मानद पदोन्नति प्राप्त करने वालों में 11 हेड कांस्टेबलों को सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई), 30 एएसआई को सब-इंस्पेक्टर तथा 180 सब-इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर के मानद पद प्रदान किए गए।समारोह में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों और उनके परिजन भी उपस्थित रहे। इस अवसर ने सभी के लिए एक सम्मानजनक और यादगार पल का रूप ले लिया।